फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, मंगलवार
11 मार्च 2025
वर्ष-26, अंक- 40, पृष्ठ-12



पेज 10

रांची का तापमान

| कांके | रांची |
|---|---|
| अधिक. 31.0° | अधिक. 32.8° |
| न्यून. 15.5° | न्यून. 16.6° |

₹80600 10 ग्राम

₹102000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 74,115.17 | 87.360 |
| -217.41 | +0.262 |

माह-ए-रमजान

| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 5:58 | 4:43 |
| 11 मार्च | 12 मार्च |

# स्कूली शिक्षा विभाग के 6.63 करोड़ की अनुदान मांग मंजूर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के छह करोड़ 63 लाख 89 हजार रुपए की अनुदान मांग को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई। इस दौरान विपक्ष सदन में अनुपस्थित था। इसलिए विपक्ष की ओर से अनुदान मांग पर लाया गया कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हो गया। विपक्ष की ओर से भाजपा की विधायक डॉ नीरा यादव ने कटौती का प्रस्ताव लाया था, लेकिन सरकार के उत्तर के पूर्व ही विपक्ष ने सदन से वॉक आउट कर दिया। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने विभाग के अनुदान मांग पर हुए वाद-विवाद पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों को 50 घंटे की अनिवार्य ट्रेनिंग देगी।

इससे सभी शिक्षक नई तकनीक सीखेंगे। इससे वे शिक्षा में हो रहे बदलाव को सीख सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के बच्चों को बैंकिंग, रेलवे और विदेशों में पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए होने वाली संबंधित इंट्रेंस परीक्षा की तैयारी कराएगी। मंत्री रामदास सोरेन ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों से बालिकाओं के ड्रॉप आउट के मामले में कहा कि विभाग इस स्कूल में कमजोर बैकग्राउंड वाली बालिकाओं को नामांकन में प्राथमिकता देती है। उन्होंने ड्रॉप आउट की बात को सही ठहराया। मंत्री ने कहा कि सरकार ऐसी तैयारी कर रही है, जिसके तहत झारखंड में जन्म लेनेवाले बच्चों को यहीं रोजगार देंगे। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य के आदिवासी और मूलवासियों को शिक्षा से वंचित किया। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में शिक्षा की दुर्दशा के लिए विपक्ष जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की राज्य में नियुक्ति नहीं होने, स्कूलों को बंद करने और बच्चों की स्कूलों में कम उपस्थिति के लिए भी विपक्ष की पूर्ववर्ती सरकार दोषी है।

## मंत्री रामदास सोरेन ने कहा, शिक्षकों को देंगे 50 घंटे की अनिवार्य ट्रेनिंग



विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेते स्पीकर रबींद्र नाथ महतो व सीएम सोरेन

### खोले गए 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस

स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि शिक्षकों से पूर्ववर्ती सरकार ने दारू बेचवाया। इसपर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने आपत्ति प्रकट की और स्पीकर से कार्यवाही में से स्पंज करने का आग्रह किया। मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकार में राज्य भर में 7500 स्कूलों को बंद करा दिया गया। उन्होंने राज्य सरकार की ओर से खोले गए 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की सराहना करते हुए कहा कि इन स्कूलों में सीबीएसई की तर्ज पर पढ़ाई हो रही है, जहां गरीबों बच्चे क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त कर सफलता हासिल करेंगे।

## एक नजर

### जेल से रिम्स भेजे गए पूर्व उपायुक्त छवि रंजन

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त (डीसी) छवि रंजन की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गई। उनके सीने में दर्द उठा, तो जेल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की। इसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, पूर्व डीसी का इलाज रिम्स के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ हेमंत नारायण की देखरेख में चल रहा है।



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जाएंगे मॉरीशस

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को मॉरीशस जाएंगे। वे 12 मार्च को मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप भाग लेंगे। इस अवसर पर भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेगी। मौके पर भारतीय नौसेना का एक जहाज मॉरीशस में मौजूद होगा। इसके अलावा, भारतीय वायु सेना की आकाश गंगा स्काइडाइविंग टीम भी समारोहों में भाग लेगी। प्रधानमंत्री 11 मार्च की सुबह पहले पोर्ट लुई में पहुंचेंगे।

## सीएम की एयर एंबुलेंस सेवा असहाय मरीजों के लिए बनी वरदान

# राहत : अबतक 94 लोगों को मिल चुका है लाभ

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का राज्य के लोगों के जीवन सुरक्षा का सकारात्मक प्रयास रंग लाने लगा है। एयर एंबुलेंस सेवा आपात स्थिति में गंभीर बीमारियों से जूझ रहे असहाय मरीजों को बेहतरीन चिकित्सीय सेवा उपलब्ध कराने में वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के इस प्रयास से अबतक 94 मरीजों को झारखंड से ससमय एयरलिफ्ट कराकर दूसरे राज्यों के प्रमुख अस्पतालों में शिफ्ट कराया गया है। सिर्फ रांची से 78 मरीज इस सेवा का लाभ ले चुके हैं। अन्य जिलों के 11 मरीजों को एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ मिला है।

एयर एंबुलेंस के जरिए त्वरित और सहजभाव से मरीजों को दूसरे राज्यों में इलाज का लाभ मिल रहा है। तभी तो आम लोगों के साथ-साथ गण्यमान्य लोगों को भी एयर एंबुलेंस की सेवा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल झारखंड पुलिस बल के कई जवानों को भी ससमय उच्चतर चिकित्सीय सेवा के लिए एयर एंबुलेंस से एयरलिफ्ट कराकर उच्चस्तरीय मेडिकल सेंटर में शिफ्ट कराया जा चुका है। राज्य के आम और खास हर वर्ग के मरीजों के परिजन नागर विमान विभाग द्वारा संचालित +918210594073 मोबाइल नंबर पर फोन कर एयर एंबुलेंस की सेवा संबंधी जानकारियां 24 घंटे किसी भी समय ले सकते हैं।

**एयर एंबुलेंस सेवा : इस नंबर पर करें बुक**
**मोबाइल नंबर : +91 8210594073**




**फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध :** इस समय नागर विमान प्रभाग द्वारा एयर एंबुलेंस सेवा के लिए फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध है। इसके माध्यम से एक मरीज तथा दो परिजनों को एक साथ एयर एंबुलेंस से अन्य राज्य में चिकित्सा के लिए ले जाया जा सकता है।

### क्या है एयर एंबुलेंस

एयर एंबुलेंस विशेष रूप से मेडिकल उपकरणों से सुसज्जित विमान होता है। यह फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट हो सकता है या हेलीकॉप्टर भी हो सकता है। इसका प्रयोग मरीजों को तुरंत चिकित्सा देखभाल के लिए ले जाने में किया जाता है। एयर एंबुलेंस चिकित्सा कर्मियों और उन्नत उपकरणों से लैस होता है। यह बाधाओं को दूर कर उन जगहों तक पहुंचता है, जहां जमीनी एंबुलेंस का पहुंचना मुश्किल होता है। यह मरीजों को लंबी दूरी तक ले जाने में काफी लाभदायक होता है।



### निर्धारित रूट और दर

| रूट | दर |
|---|---|
| रांची-दिल्ली | 3.3 लाख |
| रांची-मुंबई | 4.4 लाख |
| रांची-चेन्नई | 3.85 लाख |
| रांची-कोलकाता | 1.10 लाख |
| रांची-हैदराबाद | 3.02 लाख |
| रांची-वाराणसी | 1.37 लाख |
| रांची-लखनऊ | 2.20 लाख |
| रांची-तिरुपति | 3.85 लाख |

**आम** और खास सभी लोगों ने लिया सेवा का फायदा

**हर** वर्ग को एयरलिफ्ट का लाभ, मोबाइल से करें बुक

## गढ़वा में रंका के गोदरमाना बाजार में भीषण हादसा



# पटाखे की दुकान में लगी आग, दो बच्चों, 1 महिला समेत 5 की मौत

- हादसे में पटाखा व्यवसायी की भी चली गई जान
- सीएम ने जिला प्रशासन को दिया जांच का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना बाजार में ग्रामीण बैंक के सामने सोमवार को दिन में लगभग 11.30 बजे एक पटाखे की दुकान में भीषण आग लग गई। इस हादसे में दो बच्चों और एक महिला सहित पांच लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। मृतकों के नाम पटाखा व्यवसायी कुश कुमार गुप्ता, भंडरिया थाना क्षेत्र के मर्दा ग्राम निवासी ग्राहक अजीत कुमार केसरी, रंका थाना क्षेत्र के बुढ़ापलास ग्राम निवासी दुकान में काम करने वाली सुशीला करकेटा तथा पड़ोस के नमन केसरी (9) और भोला केशरी (8) बताए जाते हैं। दोनों मृत बच्चे छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज के निजी स्कूलों में पढ़ाई करते थे।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, रंका के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय, एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, पुलिस निरीक्षक सुभाष पासवान, थाना प्रभारी अनिमेष शांति कारी, एसआई सुहागिनी सोरेन एवं सीओ शिवपूजन तिवारी मौके पर पहुंचे। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिया जाएगा। उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर जांच के लिए पहुंचे हैं। शेष पेज 11 पर



### ग्रॉसरी की दुकान में पटाखे बेचे जा रहे थे : एसपी

गढ़वा एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि पांचों की पटाखे में आग लगने के कारण दम घुटने से मौत हुई है। ग्रॉसरी की दुकान में पटाखे बेचे जा रहे थे। पटाखे खरीदने के लिए बच्चे वहां पहुंचे थे। अचानक पटाखे में आग लगने के बाद बच्चे और लोग दुकान का शटर बंद कर अंदर छुप गए थे। आग जब लगी तो धुंआ दुकान के अंदर घुसा और दम घुटने से सारे लोग बेहोश हो गए। काफी देर बाद आसपास के लोगों को दुकान के अंदर बच्चे और लोगों के रहने की जानकारी हुई, तो उन्होंने दीवार काटकर सभी को बाहर निकाला।

### शोक संवेदना



गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने की घटना हृदयविदारक है। इसमें कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।
**- संतोष कुमार गंगवार, राज्यपाल, झारखंड (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**



गढ़वा जिले के रंका प्रखंड में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मृत्यु की दु:खद खबर मिली है। मरांग बुरु (सर्वोच्च देवता) दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। जिला प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है।
**- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**



गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों के मृत्यु की दुखद सूचना प्राप्त हुई। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें। जिला प्रशासन पीड़ित परिजनों को मुआवजा उपलब्ध कराए एवं पटाखा दुकानों को खुले स्थानों पर सभी मानकों के अनुरूप संचालित करने का दिशानिर्देश जारी करे।
**- बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा (सोशल मीडिया 'एक्स' पर)।**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

# छिन्नमस्तिका मंदिर में श्रद्धालुओं पर सिपाहियों ने चलाई लाठी, अफरातफरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रसिद्ध शक्तिपीठ रजरप्पा मंदिर में सोमवार को श्रद्धालुओं पर सिपाहियों ने लाठी चटकाई। इससे मुंडन मुहूर्त और एकादशी को लेकर उमड़ी भारी भीड़ के दौरान अफरातफरी मच गई। कतार में लगे श्रद्धालुओं पर लाठी बरसाती पुलिस का वीडियो भी वायरल हुआ है। इधर, श्रद्धालुओं पर लाठी चटकाने वाले दोनों सिपाही लाइन हाजिर कर दिए गए हैं। इस मामले की पुष्टि एसपी अजय कुमार ने की है। सोमवार की शाम एसपी अजय कुमार ने बताया कि एकादशी को लेकर रजरप्पा में भीड़ काफी ज्यादा हो गई थी। मुंडन का भी मुहूर्त था, जिसकी वजह से कई किलोमीटर लंबी कतार है लगी हुई थी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूरे दिन पुलिस के पदाधिकारी और जवान वहां मुस्तैद थे। लेकिन, इसी बीच एक वीडियो आया कि श्रद्धालुओं पर दो सिपाहियों के द्वारा लाठी चलाई गई। जांच के दौरान पता चला कि दोनों जैप के जवान थे और उन्हें मंदिर परिसर में ड्यूटी पर तैनात किया गया था। उनके इस अनैतिक व्यवहार को लेकर उन्हें लाइन क्लोज कर दिया गया है। ज्ञात हो कि मां छिन्नमस्तिका का यह मंदिर 51 शक्तिपीठों में शामिल है शेष पेज 11 पर



- लाइन हाजिर किए गए लाठी चटकाने वाले दोनों सिपाही

### राहुल गांधी ने हाईकोर्ट से वापस ली याचिका

**रांची।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली। मानहानि मामले में चाईबासा स्थित एमपी-एमएलए की विशेष अदालत की ओर से राहुल गांधी को सशरीर उपस्थित से छूट नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में हुई। मामले में अदालत ने राहुल गांधी के आग्रह को देखते हुए याचिका वापस लेने की अनुमति प्रदान की। कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को अंतरिम राहत के तहत चाईबासा की निचली अदालत में उनके खिलाफ चल रही कार्यवाही पर लगी रोक को समाप्त कर दी।

**इंडिया**

# आतंकवादियों की तरह साइबर लुटेरों को समूल नष्ट किया जाए



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

पांचवीं से विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दौड़ में लगे भारत को विदेशी और पड़ोसी शत्रुओं से भी अधिक आंतरिक आर्थिक शत्रुओं से खतरा है जो इसकी जड़ें खोखली करने में लगे हैं और इनसे निबटने के लिए माओवादी उग्रवादियों के सफाए की तरह बहुत बड़े अभियान की अवश्यकता अब महसूस की जा रही है । भारत की अधपढ़ी,अंग्रेजी के अलावा बैंकिंग कारोबार की बारीकियों से अनजान सबसे बड़ी आबादी अचानक से स्मार्टफोन से कारोबार की सुगमता या कोविड के समय सबसे आसान विकल्प होने के कारण जहां विश्व की सबसे बड़ी ऑनलाइन लेन-देन का रिकॉर्ड बनाने लगी वहीं धीरे-धीरे यह आसान रास्ते से पैसा कमाने की साइबर ठगी का स्वर्ग बन गया इसके पीछे बैंकों से ऋण दिलाने या प्रखंडों में मंडराते बिचौलियों की फौज थी इनमें पहले कतरी सराय गया के नाम पर पोस्ट बॉक्स नंबर पर ऑर्डर मंगा कर ठगी करने वाले लोग भी थे ।इनके लिए बाद में झारखंड बंगाल की सीमा से लगे जामताड़ा के सुनसान इलाके स्वर्ग बन गए जिन्हें आरंभिक दौर में हल्के से लिया गया और आज स्थिति यह है कि मोबाइल पर किसी को कॉल करने पर पहले साइबर फ्रॉड से बचने की अपील कि जा रही है जो कोरोना काल की याद दिला रहा है । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए खच्चर एकाउंट यानी आपराधिक लेन देन के लिए प्रयुक्त एकाउंट्स की पहचान और उन्हें ऑपरेट होने से पहले ही बंद करने के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग किया जाएगा । गृह मंत्री अमित शाह ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रधानमंत्री मोदी की ओर से दिए गए 'रुकें, सोचें और फिर कार्रवाई करें' के मंत्र पर जोर दिया। गृह मंत्री ने गत वर्ष घोषणा की थी कि 500 साइबर कमांडों प्रशिक्षित किए जाएंगे और वेब आधारित डेटा रजिस्टर की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी । स्थिति यह है कि झारखंड की राजधानी रांची में वर्ष 2025 के जनवरी महीने में अब तक



की सबसे बड़ी साइबर ठगी में एक रिटायर्ड अधिकारी से 2 करोड़ 27 लाख रुपये की ठगी की गई । डिजिटल अरेस्ट करके 10 दिन में रिटायर्ड अधिकारी से इतनी बड़ी रकम की ठगी की गई है। हालांकि इसके साथ-साथ और चार साइबर ठगी के मामले में 50 लाख से ज्यादा की ठगी की गई है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि सीआईडी के साइबर थाने में 10 लाख से अधिक की ठगी के मामले दर्ज किए जाते हैं। देश में साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह काफी सक्रिय हैं। ये भोले-भाले आम लोगों को तो अपना शिकार बनाते ही हैं, साथ ही काफी पढ़े लिखे नागरिकों को भी अपनी जाल में फंसा लेते हैं। नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल ने 1 जनवरी से 4 मार्च 2025 के बीच के साइबर ठगी के आंकड़े जारी किए हैं। जिनमें देश के 74 जिलों को साइबर ठगी का हॉटस्पॉट बताया गया है। एनसीआरपी की रिपोर्ट के अनुसार, देशभर में हो रही साइबर ठगी की ज्यादातर कॉल इन्हीं 74 जिलों से की जा रही हैं। इन 74 जिलों में बिहार के 10 जिले शामिल हैं, जहां साइबर अपराधियों ने अपने ठिकाने बना लिए हैं।

शीर्ष जिलों में बिहार का नालंदा पांचवें स्थान पर है। एनसीआरपी आंकड़ों के अनुसार, नालंदा जिले में 2,087 मोबाइल नंबर सक्रिय हैं, जिनका इस्तेमाल ठगी के लिए किया जा रहा है। इसके अलावा छठे स्थान पर बिहार का नवादा जिला है, जहां 2,052 मोबाइल नंबर साइबर ठगी में उपयोग किए जा रहे हैं। कभी फिल्मों तक में चर्चित झारखंड का जामताड़ा अब साइबर शातिरों का गढ़ नहीं रहा। पुलिस अधिकारियों और साइबर एक्सपर्ट की मानें तो जामताड़ा में लगातार कार्रवाई के बाद ठगों ने अपना ठिकाना बदला है। जामताड़ा 74 जिलों में 14 वें नंबर है। झारखंड का देवघर टॉप पांच जिलों में तीसरे नंबर पर है। इसके अलावा झारखंड के दुमका, धनबाद, गिरिडिह, रांची और हजारीबाग को साइबर ठगों ने अपना ठिकाना बनाया है। इस पर रोक तब तक नहीं लग सकती जब तक डेटा लीक होने के सभी रस्तों को बंद न किया जाए जिसमें बैंकों,ऋण दिलाने वाले एजेन्टों और विकास योजनाओं के नाम पर जमा आधार कार्ड,बैंक के खातों का विवरण जैसे स्तनों से डेटा की चोरी न रोकी जाए और हेल्पलाइन नंबर 1930 को प्रभावी न किया जाए जो फोन करने पर वेबसाइट का पता बताता है ।हेल्पलाइन नंबर के प्रभावी होने पर कम पढे लिखे लोगों के अलावा वे लोग भी जो तकनीकी ज्ञान नहीं रखते सभी से उन संदिग्ध नबरों की जानकारी मिल पाएगी जो अभी किसी भी माध्यम से रिपोर्ट नहीं हो पा रही है जिससे इन्हें जल्दी ब्लॉक किया जा सकेगा । इनकी गंगोत्री को समाप्त करने के अलावा कठोरतम दंड की भी व्यवस्था हो जो कितनों का घर उजाड़ रहे हैं ।

# बोकारो में फंदे से लटकता मिला महिला डॉक्टर का शव

- सुसाइड नोट बरामद मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर की निवासी थीं

**नवीन मेल डेस्क**

बोकारो। बोकारो स्थित स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के जनरल हॉस्पिटल में कार्यरत महिला डॉक्टर डॉ आर्या झा का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटकता हुआ पाया गया। उनके कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट के आधार पर इसे प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। पुलिस मामले में हर पहलू की जांच कर रही है। 29 वर्षीया डॉ आर्या झा मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले के गुरुवारा गांव की रहने वाली थीं। वह हॉस्पिटल से जुड़े डीएनबी गर्ल्स हॉस्टल में रहती थीं। मिली जानकारी के अनुसार, डॉ आर्या के साथ रहने वाली डॉक्टर जब रविवार की देर रात हॉस्पिटल की ड्यूटी से लौटीं, तो उन्हें फंदे पर लटकता देखकर शोर मचाया। तत्काल हॉस्पिटल के वरीय अधिकारी और पुलिस के अफसर मौके पर पहुंचे। इसके बाद शव को फंदे से उतारा गया। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की जांच की है और मौके से जरूरी सैंपल लिए हैं।



बोकारो के सेक्टर-4 थाने के इंस्पेक्टर संजय कुमार के मुताबिक, डॉक्टर के कमरे से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उन्होंने अपने माता-पिता को संबोधित करते हुए लिखा, 'सॉरी मम्मी-पापा, आई कैन नॉट वर्क, मुझे मेरे मनमाफिक डिपार्टमेंट नहीं मिला। शेष पेज 11 पर

## राज्य में कानून और व्यवस्था पर विपक्ष ने सदन में किया हंगामा

# राज्य की ज्वलंत समस्या है कानून व्यवस्था : मरांडी

- *सदन की कार्यवाही बारह बजे तक रही स्थगित*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सदन शुरू होते ही राज्य में लगातार हो रही हत्याओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था राज्य की ज्वलंत समस्या है। हेमंत सोरेन के राज्य में हेमंत से ज्यादा अपराधियों की हिम्मत बढ़ी है। इस मामले को संसदीय कार्य मंत्री ने संज्ञान में लिया। इस बीच कानूनी व्यवस्था को लेकर एनडीए ने हंगामा जारी रहा। हंगामा को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने 12 बजे तक के लिए कार्यवाही बिना प्रश्नकाल के ही स्थगित कर दी।

वहीं विधायक सीपी सिंह ने भी सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत राज्य में कोई भी सुरक्षित नहीं। राज्य में बढ़ रही हत्या की घटना पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य के पुलिस महानिदेशक कहते है कि जेल से प्लानिंग हो रही हैऔर हत्या के वारदात हो रहे हैं,जब डीजीपी को सारी चीजें पता है तो कारवाई क्यों नहीं करते।

## डबल इंजन की सरकार ने राज्य सरकार का अंगूठा काटा, बोली कल्पना

# भाजपा के शासन में 20 प्रतिशत सरकारी स्कूल बंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** बजट सत्र 2025-26 के सोमवार के सत्र के दौरान सदन में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए बाबूलाल मरांडी ने सत्ता पक्ष को घेरने की कोशिश की। इसके बाद एनडीए के सभी विधायकों ने सदन में नारे लगाने लगे। भारी हो हंगामे के बीच विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कारवाई स्थगित कर दी।

12 बजे कारवाई शुरू हुई इस दौरान शून्य काल में विस्थापित रैयतों के नियोजन नीति, सड़कों के हालात, सर्वे के दौरान भूमि माप की त्रुटि दूर करने, सरना, मसना, हड़गड़ी,कब्रिस्तान की घेरा बंदी, जाति, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने, आंदोलनकारियों के पेंशन, बैंक के ब्रांच बढ़ाने की मांग, विधान सभा में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने की मांग, गृह रक्षकों को 365 दिन ड्यूटी देने देन की मांग की सूचनाएं सदस्यों द्वारा पढ़ी गई।

वहीं द्वितीय पाली में ड्रॉप आउट रेट बढ़ने स्कूलों में पानी, बेंच डेस्क, सैनिटरी की व्यवस्था, सुदृढ़ पुस्तकालय, प्रयोगशाला की व्यवस्था, शिक्षक प्रोफेसर सैकड़ों पद रिक्त भरने आदि चर्चा हुई। इस दौरान कल्पना मुर्मू सोरेन ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने राज्य सरकार का अंगूठा काटा है। भाजपा के शासन में 20 प्रतिशत सरकारी स्कूल बंद हुए हैं। यह भी कहा कि रसोईया दीदी की सममस्याओं का समाधान अबुआ सरकार करेगी। श्रीमति सोरेन ने कहा कि भाजपा के शासन काल में सरकारी स्कूल बंद हो रहे थे वहीं अबुआ सरकार में गरीब के बच्चे भी सरकारी स्कूल में सीबीएसई के पाठ्यक्रम पढ़ रहे हैं।

## एनआईए ने नक्सली राजेश की मांगी रिमांड, अदालत ने किया खारिज

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के सक्रिय कैडर जेल में बंद पश्चिमी सिंहभूम निवासी राजेश देवगम से एनआईए टीम संबंधित मामलों में पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ नहीं कर सकेगी। एनआईए कोर्ट ने सात दिनों की पुलिस रिमांड की याचिका सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि मामले में उसके न्यायिक हिरासत के लगभग 60 दिनों की अवधि बीत जाने के बाद 5 मार्च को अदालत के समक्ष पुलिस रिमांड का आवेदन दिया गया, जो सीआरपीसी की धारा 167 और यूए(पी) अधिनियम 1967 की धारा 43डी(2) के अंतर्गत नहीं आता है। इसलिए याचिका स्वीकार करने योग्य नहीं है।

बता दें कि एनआईए ने टोंटो पीएस के एक कांड संख्या को टेक ओवर करते हुए एनआईए कांड संख्या 02/2024 दर्ज की है। आरोपी 6 जनवरी से एनआईए मामले में न्यायिक हिरासत में है। राजेश देवगम के खुलासे और निशानदेही पर हथियार, गोला-बारूद और आईईडी बरामद किए। निशानदेही पर 20 लीटर के नीले रंग के प्लास्टिक कंटेनर की बरामदगी की गई थी। जिसमें 10.50 लाख रुपए नकदी, वॉकी-टॉकी, टैबलेट, पावर बैंक, रेडियो बैटरी, लेवी संग्रह रसीद, पुल थ्रू, जिलेटिन की छड़ें, नेक बैंड, टाइटन ग्लास और अन्य चीजें मिट्टी में दबी हुई थी।



*नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को अपने विधानसभा स्थित कक्ष में पूजा पाठ कर विधिवत प्रवेश किया।*

## जमशेदपुर को औद्योगिक नगर समिति घोषित करने का मामला विस में उठा

# अधिसूचना संविधान और नगरपालिका अधिनियम के प्रतिकूल : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**



- *इसका अध्यक्ष स्थानीय मंत्री अथवा प्रभारी मंत्री को बना दिया गया, जो नगरपालिका अधिनियम के विरूद्ध है*
- *विस अध्यक्ष के कहने पर सुदिव्य कुमार और सरयू राय ने आपस में की चर्चा*
- *मंत्री से सरयू ने कहा: अधिसूचना फिर से मंत्रिपरिषद में लाएं और संशोधित करवाएं*
- *सरयू राय ने औद्योगिक नगर समिति की वैधानिकता पर भी सवाल उठाया*
- *सरकार नहीं मानेगी तो सरयू जन-जागरण करेंगे, लोगों को इसके बारे में बताएंगे*

**रांची/जमशेदपुर।** विधानसभा में सोमवार को जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी घोषित करने के मामले में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय का ध्यानाकर्षण प्रस्ताव था। श्री राय ने स्पष्ट कहा कि सरकार ने जो इसके लिए अधिसूचना जारी की है, वह संविधान के प्रावधान के प्रतिकूल है। इतना ही नहीं, यह झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के भी विरूद्ध है और टाटा लीज समझौता के भी विरूद्ध है।

श्री राय के सवाल का जवाब देने सरकार की ओर से नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार उठे वह श्री राय के सवालों का सही उत्तर नहीं दे सके। सदन में करीब 18 मिनट तक बहस हुई। श्री राय ने सभाध्यक्ष से स्पष्ट कहा कि जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति की घोषणा सरकार ने जमशेदपुर में निगम बनाने के बदले में किया है। यानी संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से स्थानीय स्वशासन स्थापित करने के लिए हुआ है, परन्तु सरकार ने इसके बदले में एक ऐसी समिति बना दी है, जिसमें टाटा स्टील के 14 पदाधिकारी हैं, सरकार के 6 पदाधिकारी हैं, विधायक और सांसद हैं तथा 5 सदस्य मनोनीत है। ऐसा करना संविधान और नियम के विरूद्ध है, क्योंकि संविधान के अनुसार इसमें जनता का प्रतिनिधि भी होना चाहिए। सरयू राय ने विधानसभा में कहा कि इसका अध्यक्ष स्थानीय मंत्री अथवा प्रभारी मंत्री को बना दिया गया है, जो नगरपालिका अधिनियम के विरूद्ध है। नगरपालिका अधिनियम की धारा 481(3) के हिसाब से इसका अध्यक्ष उपायुक्त को होना है। साथ ही, जितनी नागरिक सुविधाएं इस समिति के अनुसार जनता को मिलेंगी, उससे कई गुणा अधिक सुविधाएं देने का प्रावधान टाटा स्टील औंर सरकार के बीच हुए टाटा लीज समझौता की अधिसूचना के द्वारा दिया गया है। यानी सरकार द्वारा घोषित जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति संविधान के अधिनियम एवं नियम के विरूद्ध है।

जब श्री राय के सवालों का जवाब देते हुए नगर विकास मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश और संविधान के प्रावधानों का उल्लेख किया तो श्री राय ने उन्हें अप्रासंगिक और भ्रामक बताया। फिर भी मंत्री विधान सभा में अपनी बात पर अड़े रहे। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने नियमन दिया कि श्री राय नगर विकास विभाग के मंत्री से अलग से इस पर वार्ता करें। तदुपरांत श्री राय उनसे मिले और सारी बातों और तथ्यों को उनके समक्ष रखा। सरयू राय ने दावा किया कि उनके द्वारा ध्यानाकर्षण में उठाए गए तथ्यों का कोई जवाब सरकार के पास नहीं है। अलबत्ता मंत्री ने यह आश्वासन जरूर दिया कि चूंकि अधिसूचना मंत्रिपरिषद से निर्गत हुई है, इसलिए इसको मंत्रिपरिषद में ले जाना पड़ेगा। श्री राय ने उनसे कहा कि आप इसके बारे में मुख्यमंत्री से बात करें और इसे मंत्रिपरिषद में ले जाकर संशोधित कराएं। अन्यथा इस तरह की व्यवस्था जमशेदपुर की जनता के हितों के प्रतिकूल होगी। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि इसके लिए एक एसओपी बनेगी। इस पर श्री राय ने उनसे कहा कि एसओपी से काम थोड़े ही चलेगा।

इस समिति के प्रावधान में आमूलचूल परिवर्तन होना चाहिए नहीं तो यह लगेगा कि झारखण्ड सरकार जनता के हितों के प्रति संवेदनशील नहीं है। सरयू राय ने औद्योगिक नगर समिति की वैधानिकता पर भी सवाल उठाया और कहा कि इसके क्रियान्वयन में बहुत सारी कठिनाईयां सामने आयेंगी। यदि सरकार उनके सुझावों को मानकर औद्योगिक नगर समिति की अधिसूचना में संशोधन नहीं करती है तो वह इसके लिए जनजागरण अभियान चलाएंगे और लोगों को बताएंगे कि इससे कौन-कौन सी कठिनाईंयों सामने आने वाली हैं और आम जनता का हित किस प्रकार प्रभावित होने वाला है। सरयू राय ने आरोप लगाया कि सरकार ने विधानसभा में गलत उत्तर देकर सदन को गुमराह किया है।

# सेना भर्ती रैली के लिए प्रशासन मुस्तैद | खेलगांव में होगी भर्ती प्रक्रिया

- *भर्ती स्थल पर सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश*
- *डोप टेस्ट और सुरक्षा पर रहेगा विशेष ध्यान*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची में आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री ने इस संबंध में सेना एवं पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (नगर) राजकुमार मेहता, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, उप समाहर्ता नजारत सुदेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार एवं कर्नल विकास भोला उपस्थित थे।

सेना भर्ती रैली खेलगांव में आयोजित की जाएगी, जहां फिजिकल टेस्ट, मेडिकल परीक्षण और दस्तावेजों की जांच की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से भर्ती स्थल पर पेयजल, शौचालय, बिजली, चिकित्सा सुविधा, परिवहन, पार्किंग, टेंट और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रैली स्थल पर उम्मीदवारों की एंट्री सुबह 3-4 बजे से शुरू होगी। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को इस समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए तैयारियां पूरी करने को कहा है।

भर्ती प्रक्रिया के दौरान उम्मीदवारों के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाली दवाइयों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए डोप टेस्ट किया जाएगा। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को इस बारे में युवाओं और मेडिकल स्टोर्स को आगाह करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, रैली स्थल और आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया एजेंसियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। भर्ती के नाम पर किसी भी प्रकार की ठगी या प्रलोभन देने वालों पर प्रशासन की कड़ी निगरानी रहेगी।

## सीयूजे में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

# महिलाओं के नेतृत्व से ही देश का संपूर्ण विकास होगा : प्रो. क्षिति भूषण दास

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण और समानता के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास उपस्थित रहे, जबकि डॉ. बिधु भूषण मिश्रा (परीक्षा नियंत्रक) और प्रो. विमल किशोर (शिक्षा विभागाध्यक्ष) विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का समन्वय महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की अध्यक्ष एवं शिक्षा विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शशि सिंह ने किया, जबकि इसका संचालन डॉ. जया शाही (सहायक प्रोफेसर, डीपीए) ने किया। मौके पर कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल एक दिन की चर्चा का विषय नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे प्रतिदिन प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व में विकास की बात पर जोर दिया और भेदभाव समाप्त करने के लिए शिक्षा को एक प्रभावी साधन बताया। प्रो. विमल किशोर ने समाज में व्याप्त मानसिकता और व्यवस्थागत बदलाव की जरूरत पर बल दिया ताकि हाशिए पर मौजूद समुदायों को मुख्यधारा में लाया जा सके। डॉ. बिधु भूषण मिश्रा ने विश्वविद्यालय में महिला भागीदारी के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि वर्तमान में सीयूजे के 20% संकाय सदस्य और 46.65% छात्राएं महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि सशक्तिकरण का वास्तविक अर्थ महिलाओं द्वारा स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की क्षमता प्राप्त करने में है।

## उग्रवादियों को विदेशी हथियार आपूर्ति मामला

# मंटू शर्मा को 15 साल का सजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची स्थित एनआईए कोर्ट ने सोमवार को हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के सिलोधर जंगल में माओवादियों को आपूर्ति करने से पूर्व जब्त विदेशी हथियारों से जुड़े मामले में अभियुक्त मंटू शर्मा उर्फ संजय सिंह उर्फ संजय शर्मा को दोषी करार कर 15 साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अभियुक्त बिहार के औरंगाबाद जिला गांव निवासी है। अदालत ने सजा के साथ उस पर 41 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि जमा नहीं करने पर उसे 7 साल की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अदालत ने अभियुक्त को भादवि, आर्म्स एक्ट, यूएपी, सीएलए की अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई है। इसी मामले में पिछले दिनों दो अभियुक्तों अनिल कुमार यादव व प्रफुल्ल मालाकार को सजा सुना चुकी है।

**मामला क्या :** विदेशी हथियार बरामदगी मामले में सबसे पहले हजारीबाग के चौपारण थाना में 29 अगस्त 2012 को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद एनआईए ने टेक ओवर किया। सिलोधर जंगल से मेड इन यूएसए की एम 16 राइफल, 14 कारतूस, नाइन एमएम की एक देसी पिस्तौल, नाइन एमएम के दो एफ कारतूस, 5.56 एमएम की राइफल, इसका एक एमटी मैग्जीन समेत अन्य हथियार बरामद किया गया था। इन हथियारों को दिल्ली स्थित सीएफएसएल में जांच कराई गई थी। जिसमें पुष्टि हुई थी।

# पर्वतारोही सत्यरूप सिद्धांत के उत्तर ध्रुव अभियान को सीसीएल परिवार का समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भारतीय पर्वतारोही और विश्व रिकॉर्ड धारक सत्यरूप सिद्धांत अप्रैल 2025 में उत्तर ध्रुव अभियान पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस महत्वपूर्ण अभियान के लिए सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक निलेंदु कुमार सिंह ने उन्हें बेहद कठिन एवं चुनौतीपूर्ण अभियान के लिए ध्वजा सौंपी और उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र एवं सीसी एंड पीआर विभाग के विभागाध्यक्ष आलोक कुमार भी उपस्थित रहे। श्री सिंह ने सत्यरूप सिद्धांत को उनके अब तक के अद्भुत उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया और उनके अभियान की सफलता की कामना की। सत्यरूप सिद्धांत ने सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों और सबसे ऊंचे ज्वालामुखियों को फतह करने वाले दुनिया के सबसे युवा पर्वतारोही होने का गौरव प्राप्त किया है। उन्होंने माउंट गुप्त पर्वत पर चढ़ाई करने वाले दुनिया के पहले व्यक्ति होने के साथ-साथ माउंट ब्रह्मा पर चढ़ने वाली पहली भारतीय टीम का नेतृत्व किया है। इसके अलावा, वे कई अन्य शिखरों पर चढ़ने वाले बिरले भारतीय हैं।

उत्तर ध्रुव अभियान पिछले छह वर्षों से भू-राजनीतिक परिस्थितियों, कोविड, युद्ध और जलवायु परिवर्तन के कारण स्थगित होता रहा है। लेकिन इस वर्ष, यह अभियान 8 अप्रैल 2025 से रूस से शुरू होने जा रहा है। इससे पहले, उन्होंने दक्षिणी ध्रुव तक स्कीइंग अभियान भी पूरा किया था, और अब वे उत्तर ध्रुव के अंतिम छोर तक स्कीइंग करने की तैयारी में हैं ताकि देश का नाम रौशन कर सके और युवाओं में एक प्रेरणादायक संदेश दे सके।

# पहाड़ी मंदिर में होली समारोह ढोल नगाड़े पर झूमे शिव भक्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के द्वारा मंगलवार को भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन पहाड़ी मंदिर परिसर में किया गया। जिसमे सैकड़ो शिव भक्त ढ़ोल नगाड़े के धुन पर झूमते रहे हैं महाकाल बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया एवं आरती के बाद सभी लोग महाकाल बाबा पर रंग अबीर अर्पण कर एक दूसरे को खूब रंग गुलाल लगाए । पूरा पहाड़ी मंदिर परिसर होली के रंगों में रंगा दिया । सभी लोग कल भारत के विश्व चैंपियन बने पर भी एक दूसरे को बधाई दिए। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासमिति के अध्यक्ष राजेश साहू, प्रवक्ता बादल सिंह, राम सिंह, स्वपना चटर्जी, शुभाशीष चटर्जी, मिट्ठू घटक, मीरा गुप्ता, गीता पपनेजा, रश्मि अरोड़ा, प्रिया सिन्हा, किरण घोष, सरिता गुप्ता, नदिता लाला, किरण तलेजा, रीना, जय प्रसाद, सविता गुप्ता, पायल सोनी, अमन सिंह, कत्यानी, माही, प्रिया, अल्का, शिल्पी, आराध्या, रागनी जायसवाल आदि शिव भक्त मौजूद रहे। यह जानकारी बादल सिंह ने दिया।

## श्री राधा- कृष्ण मंदिर में हुआ भव्य होली मिलन महोत्सव, स्वामी सदानंद महाराज ने कहा

# अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है होली

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पुंदाग स्थित मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्री राधा-कृष्ण मंदिर में वृंदावन की तर्ज पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संत शिरोमणि स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य मे आयोजित होली मिलन महोत्सव मे भक्तजनों ने स्वामी जी के साथ अबीर- गुलाल एवं फूलों के साथ जमकर होली खेली। तथा भजन गायको मनीष सोनी, सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान द्वारा गाये सुमधुर होली के मनमोहक भजनों से पूरा माहौल कृष्णमय, भक्तिमय, होलीमय से सराबोर हो गया। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं- पुरुष भक्तों ने आपस में अबीर गुलाल लगाकर खूब झूमे। होली मिलन कार्यक्रम में संत श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि हिंदुओं का महापर्व होली का पर्व अधर्म पर धर्म की जीत का पर्व है। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति पश्चिमी सभ्यता की ओर जा रही है आज के हमारे बच्चे विदेशी रहन-सहन की ओर आकर्षित हो रहे हैं आज के समय में हमें बच्चों के बीच देशभक्ति का अलग जगाना चाहिए। उन्होंने भक्तों से धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। तथा कहा कि होली का पर्व भारतीय संस्कृति में विशेष स्थान रखता है, जो प्रेम, भाईचारे और खुशी का संदेश देता है। होली मिलन समारोह में भक्तों ने प्रेम और समर्पण की भावना के साथ होली खेली। स्वामी सदानंद महाराज जी ने फूलों से होली खेलते हुए मंदिर के आंगन को और भी रंगीन बना दिया।

मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, विजय अग्रवाल, नवल अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, पूरणमल सर्राफ, चिरंजीवी लाल खंडेलवाल, संजय सर्राफ, विशाल जालान, पवन कुमार पोद्दार, नंदकिशोर चौधरी, सुरेश अग्रवाल, सुरेश भगत, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, अरविंद अग्रवाल, निर्मल छावनिका, शिव भगवान अग्रवाल, शास्त्री रविकांत राय, विद्या देवी अग्रवाल,मनीष जालान, डॉ एच.पी. नारायण, सुरेश जिंदल, सुरेश चौधरी, प्रमोद शाश्वत, अशोक लाठ,अशोक चौधरी, मनोज सराफ, ज्ञान शर्मा, पुजारी अरविंद पांडे,संतोष अग्रवाल, उर्मिला पाड़िया, शोभा जालान, अनुराधा सर्राफ, सुनीता अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, कविता गाड़ोदिया, विमला जालान, अमिता जालान, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

# महिला शक्ति का राज्य व्यंजन प्रतियोगिता आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** महिला दिवस पर सीसीएल की अर्पिता महिला मंडल की अध्यक्ष प्रीति सिंह के मार्गदर्शन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत, राज्य व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सीसीएल के 15 क्षेत्रों ने भाग लिया और अपनी-अपनी पारंपरिक और प्रामाणिक व्यंजन प्रस्तुत किए। व्यंजनों को प्रस्तुति, स्वाद और रचनात्मकता के आधार पर आंका गया। सभी व्यंजन हाथों-हाथ बिक गए और इससे प्राप्त धनराशि सामाजिक कल्याण कार्यों के लिए प्रयोग की जाएगी। इसके अतिरिक्त, स्वरोजगार कर रहीं महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न स्टॉल्स भी लगाए गए। इन स्टॉल्स में हस्तशिल्प वस्तुएं, घर का बना खाना और अन्य उत्पाद प्रदर्शित किए गए - यह वास्तव में एक अद्भुत पहल थी जहां मजबूत महिलाएं, मजबूत महिलाओं का समर्थन कर रही थीं। यह दिन संस्कृति, सामुदायिक भावना और सशक्तिकरण से भरपूर रहा।

### विधि व्यवस्था को लेकर डीजीपी ने की बैठक, कहा

# बिपिन मिश्रा फायरिंग मामले में एसआईटी कर रही है छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सोमवार को विधि व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक करने के लिए रांची एसएसपी ऑफिस पहुंचे। इस दौरान डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सीआईडी के डीआईजी संध्या रानी मेहता और एटीएस एसपी ऋषभ झा सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। समीक्षा के दौरान डीजीपी ने रांची में सक्रिय संगठित अपराधिक गिरोह और अपराधिक घटना का समीक्षा किए। इसके अलावा डीजीपी ने जेल से बाहर निकले अपराधियों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई। इसको लेकर संबंधित पुलिस अधिकारी से जानकारी ली। साथ ही हत्या और रंगदारी से संबंधित मामले का भी डीजीपी ने समीक्षा की। इस दौरान डीजीपी ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर फायरिंग कर भागने वाले तीन आरोपितों की तलाश में एसआईटी लगातार छापेमारी कर रही है। एसआइटी की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के जरिये बड़काकाना तक ट्रैक किया है। इससे पहले पुलिस ने बीआइटी ओपी तक अपराधियों का सीसीटीवी फुटेज हासिल किया था। एसआइटी को जांच के दौरान आशंका है कि शूटर बड़काकाना से आगे रामगढ़ होते हुए आगे भाग निकले होंगे। पुलिस टीम हजारीबाग में भी विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध शूटरों की तलाश में छापेमारी कर रही है। अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है, उससे एसआइटी को इस बिंदु पर भी आशंका है कि शूटरों को बाहर से सुपारी देकर हत्या की नीयत से बुलाया गया था। एसआइटी को कॉल डंप के जरिये भी कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबर मिले हैं। इसके आधार पर ही संदिग्ध की भूमिका पर साक्ष्य एकत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। एसआइटी में शामिल अलग-अलग टीम को रांची के बाहर भी छापेमारी के लिए भेजा गया है, ताकि घटना में शामिल शूटरों के बारे में सुराग मिल सके।

## अद्भुत मनमोहक शृंगार दिव्य दर्शन देख भाव विभोर हुए भक्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



● दरबार सांवरिया एसो सजो प्यारो दयालु आपको

हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में रंग रंगीलो फागुन महोत्सव की धूम। फागण की बड़ी एकादशी पर सोमवार प्रातः 5:00 बजे से श्री श्याम मंदिर में भक्तों का कतार लगा रहा। भक्त बाबा के दिव्य दर्शन पाकर भाव विभोर हो रहे थे। खाटूनरेश के जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। सोमवार सुबह सैकड़ो की संख्या में भक्त निशान लेकर श्याम मंदिर पहुंचे। बाबा की बड़ी एकादशी की अखंड ज्योति मंडल के उपमंत्री आदित्य लोहिया, स्वीटी लोहिया, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया ने अपने परिवार के साथ प्रज्जवलित की। बाबा की बड़ी एकादशी पर बाबा श्याम के दो शृंगार प्रातः एवं संध्या में किए गए। प्रातः कालीन ज्योत सुबह 10:00 बजे प्रज्वलित की गई। अखंड ज्योति के साथ ही भक्तों ने अपने आराध्य के आगे हाजिरी लगाई। बाबा श्याम को मेवा सवामणि भोग 56 भोग पूर्ण सवामणि भोग महाभोग फल सवामणि भोग निरंतर बाबा को चढ़ाए गए। मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें कोलकाता के किशन कुमार ने भक्तों को भजनों की गंगा में डुबाए रखा। सर्वप्रथम मंडल के सदस्य प्रथम भजनों से अपनी हाजिरी लगाई। रात्रि कालीन ज्योत अलोक अग्रवाल एवं उनके परिवार द्वारा ली गई। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया महोत्सव संयोजक श्रवण ढाढंनिया, श्याम सुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल, मोनू पंकज गाड़ोदिया, आदित्य लोहिया, स्नेह पोद्दार, राजीव मित्तल, अनिल नारनौली, रतन शर्मा, राजेश कटारुका, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, लोकेश

## न्यूज बॉक्स

### रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने भक्तों को दी होली की बधाई



**रांची।** सोमवार को एसडीओ सह पहाड़ी मंदिर विकास समिति सचिव उत्कर्ष कुमार की उपस्थिति में रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सदस्यों द्वारा पहाड़ी बाबा के सानिध्य में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। तत्पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। महाकाल मंदिर परिसर में महाकाल उज्जैन स्वरूप में बाबा का भव्य शृंगार भोले के फौज के द्वारा किया गया। बाबा को होली के उपलक्ष्य पर भोग लगाया गया। उसके बाद भोग का वितरण सैकड़ों भक्तों के बीच किया गया, सैकड़ों भक्तों ने मंदिर परिसर में एक दूसरे के साथ होली खेली। इस अवसर पर पहाड़ी मंदिर के सचिव सह अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, कोषापाल कृष्णा कन्हैया, राजेश गाड़ोदिया, मदन पारिक, सुनील माथुर, जितेंद्र प्रसाद, कैलाश यादव,राजीव रश्मिकांत मिश्रा, सौरभ चौधरी,राहुल तिवारी, अभिषेक यादव, पंकज शर्मा, कृष्णा केशव, मुकेश, अंकित, अमित, कोमल, राजेश यादव, एवं सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

### राहत एजुकेशनल सोसायटी ने किया इफ्तार का आयोजन स्वास्थ्य मंत्री हुए शामिल



**रांची।** रमजान पर राहत एजुकेशनल सोसायटी द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी,विधायक राजेश कच्छप, विधायक नमन बिक्सल कौनगाड़ी, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला सहित कई गणमान्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर पूर्व सांसद फुरकान अंसारी साहब विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे। आयोजन का नेतृत्व राहत एजुकेशनल सोसायटी के सचिव डॉ. इमरान अंसारी ने किया, जिनके प्रयासों से बड़ी संख्या में लोगों ने एक साथ रोजा इफ्तार किया। पूरे आयोजन में सामूहिक सौहार्द और भाईचारे की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों और रोजेदारों ने देश व प्रदेश की शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ की। रमजान के इस पवित्र महीने में आयोजित यह इफ्तार पार्टी समाज में प्रेम, एकता और सहिष्णुता का संदेश देती है।

### सरहुल पूर्व संध्या को लेकर हुई बैठक



**रांची।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में आगामी सरहुल पूर्व संध्या समारोह की तैयारियों को लेकर सोमवार को दूसरी बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एसीएस यूनिट के अध्यक्ष विवेक तिर्की ने की। बैठक में एसीएस के केंद्रीय अध्यक्षः सुशील उरांव भी शामिल हुए। बैठक में आदिवासी छात्र संघ (अउर) के पदाधिकारी, विभिन्न छात्रावासों के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक में पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई और कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आगे की रूपरेखा तैयार की गई। विवेक तिर्की ने बैठक में कहा कि सरहुल सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और समाज की एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने अपने-अपने दायित्वों को निभाने और कार्यक्रम को भव्य एवं अनुशासित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया।

### आज / कल




## एकादशी पर श्री श्याम प्रभु का किया गया अनुपम शृंगार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मंडल के तीन दिवसीय फाल्गुण सतरंगी महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में रात्रि 9 बजे से मुख्य कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर पूरे मंदिर सजाया गया था। फाल्गुण शुक्ल की इस एकादशी के खास अवसर पर श्री श्याम का अनुपम शृंगार किया गया और साथ ही मंदिर में विराजमान बजरंगबली एवं शिव परिवार का विशेष शृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे मंडल के अध्यक्ष ने सभी पधारे हुए भक्तों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर 21 वें बसन्तउत्सव भजन पुस्तिका का विमोचन वन बन्धु परिषद के अध्यक्ष रमेश धरणीधरका द्वारा किया गया। श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन ज्योत प्रज्वलित कर श्री श्याम प्रभु का प्रिय खीर चूरमा व छप्पन भोग निवेदित किया गया। सर्व प्रथम मंडल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन प्रारंभ किया गया। रात्रि 1 बजे प्रसाद वितरण एवं महाआरती के बाद सोमवार को कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंका, नितेश केजरीवाल, महेश शर्मा, अजय साबू, नितेश लाखोटिया, राजेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार, अमित जलान, अरुण धनुका, गोविंद सारस्वत का सहयोग रहा।

### अमन साहू समेत 21 अपराधियों पर एटीएस में केस दर्ज

**रांची।** रायपुर जेल में बंद अपराधी अमन साहू के इशारे पर कोयला ट्रांसपोर्टर विपिन मिश्रा पर जानलेवा हमला की वारदात पर एटीएस ने कड़ी कार्रवाई की है। एटीएस ने अमन साहू और उसके गिरोह के 21 सदस्यों पर बीएनएस के प्रावधान 111 के तहत सांगठनिक अपराध में संलिप्तता का केस दर्ज किया है। इस केस में एटीएस ने अमन साव, उसके भाई आकाश साव, चंदन साव, शूटर हरि तिवारी, राजा अंसारी, मधुपुर जेल में बंद अमन साहू के सहयोगी आकाश राय उर्फ मोनू, योगेश्वर साहू समेत अन्य के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है।

## जीवनदायिनी और जगत जननी हैं महिलाएं : क्षेत्रीय निदेशक




● आरबीआई में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समारोह का आयोजन किया। समारोह के दौरान क्षेत्रीय निदेशक ने कहा कि स्त्री जीवनदायिनी और जगत जननी है। उसका एक दिवस मात्र कैसे हो सकता है। फिर भी यह आधुनिक वैश्विक प्रचलन इस मायने में प्रासंगिक है कि हर वर्ष 8 मार्च को महिलाओं के अधिकारों, उपलब्धियों और उनके संघर्षों के सम्मान का स्मरण कराता और उस ओर प्रवृत्त करता है। यह केवल महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक योगदान को रेखांकित करने का अवसर ही नहीं, बल्कि उनकी समानता और सशक्तिकरण के लिए उठाये गये कदमों को भी रेखांकित करता है। आज, जब महिलायें हर क्षेत्र में नई बुलंदियों को हासिल कर रही हैं, ऐसे अवसर हमें इस पर विचार करने को प्रेरित करते हैं कि समाज में अब भी लैंगिक असमानता और घरेलू हिंसा जैसी चुनौतियाँ विद्यमान हैं। स्त्री विमर्श का यह अवसर महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए संकल्पबद्ध होने हेतु भी पुनः आह्वान करता है। समारोह का मुख्य आकर्षण सुविख्यात साहित्यकार अंशुप्रिया, लताश्री, नियति कल्प, रश्मि शर्मा, अनामिका प्रिया, अनीता रश्मि और रीता दस राम द्वारा प्रस्तुत स्त्री विमर्श : पुस्तक चर्चा और काव्य पाठ था। कार्यक्रम के अंतिम चरण में आयोजित संगीत संध्या ने समारोह को और भी खास बना दिया। प्रख्यात गायिका चंदन तिवारी और उनके साथियों ने संगीत की विविध छटाओं से माहौल को संगीतमय कर दिया। समारोह न केवल महिला दिवस की महत्ता को रेखांकित करता है, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति समानता और सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने का एक सार्थक प्रयास भी है। मौके पर खुशबू बर्नवाल, किरण सिंह, संगीता कुजारा, सीमा चंद्रिका तिवारी, जयमाला, सत्या शर्मा कीर्ति, भावना, हर्षिता सभलोक एवं निक्की कुमारी उपस्थित थी।

### बढ़ रही है तलाक के मामलों की संख्या, ईगो है बड़ा कारण

# आपसी समझौते से रिश्ता बच सकता है तो बचाने की करें कोशिश : अधिवक्ता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भारत में शादियां सात जन्मों तक बंधे रहने के लिए फेरे लिए जाते हैं, लेकिन कभी-कभी दुविधाओं के फेर में फंसकर यह फेरे फंदे में बदल जाते हैं। इसलिए जब साथ रहना मुश्किल हो जाए तो अलग होना ही सही समझते हैं शादी शुदा जोड़ें। आज की तारीख में तलक की संख्या क्यों बढ़ रही, हिंदू मैरिज एक्ट के तहत अलग होने या तलाक का प्रोसेस क्या है, इस पर पूरी जानकारी अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य ने दी। अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य ने कहा कि पहले की तुलना में अब तलाक की संख्या बढ़ गई है। पहले और अब में यह फर्क इसलिए भी आया है क्योकि आज के शादी शुदा जोड़ें अपने आप में ईगो पाल लेते हैं। तलाक के मामलों में मानसिकता भी अहम भूमिका निभाती है। वहीं, पहले के समय में परिवार संयुक्त परिवार हुआ करता था, संयुक्त परिवार में मुखिया रहते थे जिस से कई सारे मसले सुलझा लिए जाते थे। लेकिन आज के दौर में संयुक्त परिवार लोग पसंद नहीं करते हैं। जिससे परिवार का पूरा सहयोग नहीं मिल पता है। अधिवक्ता सोनाली ने कहा कि कई मामलों में मायके या ससुराल वालों के अधिक दखल से रिश्ते में दरार आ जाती है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी में पति-पत्नी दोनों ही कामकाजी हो चुके हैं। इस से भी रिश्ते में दरार आती है। उदाहरण के तौर पर उन्होंने कहा कि यदि कोई जोड़ा एक ही क्षेत्र में कार्यरत है और उसमें पत्नी आगे बढ़ रही है तो यह मनमुटाव का बड़ा कारण बन जाता है। कई पति हैं जो अपनी पत्नी को आगे बढ़ता नहीं देख सकते हैं। लड़कियां भी समझौता नहीं करना चाहती है। इससे शादी के कुछ ही सालों में सात जन्मों के लिया बना रिश्ता खत्म हो जाता है। अधिवक्ता सोनाली ने कहा कि जब भी कोई शख्स किसी वकील के पास तलाक का केस लेकर आता है तो अक्सर वकील तलाक न लेने और उसकी जटिल प्रक्रिया से बचने के लिए ही कहते हैं। ठीक इसी तरह जब भी किसी अदालत में तलाक का केस दाखिल किया जाता है तो अक्सर जज की भी पूरी कोशिश यही रहती है कि दोनों पक्ष आपसी सहमति से मामला सुलझा लें। लेकिन चाहे वह जज हो या वकील, उनका काम सिर्फ समझाना है। आखिर में फैसला तो दोनों पक्षों का ही होता है।



### अधिवक्ता सोनाली ने कहा

अधिवक्ता सोनाली ने कहा कि यदि रिश्ते को थोड़े से समझौते और प्रयास से बचाया जा सकता है तो बेशक उस रिश्ते को बचने की कोशिश की जानी चाहिए। परिवार में छोटे- मोटे मनमुटाव होते हैं लेकिन फिल्मों की तरह तुरंत तलाक तक पहुंच जाना उचित नहीं है, जब तक मामला बहुत बड़ा ना हो। यदि मामला अधिक पेचिदा है और संभलने की स्थिति में नहीं है तभी तलाक का रास्ता चुने अन्यथा अपने रिश्ते को बचने की कोशिश की जानी चाहिए।

### क्या है एक एकतरफा तलाक के नियम

अधिवक्ता सोनाली ने कहा कि हमारे देश में आपसी सहमति से तलाक लेना बहुत ही आसान तरीका माना जाता है, लेकिन एकतरफा डाइवोर्स लेने के लिए बहुत सारी बातों का ध्यान रखना पड़ता है। एकतरफा डाइवोर्स लेने के लिए कुछ नियम बनाए गए है, उन नियमों में से बताई गई किसी स्थिति से आप गुजर रहे है तो एकतरफा तलाक ले सकते है। धोखा देना: यदि पति व पत्नी दोनों में से कोई भी धोखा देकर किसी अन्य व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध बनाता है या अन्य अवैध रिश्ता रखता है तो कोर्ट के सामने सबूत पेश कर तलाक लिया जा सकता है। हिंसा या मारपीट करने पर : पुरुष व महिला दोनों में से किसी को भी शारीरिक या मानसिक रुप से परेशान किया जाता है, तो इस आधार पर हिंसा का सबूत कोर्ट के सामने पेश कर एकतरफा तलाक के लिए आवेदन किया जा सकता है। धर्म परिवर्तन करने पर : यदि पति पत्नी दोनों में से कोई भी धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर करता है तो भी तलाक के लिए याचिका दायर की जा सकता है। कुछ मामलों में देखा जाता है कि शादी से पहले लड़का-लड़की अलग धर्म के होते हुए भी एक दूसरे के धर्म को स्वीकार कर लेते है परंतु शादी के बाद धर्म परिवर्तन करने के लिए परेशान करते है। संन्यास लेने पर : विवाहित जोड़े में से कोई भी एक पक्ष शादीशुदा जीवन को छोड़कर सन्यास लेता है तो दूसरा पक्ष कोर्ट से एकतरफा डाइवोर्स ले सकता है। यदि पति व पत्नी में से कोई भी 7 वर्ष तक कही गायब हो जाता है और 7 साल तक वापस नहीं आता तो ऐसे हालात में भी एकतरफा डाइवोर्स लिया जा सकता है। नपुंसकता को भी पति पत्नी के अलग होने का एक कारण माना जाता है। जिसमें एकतरफा तलाक के लिए आवेदन किया जा सकता है।

### तलाक के बाद स्त्री धन पर सिर्फ होगा महिला का अधिकार : अधिवक्ता सोनाली

वहीं अधिवक्ता सोनाली ने कहा कि स्त्री धन एक ऐसी चीज है जिसमें महिला को शादी के वक्त मिलने वाले गहने चाहे वह ससुराल से मिले या मायके वाले की तरफ से मिले हो, वह धन कभी भी वापस नहीं लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हिंदू उत्तराधिकारी अधिनियम 14 और हिंदू अधिनियम की धारा 27 के तहत सुरक्षित किया गया है कि वह महिला की संपत्ति पर किसी का अधिकार नहीं है।

### क्या है तलाक

पति और पत्नी के बीच के रिश्ते को कानूनी तौर पर खत्म करने की प्रक्रिया को ही तलाक कहते हैं। हमारे देश में तलाक के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अक्सर हम किसी न किसी फिल्म, सीरियल या सीरीज में तलाक होते हुए देखते हैं, लेकिन इनमें तलाक का जो तरीका दिखाया जाता है, वह अक्सर गलत होता है। तलाक के असल प्रोसेस से कम लोग ही वाकिफ हैं। आपने देखा होगा कि तलाक लेने के लिए एक पार्टनर दूसरे को तलाक के कागज साइन करने के लिए भेज देता है। दूसरे पार्टनर के साइन करते ही तलाक को पूरा मान लिया जाता है। लेकिन यह तरीका पूरी तरह फिल्मी है। कानून में इस तरह के तलाक की कोई अहमियत नहीं। फिल्मों में तलाक के आसान प्रोसेस को देखकर लोगों को शादी में जब भी कोई दिक्कत आती है तो वे यह सोचते हुए आगे बढ़ जाते हैं कि तलाक लेना बेहद आसान है। कागजों पर साइन करने से ही तलाक नहीं मिलता। अधिवक्ता सोनाली ने बताया कि भारत में हिंदू जोड़े के बीच तलाक 2 तरह से लिया जा जाता है। पहला आपसी सहमति से यानि सेक्शन 13 बी हिंदू मैरिज एक्ट 1955 दूसरा जहां पति-पत्नी में से एक पक्ष ही तलाक लेना चाहता है सेक्शन 13 हिंदू मैरिज एक्ट 1955।




## एक नजर

### विधायक ने खलारी में डिग्री कॉलेज के निर्माण की मांग की

**कांके।** कांके के विधायक सुरेश बैठा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से युवा साथियों के मांग पर सदन में आवाज उठायी है कि कांके, बुढ़मू और खलारी में डिग्री कॉलेज का निर्माण जल्दी हो। क्योंकि डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त कर डिग्री प्राप्त करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खलारी और बुढ़मू से रांची आने वाले विद्यार्थियों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ता है और उन्हें रांची आने के लिए 60-70 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, और उनका आधा समय सिर्फ आने जाने में ब्यतीत हो जाता है। उन्होंने कहा कि कांके, बुढ़मू और खलारी मिलाकर कुल 60 पंचायत है जिसमें एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है सिर्फ एक कॉलेज है एस एस मेमोरियल जो नगर निगम में आता है,जिससे कि भरपाई संभव नही है।

### धारदार हथियार से युवती की हत्या

**अड़की।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचांग पंचायत के कईजरी गांव में रविवार की सुबह डेका सोय उर्फ बिरसा ने अपनी पत्नी नागी सोय की हत्या धारदार हथियार से काटकर कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद डेका सोय अपना गांव तुतई चला गया। घटना की सूचना मिलने के बाद अड़की थाने की पुलिस कईजरी पहुंची। मृतका के शव को कब्जे में लेने के बाद डेका की तलाश शुरू किया। जब पुलिस उसके घर तुतुई पहुंची, तो वह घर के अंदर था। पुलिस ने उसे वहां से गिरफ्तार किया। पूछे जाने उसने अपनी पत्नी की हत्या का जुर्म कबुल किया। पुलिस ने डेका को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किया।

### रांची रिंग ऑनर एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन

**रांची।** रांची रिंग ऑनर एसोसिएशन ने रिंग रोड के दलादली चौक के निकट से होली मिलन समारोह मनाया गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एटलस कॉपिको के प्रतिनिधि अश्विनी जैना, छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकिशोर शर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। मौके पर भक्तिमय जागरण का भी आयोजन हुआ। मौके पर अध्यक्ष महेश चंद्रा, गगन शर्मा, जितेंद्र सिंह, विनोद वर्मा, रवि वर्मा, गुड्डू जायसवाल, मिठू सोनी, प्रदीप प्रसाद, मयंक राज, रोमित तिर्की, दीपक कुमार, छोटू चौधरी, चंदरू आदि उपस्थित थे।

### नुक्कड़ नाटक के जरिये अफीम की खेती के दुष्प्रभावों की दी गयी जानकारी

**खूंटी।** जिला प्रशासन की ओर से सोमवार को खूंटी प्रखंड के सिम्बुकेल सहित अन्य क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों और किसानों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के तहत किसानों को अवैध खेती को छोड़कर वैकल्पिक और लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग इत्यादि जैसी लाभकारी फसलों की खेती करें, जिससे उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव आए। इस दौरान किसानों को जागरूक करने के लिए पम्पलेट का भी वितरण किया गया। जिला प्रशासन का यह अभियान स्थानीय किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने एवं क्षेत्र में सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही कृषि योजनाओं एवं तकनीकी सहायता की जानकारी भी दी गई।

# सोने की बढ़ी कीमतों के कारण बिक्री घटी : राकेश रंजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

होली आने में महज कुछ दिन ही बचे हैं। होली के मौके पर लोग तरह-तरह की खरीदादरी करते हैं। वहीं हिन्दू नववर्ष को भी लेकर लोग काफी उत्साह के साथ खरीददारी करते हैं। होली पर बाजार में सोने-चांदी और कपड़े की खरीददारी बढ़ जाती हैं। ऐसे में कपड़ा व ज्वेलरी दुकानदारों से पूछा कि इस बार क्या खरीदना पसंद कर रहे हैं ग्राहक।

मां अलंकार ज्वेलरी दुकान के संचालक राकेश रंजन के कहा कि प्रतिवर्ष होली के मौके पर ग्राहक सोने चांदी कि खरीददारी करते हैं। लेकिन इस बार सोने की बढ़ती कीमतों के कारण ग्राहक सोने की खरीददारी से ज्यादा चांदी की खरीददरी कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि इस बार मार्केट काफी डाउन चल रहा। हालांकि आने वाले दो दिन तय करेंगे इस बार होली पर लोग सोना चांदी कितना खरीदते हैं।

टी- शर्ट्स युवा कर रहे पसंद : सैफ

होली पर्व पर कपडों की खरीददारी जोरों पर रहती है। होली के मौके पर लोग ज्यादातर सफेद रंग के कपड़े पहनना पसंद करते हैं। ग्राहकों के डिमांड पर बाजारों में कपड़े भी आ चुकें है। सैनिक मार्केट में कपड़े की दुकान का संचालन कर रहे सैफ ने बताया इस बार युवाओं में ज्यादातर बेगी, जींस और कुर्ते का ट्रेंड चल रहा है। हालांकि उन्होंने कहा अभी तो मार्केट मंदा चल रहा है आने वाले दो दिन तय करेंगे बाजार कैसा रहेगा।

### चिकनकारी कुर्ता युवाओं की पसंद ; शकील अहमद

सैनिक मार्केट के सबसे पुराने दुकानदार शकील अहमद ने कहा कि होली कलेक्शन युवाओं और ग्राहकों के अनुसार ही लाया जाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं में कुर्ता पजामा का ट्रेंड है। वे लोग प्लेन कुर्ता से ज्यादा चिकनकारी कुर्ता पहनना पसंद करते हैं। चिकनकारी कुर्ते की बिक्री भी अच्छी है। महिलाएं भी सफेद रंग की साड़ी, कुर्ती या अन्य कपड़े पहनना पसंद करती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार बाजार काफी मंदा है। आने वाले दो दिन तय करेंगे की बाजार कैसा रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारी दुकान काफी पुरानी है इसलिए ग्राहकों को भरोसा है हमारे साथ। राजधानी के ज्यादातर हिस्सों से लोग कपडे हमारे दुकान से खरीदना पसंद करते हैं।

### रक्तदान शिविर का आयोजन, 38 यूनिट हुआ रक्त संग्रह

**कोडरमा।** जिले के करमा स्थित निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज परिसर में सोमवार को रेड क्रॉस सोसाइटी कोडरमा की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजीत बरनवाल ने फीता काटकर किया। शिविर में कुल 38 यूनिट रक्त संग्रह किया गया जिसे सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में रखा जाएगा। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अजीत बरनवाल ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है, हर व्यक्ति को अपने जीवन में रक्तदान जरुर करना चाहिए। मौके पर डॉक्टर ब्यूटी कुमारी के अलावा जेएसबीसीसीएल के कार्यपालक अभियंता अमित कुमार, वेस्कॉन इंजीनियर्स लिमिटेड के पीयूष कुमार, प्रिय रंजन नायक, जयेश पटेल, गौतम कुमार, विजय पांडे, तपन, अजमल, गोविंद, सचिन कुमार, अभिषेक कुमार, किन्नू, सुनील कुमार, काजल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

कमरे से आ रही थी बदबू, दरवाजा खोलने पर मिला वृद्ध का शव

### बेटे ने जताई हार्ट अटैक की आशंका

**रांची।** राजधानी के लालपुर थाना स्थित पीएन बोस कमपाउंड में बंद कमरे से एक वृद्ध का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान 80 वर्षीय तपस कुमार बंद्योपाध्याय के रूप में हुई है। मामले में मृतक के बेटे की शिकायत पर अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को मामले की जानकारी शनिवार मिली। मृतक के बेटे ने बताया कि उनके पिताजी का स्वास्थ्य अक्सर खराब रहता था और वे फ्लैट में अकेले ही रहते थे। उन्हें पड़ोसियों से जानकारी मिली कि उनके पिता के कमरे से दुर्गंध आ रही है। जिसके बाद वे अपने पिताजी के फ्लैट पर पहुंचे। जहां कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था और काफी आवाज लगाने के बाद भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला। पुलिस सूत्रों के अनुसार कमरे से बहुत बदबू आ रही थी। दरवाजा तोड़ने पर बेड पर तपस कुमार मृत आवस्था में मिले। मामले की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में बेटे ने हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई है।

### जिला परिषद संवेदक संघ ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**धनबाद।** धनबाद जिला परिषद संवेदक संघ की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संघ के अध्यक्ष आकाश रवानी ने सभी दूर दराज से आए कलाकारों को गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया।वहीं उपस्थित सभी संवेदकों को गुलाल लगाकर बधाई दी और जिले के कोने-कोने से आए सैकड़ो संवेदकों ने कलाकारों के गायन वादन झलकुट्टन का भरपूर मजा लिया।साथ ही पुआ पकवान एवं भोजन का भी लुफ्त उठाया। वहीं अध्यक्ष अकाश रवानी ने कहा कि होली त्योहार आपसी भाईचारे को बढ़ाता है और सभी लोग मनमुटाव को भूलकर एक दूसरे को रंग लगाते हैं।यह हमारी संस्कृति के खूबसूरती का एक प्रतीक है। मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ संवेदक पप्पू चौरसिया, राजेश सिंह, काशी प्रसाद, ओपी यादव, सुनील सिंह,हिमांशु शेखर रवानी, मणिभूषण सिंह, राजीव घोष, सच्चू सिन्हा, नरेश रवानी, अनिल साव, राजीव सिंह, समीर रवानी, सुमित घोष,मोहम्मद असलम, गंगाधर कुमार, आशीष पासवान, सुजीत सिंह एवं सैकड़ो संवेदक उपस्थित थे।

### ब्रांबे में रिमझिम वाटर पार्क का उद्घाटन



**मांडर।** प्रखंड स्थित ब्रांबे में रिमझिम वाटर पार्क का उद्घाटन सोमवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि ने वॉटर किंगडम का घूम-घूम कर जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों को के लिए यह मनोरंजन का अच्छा साधन है । साथ उन्होंने कहा कि पहले के लोग तालाब बांध में तैरना सीख जाते थे। दिन आजकल बच्चे तालाबों में बांधों में काम नहाते हैं जिससे तैरना भी नहीं जानते हैं। ऐसे पार्क के खुल जाने से लोग तैरना भी सीख जाएंगे। वॉटर किंगडम के संचालक ने बतलाया कि चूंकि यह ग्रामीण क्षेत्र है तो दूसरे जगह की अपेक्षा यहां पर एंट्री फीस कम लिया जाएगा। साथ ही अच्छी सुविधा दी जाएगी।मौके पर आरिफ हसन, शमीम अख्तर, इमरान, पवन कुमार, मो साहिल, मो वारिस, रोशन इमानुएल तिग्गा, राजीव रंजन समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# दशभुजी मां दुर्गा देवी की प्राण प्रतिष्ठा के बाद माता का पट श्रद्धालुओं के लिए खुला



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित नवनिर्मित दशभुजी मां दुर्गा मंदिर की दसवें दिन सोमवार को वेद मंत्रोंच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा के साथ मंदिर का पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोला गया?। पट खुलते ही श्रद्धालुओं ने मां के दिव्य रूप का दर्शन किया। इसके पूर्व आवाहित देवी देवताओं का पूजन, मंडप पूजन, शिखर न्यास, देवी की प्रतिमा में नेत्र दान, मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ मां दुर्गा के प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। हवन,पूजन के साथ माता का सोलह श्रृंगार, महाआरती की गई. वही 24 घंटे का अखण्ड हरिकीर्तन का शुभारंभ किया गया व देर शाम भोग भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर में मां की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यजमान परना महतो, उमेश महतो, साधन कुमार रॉय, योगेंद्र महतो, मोहन सोनी, मोतीलाल गुप्ता, राजेन्द्र साहू, संजीत साहू, सुदामा वर्मा ने सहपत्निक कई धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। यजमानों के माध्यम से यज्ञ शाला में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जहां अनुष्ठान के मुख्य आचार्य काशी वाराणसी के ब्रजेन्द्र कुमार मिश्रा और उनके सहयोगी आचार्य नरोत्तम पाण्डेय, काशी के आचार्य मृत्युंजय मिश्रा, केके आंचल पाठक, अयोध्या के आचार्य ध्रुव मिश्रा, अमित भारद्वाज शास्त्री, गया के आचार्य भारतेंदु द्विवेदी, महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा, आचार्य सोनू पाण्डेय व जितेंद्र पाठक के अगुवाई में कराया गया। इधर मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

# बच्चों ने भारतीय क्रिकेट टीम को दी शुभकामनाएं




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

एसीसी पब्लिक स्कूल खलारी के नन्हें बच्चों ने चैंपियंस ट्राफी 2025 का विजेता बनने पर भारतीय क्रिकेट टीम को विशेष तरीके से शुभकामनाएं दी। चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीतने की खुशी में एसीसी पब्लिक स्कूल के नन्हे बच्चों व शिक्षकों ने मिलकर तीन फीट से ऊंची वर्ल्ड कप ट्राफी बनाई। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह, एसएन तिवारी व समर सेन उपस्थित थे। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ हाथ में तिरंगा झंडा के साथ पसंदीदा खिलाड़ियों रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूयार्कुमार यादव, हार्दिक पांड्या का पोस्टर लहराते हुए इंडिया-इंडिया, भारत माता की जय व वंदे मातरम के नारे लगाया और भारतीय टीम को अपनी शुभकामनाएं दी। प्रधानाध्यापक रवि गिरि ने भारतीय टीम की प्रशंसा की। कहा कि देश के लिए यह महान गर्व का क्षण है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के खेलों में रुचि रखने के लिए प्रेरित किया और कहा कि खेल से सभी बच्चों का शारीरिक विकास, संज्ञानात्मक विकास, सामाजिक विकास व नैतिक विकास को बढ़ावा मिलता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका पम्मी, पायल अनामिका, पल्लवी, चांदनी, सेविका रूबी व अंजू ने अपना योगदान दिया।

### बंद घर में रखे 12 लाख रुपए चोरों ने उड़ए पुलिस कर रही जांच

**रांची।** राजधानी रांची के मांडर थाना क्षेत्र में चोरों ने जमकर आतंक मचाया है। चोरों ने मांडर थाना क्षेत्र के हेसमी में एक शिक्षक के घर पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मांडर में शिक्षक के दो घर हैं, एक घर कन्दरी में है जो कि बंद पड़ा रहता है और दूसरा नया घर हेसमी में हैं जहां सपरिवार शिक्षक रहता है। शिक्षक ने पुलिस को बताया कि- कन्दरी वाला घर जो की बंद पड़ा रहता है, रविवार की सुबह 12 लाख रुपए रखकर बंद कर दिया। वहीं सोमवार को चोरी की घटना की शिकायत मिली। पुलिस सूत्रों ने बताया 12 लाख सहित कैश ज्वैलरी, टीवी और इन्वर्टर की चोरी भी हुई है। घटना के बाद पूरे घर में सामान बिखरा था है। थाना में पीड़ित ने लिखित शिकायत नहीं की है हालांकि पुलिस जांच में जुट गई है।

### रोटी बैंक यूथ क्लब ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन



**धनबाद ।** सोमवार को रोटी बैंक यूथ क्लब द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।महिला दिवस के शुभ अवसर पर रोटी बैंक महिला संगठन की सभी सक्रिय सदस्याओं को पुष्प-गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में धनबाद के भोजपुरी गायक राजू सिन्हा और सिमरन कौर के गीतों का भी आनंद लिया गया।मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह के द्वारा सभी महिला को बुके देकर सम्मानित किया गया।इसके साथ ही धनबाद के यूट्यूबर और क्रिएटर को भी रोटी समाजसेवी रमा सिन्हा और श्वेता किन्नर के द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रोटी बैंक यूथ क्लब के सदस्यों का सहयोग रहा।धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि रोटी बैंक यूथ क्लब समाज के लिए एक अच्छा कार्य कर रही है।मैं यही कामना करती हूँ कि रोटी बैंक यूथ क्लब और भी अच्छा कार्य करें। मैं हमेशा रोटी बैंक यूथ क्लब के साथ हूँ। संस्था के अध्यक्ष अभिषेक ने बताया कि हर साल इससे भी अच्छा कार्यक्रम करने का हमारा प्रयास रहता है। लोगों को सम्मान देने का काम करते हैं और सभी संस्थाओं को सहयोग रहा है,उन सभी को धन्यवाद। मौके पर मुख्य रूप से संस्था के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**अड़की।** अड़की थाना क्षेत्र के मदहातु में शनिवार की रात 20 वर्षीय युवक ने अपने ससुराल में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नरसिंह मुंडा मरांगहदा थाना के लांदूप पंचायत के लोटोर गांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि नरसिंह मुंडा की पत्नी एक सप्ताह पहले भाग कर मायके चली गई थी। जिससे मना कर लाने के लिए वह ससुराल मदहातु गया हुआ था। उसकी पत्नी वापस ससुराल लौटने को राजी नहीं थी, जिसको लेकर दोनों में अनबन हुई। शनिवार को उसकी पत्नी बिरबांकी साप्ताहिक हाट गई थी और रात में अपने सहेली के यहां रुक गई। उस दिन घर की अन्य लोग बाहर गए हुए थे। घर में नरसिंह मुंडा अकेला था। शनिवार को पत्नी के देर रात तक वापस नहीं लौटने से नाराज होकर घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रविवार को जब उसकी पत्नी घर वापस पहुंची तो अपने पति को फंदे में लटकते देख इसकी जानकारी गांव वालों को दी। फिर इसकी सूचना अड़की पुलिस को दी गई। सोमवार को पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लिया एवं पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए खूंटी भेज दिया।

### लवली लेडीज ग्रुप खूंटी ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**खूंटी, ।** लवली लेडीज ग्रुप खूंटी के सौजन्य से सोमवार को स्थानीय गोल्डन पैलेस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लवली लेडीज ग्रुप की महिलाओं ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाये। मौके पर काफी संख्या में महिलाओं और बच्चो ने रंगों को लूत्फ उठाया। मौके पर महिलाओ ने एक दूसरे को होली की बधाई दी और सभी सखियों संग होली का जश्न मनाया। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को रंग बिरंगे गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी और एक स्वर में केमिकल युक्त रंगों का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया। होली का त्योहार बहुत ही आनंद और उतसाह के साथ मनाने वाला है। इसमें किसी प्रकार का भेद भाव नहीं होनी चाहिए। सभी समाज को मिलकर यह त्योहार मनानी चाहिए। यह देश का बहुत ही उत्सव वाला पर्व है।

अड़की थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

# आपसी प्रेम से होली पर्व मनाने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। अड़की**

होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सोमवार को अड़की थाना परिसर में अंचलाधिकारी तृप्ति विजय कुजूर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो, थाना प्रभारी प्रवीण तिवारी, प्रमुख कृष्णा मुंडा सहित जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे। बैठक में अधिकारियों ने लोगों से आपसी प्रेम एवं भाईचारा के माहौल में होली पर्व मनाने की अपील की। डीजे, भड़काऊ एवं अश्लील गाना बजाने और अशांति फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मुस्लिम समाज का रमजान का महीना चल रहा है और शुक्रवार को जुम्मा के दिन ही होली है ऐसे में दोनों समुदाय के लोग आपसी भाईचारा एवं शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाएं। दूसरे समुदाय को किसी तरह का भड़काने की कोशिश ना करें। होली के दिन पुलिस की निगरानी शरारती तत्वों पर रहेगी। मौके पर कयूम अंसारी, संजय मुंडा, मोती पातर, नीरज कुमार सिंह, प्रदीप साहू, परशुराम दास, गोपाल स्वर्णकार, बुधनलाल मुंडा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रमंडलीय आयुक्त ने किया गोविंदपुर व धनबाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण

## लोगों से की बीचौलियों से दूर रहने की अपील



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग आयुक्त पवन कुमार ने सोमवार को गोविंदपुर एवं धनबाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दोनों अंचल कार्यालय में सेवा पुस्तिका, कैश बुक, म्यूटेशन के मामले, विभिन्न पंजी का संधारण सहित अन्य का निरीक्षण किया। दोनों अंचल कार्यालयों का निरीक्षण करने के बाद आयुक्त ने बताया कि सोमवार को सर्वर डाउन होने के कारण कई बिंदुओं का निरीक्षण नहीं कर सके। साथ ही कहा कि उन्होंने अंचल अधिकारियों को नियत समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने, दाखिल खारिज सहित अन्य मामलों का समय पर निष्पादन करने, त्रुटि रहित काम करने का निर्देश दिया है। वहीं लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे बीचौलियों से दूर रहें। व्यक्तिगत रूप से अंचल कार्यालय जाएं और अंचल अधिकारी से मिलकर अपना काम कराएं। आयुक्त ने कहा कि बीचौलियों को रोकने के लिए लोगों को जागरूक होना होगा और सहयोग करना होगा। गोविंदपुर और धनबाद अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ अपर समाहर्ता विनोद कुमार मौजूद थे। जबकि गोविंदपुर अंचल कार्यालय में सीओ गोविंदपुर धर्मेन्द्र कुमार दुबे तथा धनबाद अंचल कार्यालय में सीओ धनबाद शशिकांत सिंकर मौजूद थे।

वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र झा का निधन

# लगभग पचास वर्षों तक धनबाद कोर्ट में की थी वकालत



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

जयप्रकाश नगर निवासी व धनबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र झा का बीती रात निधन हो गया।वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने लगभग पचास वर्षों तक धनबाद कोर्ट में वकालत की थी। उनका अंतिम संस्कार भागलपुर के बरारी घाट पर सोमवार को हुआ।उनकी उम्र लगभग 82 वर्ष थी।वे अपने पीछे दो पुत्र, पुत्रवधू व पोते-पोतियां समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्व. झा मूल रूप से बिहार के कटिहार जिले में नौगछिया पुलिस जिला अंतर्गत कटरिया ग्राम के थे। उनका पूरा परिवार धनबाद में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित कार्यों में संलग्न रहा। उनके बड़े भाई कार्तिक चंद्र झा जाने-माने शिक्षाविद् थे, जो लंबे समय तक धनसार स्थित लक्ष्मी नारायण विद्या मंदिर के प्राचार्य रहे। दिवंगत सतीश चंद्र झा के ज्येष्ठ पुत्र शांडिल्य अमरेश कुमार धनबाद व्यवहार न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं,वहीं कनिष्ठ पुत्र शांडिल्य आलोक कुमार शिक्षण संस्थान व हॉस्पीटल का संचालन करते हैं। वयोवृद्ध अधिवक्ता के अनहद जाने पर काफी संख्या में लोगों ने शोक जताया है और दिवंगत के प्रति संवेदना प्रकट की है। वरिष्ठतम पत्रकार बनखण्डी मिश्र, पूर्व प्राध्यापक प्रो. टी.के झा, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री ए के झा, सेवानिवृत्त प्राचार्य नरोत्तम झा, शुभंकर सुमन, एडवोकेट आशुतोष झा 'सुमन', सीए कुमार आनंद ने उन्हें व्यवहारकुशल व्यक्तित्व, प्रतिभासम्पन्न अधिवक्ता व आजीवन सक्रिय समाजसेवी बताया है। वहीं, सतीश चंद्र झा के निधन पर बार एसोसियेशन के अध्यक्ष अमरेन्द्र सहाय, महासचिव जीतेन्द्र कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण कुमार सिंह, कामदेव शर्मा, राजदेव यादव, हुसैन हैकल, असीम कुमार लाल, सत्येश मणि सिंह, अनिल त्रिवेदी, रंजन कुमार, भास्कर सुमन, एकांत गोस्वामी समेत तमाम न्यायविदों ने भी गहरा शोक जताया है।

## एक नजर

### पंच महेश्वर मंदिर कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रामगढ़।** रांची रोड रेलवे स्टेशन बाबा पंच महेश्वर शिव मंदिर में पांच दिवसीय 1008 रूद्र शक्ति महायज्ञ जारी है। इसके तीसरे दिन सोमवार को गया से आए सात सदस्यीय में शामिल मुख्य आचार्य पुरुषोत्तम पांडेय, आचार्य दिलीप बाबा, निरंजन पांडेय, कुंदन पांडेय, करण पांडेय, चंदन पांडेय और राजेंद्र पांडेय की देखरेख ने यजमान अजय यादव पत्नी रीना देवी को श्री शिव शक्ति महापूजनांग, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और हवन अनुष्ठान कराया। साथ ही मंगलवार को जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, संक्षिप्त, अंतर वस्त्राभिषेक, फलाभिषेक, मिष्ठानाभिषेक, महापूजन, महाश्रृंगार व हवन कार्यक्रम होगा। साथ ही 12 मार्च को हवन, पूणार्हूति, वेदी, ब्राह्मण पूजन व भंडारा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ का समापन निर्धारित है।

### गोला मंडल सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर स्वागत

**गोला।** गोला के कुम्हरदगा निवासी प्रीतम झा को सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है। उनके सांसद प्रतिनिधि मनोनयन होने पर भाजपा कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। कार्यकताओं ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी है। नव मनोनीत सांसद प्रतिनिधि ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सांसद ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेवारी मुझे दी है, उसमें खरा उतरने का प्रयास करूंगा। गोला की जनता की सेवा के लिए मैं पहले भी तत्पर रहता था। जिम्मेवारी मिलने के बाद आगे भी एक नई ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करते हुए जनता की सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि नया दायित्व मिलने पर पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अभिभावक, इष्ट मित्र समर्थक, संगठन के नेता और सरकारी पदाधिकारियों की ओर से बधाई मिल रही है।

### राकोमयू कार्यालय परिसर में फाग गीतों के संग खूब उड़े अबीर गुलाल

**रामगढ़।** राकोमयू कार्यालय परिसर में होली मिलन समारोह में फाग गीतों के संग खूब उड़े अबीर गुलाल वेस्ट बोकारो, निज प्रतिनिधि। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वेस्ट बोकारो के राकोमयू कार्यालय परिसर में रविवार देर शाम होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में आए टाटा स्टील वेस्ट बोकारो के चीफ क्वायरी एबी राजेश पटले, सीईपी चीफ राजेश कुमार, चीफ सीबी बीवी सुधीर कुमार, हेड तरुण कुमार, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी दीपक कुमार, हेड क्वायरी एबी मेंटेनेंस सुधांशु रॉय, एचआर सेवियो हेम्ब्रोम, अरुणिमा श्री, पूर्व मुखिया रंधीर सिंह और पत्रकारों का यूनियन के पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र और गुलाल लगाकर स्वागत किया। वहीं यूनियन पदाधिकारियों ने कीर्तन मंडली के दो दर्जन से अधिक कलाकारों का सम्मान और स्वागत अंग वस्त्र और गुलाल लगाकर किया।

# झारखंड उत्खनन परियोजना का 3 लाख एमटी रिकार्ड उत्पादन

*मुझे उम्मीद है कि परियोजना 31 मार्च तक तीन लाख बीस हजार एमटी कोयला का उत्पादन करेगा*



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र की झारखंड उत्खनन परियोजना तीन लाख एमटी लक्ष्य की जगह आठ मार्च तक तीन लाख दो हजार 304 एमटी कोयला उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परियोजना को चालू वितिय वर्ष में 31 मार्च तक सीसीएल मुख्यालय से तीन लाख एमटी कोयला और 11 लाख क्यूबिक मीटर ओबी उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन परियोजना ने आठ मार्च तक निर्धारित लक्ष्य से दो हजार 304 एमटी कोयला अधिक उत्पादन कर चुका है। वहीं ओबी का उत्पादन लक्ष्य 11 लाख क्यूबिक मीटर की जगह सात लाख 97877 क्यूबिक मीटर कर चुका है। इस सफलता के बावत परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार राय ने कहा कि परियोजना जमीन की समस्या से जुझ रहा है। उसके बाद भी इस विषम परिस्थिति में हमारे अधिकारी, सुपरवाइजर, ऑपरेटर के सहयोग के बिना समय से पूर्व उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करना आसान नहीं था। वहीं समय-समय पर पूर्व जीएम केके सिन्हा और वर्तमान जीएम सत्यजीत कुमार का मार्ग दर्शन और दिशा निर्देश का पालन करने का यह प्रतिफल है, जो 23 दिन पूर्व परियोजना उत्पादन लक्ष्य को पार कर चुका है। उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने पर हजारीबाग क्षेत्र के महाप्रबंधक सत्यजीत कुमार ने कहा कि यह पीओ एलके राय और परियोजना से जुड़े सभी अधिकारी, कामगार, यूनियन प्रतिनधि, स्थानीय जन प्रतिनिधि, ग्रामीण विस्थापितों के सहयोग के बिना संभव नहीं था। मुझे उम्मीद है कि परियोजना 31 मार्च तक तीन लाख बीस हजार एमटी कोयला का उत्पादन करेगा। अगर परियोजना से जुड़े तमाम लोगों का सहयोग आगे भी मिला तो झारखंड परियोजना नित नए कीर्तिमान बनाता रहेगा।

रंगारंग कार्यक्रम के बीच स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव आयोजित

## साईबर फ्रॉड व दहेज प्रथा पर आधारित विद्यार्थियों ने नाटक का किया मंचन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रसोईया धमना स्थित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में 10वाँ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप ने विशिष्ट अतिथि जिप सदस्या प्रीति कुमारी गुप्ता, स्थानीय मुखिया गोविंद प्रसाद, उप मुखिया बिरेंद्र कुमार आदि के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्रबंधन को बधाई देते हुए अग्रेतर विकास के लिए शुभकामनाएं दी. प्राचार्य नितेश कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के वार्षिक उपलब्धि से आगंतुकों को अवगत कराया. कार्यक्रम का संचालन श्वेता राज लक्ष्मी व हिमांशु राज ने किया. उन्होंने बताया कि विद्यालय ने सीमित संसाधनों के बीच सस्ती और गुणवतापूर्ण शिक्षा देकर बच्चो को बेहतर बनाने का प्रयास किया. विद्यार्थियों ने चौतरफा विकास कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है. इस अवसर पर विद्यालय के सीनियर और जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों ने कई मनोमनोहक नृत्य, संगीत और एकांकी प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो को तालियां बजाने के साथ देर संध्या तक बैठने के लिए मजबूर कर दिया. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं के टॉप थ्री विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया.

## न्यूज बॉक्स

### शौंडिक समाज का होली मिलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित



**बरकट्ठा।** प्रखंड के तूईयो पंचायत सचिवालय में शौंडिक समाज का होली मिलन सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर समाज में एकता बनाए रखना और समाज के युवाओं को शिक्षा प्रदान करने पर चर्चा की गई। वहीं समाज के सरकारी पदों पर पदस्थापित होने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य कुमकुम देवी, प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, डिवाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक आई पी भारती, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, मुखिया शंकर रविदास, सेवानिवृत शिक्षक हरिहर प्रसाद, मधुसूदन प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, जमुना साव, शशिभूषण प्रसाद, अरविंद प्रसाद, पोखराज प्रसाद, सेवानिवृत लिपिक भीखो प्रसाद, समाजसेवी उत्तिम महतो समेत आदि लोग उपस्थित थे।

### पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू कराने को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत पतरातू प्रखंड में पीवीयूएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर रसदा ग्राम के निवासियों की उपस्थिति में सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा पतरातू प्रखंड में पीवीवीएनएल पावर प्लांट चालू करने को लेकर आ रही समस्याओं से सभी को अवगत कराया गया। इस दौरान भूअर्जन, मुआवजा भुगतान, नौकरी सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों एवं रसदा ग्राम के निवासियों के साथ चर्चा की गई। मौके पर रसदा ग्राम के निवासियों द्वारा अपने पक्ष को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर उपायुक्त एवं पीवीयूएनएल के अधिकारियों द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गयी। साथ ही प्लांट चालू करने को लेकर कई महत्वपूर्ण विषयों पर परिचर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### निशान श्याम को लेकर सैकडों श्रद्धालु पहुंचे श्रीश्याम मंदिर

**रामगढ़।** फागुन एकादशी के अवसर पर सोमवार को रामगढ़ सहित आसपास के श्याम प्रेमी हाथों में निशान श्याम लेकर अन्नपूर्णा मंदिर गोलपार से लेकर श्रीश्याम मंदिर तक भव्य निशान यात्रा निकाली। इस श्याम यात्रा में 311 श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर चल रहे थे। प्रातः काल अन्नपूर्णा देवी मंदिर के प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रीश्याम निशान का पूजन किया गया। बतौर यजमान श्रीश्याम के भक्तों ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद हाथों में श्रीश्याम निशान गाजे-बाजे के साथ बाबा की भक्ति में नाचते-गाते चल पड़े। रास्ते में भक्तों ने अबीर-गुलाल उड़ाया। जबकि, श्रीश्याम मंदिर पहुंचकर फूलों की होली खेली। रास्ते में श्री श्याम दीवाने परिवार रामगढ़, श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार रामगढ़, श्री श्याम सेवा समिति ट्रस्ट रामगढ़ एवं श्री मारवाड़ी धर्मशाला रामगढ़ के सदस्यों ने श्रीश्याम भक्तों का जोरदार स्वागत किया।

होली पर्व को लेकर उपायुक्त ने की जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

# सौहार्द्र बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों पर होगी पुलिस की कार्रवाई

*अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में कोई भी अफवाह सामने आती है उसे बख्शा नहीं जाएगा*



**नवीन मेल संवाददपाता। रामगढ़**
होली पर्व के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी को रमजान एवं आगामी होली पर्व की शुभकामनाएं दी गई। मौके पर उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द्र के साथ पर्व मनाने की अपील की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि होली पर्व के अवसर पर होलिका दहन पूर्व से चिन्हित जगह पर ही आयोजित की जाएगी किसी भी नई जगह पर होलिका दहन आयोजित करने की अनुमति नहीं होगी। उपायुक्त ने होलिका दहन के दौरान स्थानीय स्तर पर वॉलिंटियर्स प्रतिनियुक्त करने उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने एवं वॉलिंटियर्स की जानकारी प्रशासन के साथ साझा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में कोई भी अफवाह सामने आती है अथवा सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने संबंधित कोई मामला सामने आता है तो इसकी जानकारी त्वरित रूप से जिला नियंत्रण कक्ष की दूरभाष संख्या 06553 222005 पर दी जाए। वहीं, उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर संयुक्त जिला आदेश के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों को अपने क्षेत्र में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

### विद्यालय का रास्ता अवरुद्ध करने को लेकर अंचल अधिकारी को दिया गया आवेदन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय परवत्ता का रास्ता अवरुद्ध कराने को लेकर प्रधानाध्यापक के द्वारा अंचल अधिकारी को आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय परवत्ता जीटी रोड़ बरकट्ठा से जुड़ा है। जिसकी दूरी लगभग 4सौ मीटर है। कुछ अज्ञात लोगों के द्वारा 6 मार्च को जेसीबी मशीन से रास्ता का संपर्क ट्रेंच के द्वारा काट दिया गया है। जिससे बच्चों को विद्यालय आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। इस संबध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश्वर महतो, सहायक अध्यापिका रेखा देवी समेत लोगों ने आवेदन देकर गुहार लगाई है।

### समाज में उल्लेखनीय काम के लिए वैली ने महिलाओं को किया सम्मानित

**रामगढ़।** रोटरी दामोदर वैली की ओर से होटल सैनी के सभागार में विश्व महिला दिवस मनाया गया। अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष अखिलेश कुमार सिंह और सचिव मनप्रीत सिंह ने संयुक्त रूप से की। जबकि, संचालन पूनम सिंह ने किया। समारोह में सिविल सर्जन रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद को चिकित्सा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाने के लिए, राष्ट्रीय कवित्री डॉक्टर ममता मनीष सिन्हा जो एक जानी मानी साहित्यकार सह कवित्री एवं संगीत कला की शिक्षिका पदमा सिंह को नारी सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में समाजसेविका पूनम सिंह ने अपने जन्म दिवस पर रोटरी दामोदर वैली क्लब की तरफ से केक काटा। आयोजन को सफल बनाने में रोटेरियन भास्कर दत्ता, रोटेरियन देवांशु सहाय, रोटेरियन राम प्रवेश गुप्ता, रोटेरियन निलेश गुप्ता, सहित अन्य अन्य लोग उपस्थित थे।

सदर विधायक ने सदन में युवाओं के रोजगार के मुद्दे पर उठाई जोरदार आवाज

# झारखंड के युवाओं के साथ हो रहा छलावा : प्रदीप प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड सरकार पर बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ छलावा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकार की निष्क्रियता और लचर नीतियों के कारण राज्य के लाखों युवा रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। श्री प्रसाद ने बताया कि झारखंड में अब तक 7,88,522 युवाओं ने रोजगार के लिए पंजीकरण कराया है, लेकिन इनमें से केवल 3,51,953 युवाओं का ही नियोजनालय के जीवित डाटा में नाम दर्ज किया गया है। इसका अर्थ है की आधे से अधिक पंजीकृत युवा अब भी रोजगार के लिए इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2022-2025 के बीच राज्य सरकार द्वारा आयोजित रोजगार मेलों और भर्ती कैंपों के माध्यम से केवल 37,219 उम्मीदवारों को ही रोजगार दिया गया है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि सरकार की रोजगार नीति पूरी तरह विफल साबित हुई है। श्री प्रसाद ने कहा कि कई विभागों में वर्षों से रिक्त पद खाली पड़े हैं, लेकिन सरकार इन पदों को भरने के प्रति गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि शेष पंजीकृत युवाओं के भविष्य का क्या होगा? क्या सरकार के पास इसका कोई जवाब है? भाजपा विधायक ने सरकार से मांग की है कि वह युवाओं के साथ किए जा रहे इस अन्याय को तुरंत समाप्त करे और रोजगार के लिए ठोस नीति बनाकर योग्य युवाओं को जल्द से जल्द नौकरी दे।

### राम जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर विहिप ने की बैठक



**बरही ।** आगामी 30 मार्च से 12 अप्रैल तक विश्व हिंदू परिषद प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर राम जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित करेगा. इस अवसर पर धार्मिक स्थलों पर श्री रामचरितमानस पाठ, धार्मिक प्रवचन, श्री राम कथा आदि जैसे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने और सफल बनाने के उद्देश्य से विहिप कार्यक्रताओं ने बैठक किया. जिसकी अध्यक्षता व संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया. श्री ठाकुर ने कार्यक्रम को गांव के हर एक मंदिर में आयोजित करवाने और बहुतायत संख्या सनातनियों को भाग लेने की अपील किया. इसके लिए विहिप कार्यकर्ता विभिन्न प्रकार के कथा वाचक मंडली, भजन मंडली एवं वक्ता का चयन कर कार्यक्रम को सफल बनाने का प्रयास करेंगे. जिससे प्रभु श्री राम के आदर्शों को हर घर तक पहुंचाया जा सके. बैठक में प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी , बजरंग दल सहसंयोजक नितेश कुमार, सुधांशु कुमार, शंकर कुमार ,सुरेंद्र यादव ,संतोष सिंह, रंजीत पंडित आदि कई लोग मौजूद थे.

बरही थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

# त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं: किशुन यादव



**नवीन मेल संवाददाती। बरही**
होली और रमजान को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने की, जबकि संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने किया। बैठक में थाना प्रभारी आभास कुमार ने कहा कि होली एवं रमजान आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की और कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि सभी लोग निर्भय होकर होली और रमजान के त्योहार का आनंद उठा सकें। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि यह त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी से अपील की कि गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। थाना प्रभारी ने बताया कि त्योहार के दौरान पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी और संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि नशे में वाहन न चलाएं और किसी भी अप्रिय घटना से बचें। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने की बात भी कही गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति अफवाह फैलाने या भड़काऊ पोस्ट डालने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता से अपील की कि सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करें और ऐसी कोई पोस्ट शेयर न करें जिससे समाज में अशांति फैले। बैठक में मौजूद स्थानीय प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# आठवीं बोर्ड की परीक्षा का शांतिपूर्ण समापन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में आठवीं बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न हुई। झारखंड अधिविद्य परिषद के निर्देशानुसार झारखंड के सभी विद्यालयों में आठवीं बोर्ड की वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम पाली में हिंदी, संस्कृत एवं अंग्रेजी दूसरी पाली में विज्ञान, गणित और सामाजिक अध्ययन की परीक्षा संपन्न हुई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में केंद्र अधीक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप की देखरेख में परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा संचालन करने में शारदानंद शर्मा, गौतम कुमार गुप्ता, जेठुलाल मांझी , सुरेश कुमार मांझी , बिरसा उरांव आदि ने सहयोग किया। परीक्षा समाप्ति के पश्चात डॉ सुनील कुमार कश्यप ने बताया कि आठवीं बोर्ड परीक्षा छात्र-छात्राओं के लिए मनोवैज्ञानिक के आधार पर एक आईना का काम करेगी। यह परीक्षा उनके मैट्रिक परीक्षा के लिए मार्गदर्शक का काम करेगी।

रंगारंग कार्यक्रम के बीच स्कूल का 10वां वार्षिकोत्सव आयोजित

# कम खर्च में विद्यार्थियों को बेहतर करने का है प्रयास : प्राचार्य




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रसोईया धमना स्थित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल में 10वाँ वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप ने विशिष्ट अतिथि जिप सदस्या प्रीति कुमारी गुप्ता, स्थानीय मुखिया गोविंद प्रसाद, उप मुखिया बिरेंद्र कुमार आदि के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मुख्य अतिथि ने विद्यालय प्रबंधन को बधाई देते हुए अग्रेतर विकास के लिए शुभकामनाएं दी. प्राचार्य नितेश कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यालय के वार्षिक उपलब्धि से आगंतुकों को अवगत कराया. कार्यक्रम का संचालन श्वेता राज लक्ष्मी व हिमांशु राज ने किया. उन्होंने बताया कि विद्यालय ने सीमित संसाधनों के बीच सस्ती और गुणवतापूर्ण शिक्षा देकर बच्चो को बेहतर बनाने का प्रयास किया. विद्यार्थियों ने चौतरफा विकास कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है. इस अवसर पर विद्यालय के सीनियर और जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों ने कई मनोमनोहक नृत्य, संगीत और एकांकी प्रस्तुत कर उपस्थित लोगो को तालियां बजाने के साथ देर संध्या तक बैठने के लिए मजबूर कर दिया. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कक्षाओं के टॉप थ्री विद्यार्थियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर वैज्ञानिक रिसर्च सेंटर इसरो में चयनित होने वाले रसोईयाधमना निवासी अशोक कुमार गुप्ता की पुत्री नीलिमा कुमारी और आईटी विभाग में चयनित रामदेव यादव की पुत्री प्रीति कुमारी को भी विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया. निदेशक टुकलाल साहू ने कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों का अभार जताया. कार्यक्रम का समापन विद्यालय सलाहकार राजेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया. कार्यक्रम का संचालन श्वेता राज लक्ष्मी और हिमांशु राज आनंद ने संयुक्त रूप से किया।

# सिमडेगा जिले में उपायुक्त ने "पलाश हर्बल गुलाल" का किया शुभारंभ

● प्राकृतिक और हर्बल रंगों से इस होली को बनाएं सुरक्षित और रंगीन

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** पलाश, झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के तत्वाधान में "पलाश हर्बल गुलाल" का शुभारंभ उपायुक्त, अजय कुमार सिंह के कर कमलों द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित सभा कक्ष में किया गया। यह विशेष प्रदर्शनी सह बिक्री स्टॉल 13 मार्च 2025 तक समाहरणालय परिसर में आयोजित की गई है, जिससे होली के शुभ अवसर पर लोग प्राकृतिक और हर्बल रंगों का आनंद उठा सकें विशुद्ध एवं प्राकृतिक तरीके से पलाश हर्बल गुलाल ठेठईटांगर प्रखंड के चांदनी आजीविका स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाया गया है। पलाश हर्बल गुलाल का शुभारंभ करते हुए उपायुक्त ने समूह के द्वारा इस नए कदम की सराहना करते हुए गुलाल की बिक्री हेतु फारवर्ड लिंकेज की बात कही। उन्होंने सभी संलग्न दीदियों को शुभकामना देते हुए इसी प्रकार से आत्मनिर्भर एवं सशक्त होने हेतु प्रेरित किया। जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक शांति मार्डी के द्वारा यह बताया गया कि दीदियों का प्रोडक्ट महिला जागृति फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी को सप्लाई किया जा रहा है जिसके द्वारा यह पलाश मार्ट सहित शहर के में चौक एवं चौराहों में भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में उपस्थित समूह की दीदियों के द्वारा उपायुक्त सहित अन्य पदाधिकारियों को गुलाल से तिलक लगाकर साथ ही स्वयं एक दूसरे को गुलाल लगाकर सुरक्षित होली हेतु समाज को भी प्रेरित किया इसके अतिरिक्त, प्रदर्शनी में ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित अन्य उत्पाद भी उपलब्ध रहेंगे, जिनमें रागी से बने लड्डू, तिल लड्डू, रागी नमकीन, रागी मिक्सचर आदि शामिल हैं। यह पहल स्थानीय महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को भी प्रोत्साहित करेगी इस अनूठे प्रयास का उद्देश्य लोगों को हानिकारक रासायनिक रंगों के बजाय हर्बल गुलाल की ओर आकर्षित करना है, जिससे एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल होली मनाई जा सके इसकी मंडल द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल बिक्री का स्टॉल समाहरणालय "ए ब्लॉक" के पोर्टिको में लगाया गया। जिसमें महिलाओं ने बताया कि लगभग 11000 रुपए की बिक्री हुई। जिसमें लोगों ने पलाश हर्बल गुलाल को काफी पसंद किया।

### पलाश हर्बल गुलाल की विशेषताएं

**प्राकृतिक और हर्बल सामग्री**
यह गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक तत्वों जैसे पालक, बीट, फूल और गाजर से बनाया गया है, जो त्वचा और पर्यावरण दोनों के लिए सुरक्षित है।

**रंगीन और आकर्षक**
यह विभिन्न जीवंत रंगों में उपलब्ध है, जो होली के उत्सव को और भी खास बना देगा।

## उपायुक्त ने कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का दिया निर्देश



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला योजना शाखा द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में अनाबद्ध निधि व सीएसआर मद अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं में अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं की क्रमवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखें तथा जो कार्य अपूर्ण है उनमें आवश्यक गति लाकर पूर्ण करायें। अगर किसी योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो तत्काल सूचना देना सुनिश्चित करें।बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण पदाधिकारी, स्पेशल डिविजन, आरईओ विभाग सहायक व कनीय अभियंता उपस्थित थे।

## साप्ताहिक जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**सिमडेगा।** आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।उपायुक्त के जनता दरबार में डिग्री कॉलेज कोलेबिरा में नियुक्ति कराने, वार्ड नंबर 5 में खराब विद्युत कार्य कराने व विद्युत आपूर्ति करने एवं अन्य विषय से संबंधित मामले आए। इस दौरान उपायुक्त महोदय ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

# गृह रक्षकों को 365 दिन की नियमित ड्यूटी और सेवानिवृत्ति का लाभ दें : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने विधानसभा सत्र के शून्यकाल में राज्य के गृह रक्षकों को 365 दिन की नियमित ड्यूटी देने सहित अन्य लाभ देने की मांग की है। विधायक ने सत्र में आवाज उठाते हुए कहा कि राज्य के गृह रक्षकों को साल में सिर्फ चार माह की ही ड्यूटी दी जाती है। इसके अलावे अन्य किसी प्रकार का कोई लाभ नहीं दिया जाता है। इससे गृह रक्षा जवानों को गंभीर आर्थिक समस्या से जूझना पड़ता है। साथ ही समस्या के कारण गृह रक्षक अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में दाखिला भी कराने में असमर्थ हैं। इस कारण इन जवानों के बच्चों का भविष्य अंधकार हो रहा है। विधायक ने कहा कि बिहार, छत्तीसगढ़, ओड़िसा के गृह रक्षको को 365 दिन की नियमित ड्यूटी एवं अन्य लाभ दिया जाता है। इसी तर्ज पर राज्य के गृह रक्षकों को भी 365 दिन की नियमित ड्यूटी देने के साथ अन्य सुविधा भी दी जाय। साथ ही बिहार राज्य के तर्ज पर राज्य के गृह रक्षकों को भविष्य निधि तथा सेवानिवृत्ति का लाभ दी जाय।

### गृह रक्षकों की अंतिम लड़ाई तक रहेंगे साथ



इधर विधायक भूषण बाड़ा ने मीडिया को बताया कि वे शुरु से ही गृह रक्षकों की लड़ाई में साथ रहे हैं। पूर्व में अपनी मांगों को लेकर गृह रक्षक विरोध प्रदर्शन करते रहे हैं। इसके बाद साकारात्मक पहल करते हुए गृह रक्षकों की कुछ मांगों को सरकार से स्वीकृति दिलाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि गृह रक्षकों को न्याय दिलाने में वे उनकी आखिरी लड़ाई तक साथ देंगे। हर किमत पर गृह रक्षकों को उनका हक और अधिकार दिलाया जाएगा।

# अबीर गुलाल लगाकर लोंगो को दी होली की हार्दिक शुभकामनाएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सिमडेगा जिला चुनाव प्रभारी सह भाजयुमो पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी ने कहा कि होली पिछली सभी बातों को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करने का दिन है हम सभी भाजपा कार्यकर्ता पिछली हार को भुलाकर नए सिरे से संगठन को मजबूत कर अनेववाले दिनों में सिमडेगा जिले के दोनो विधानसभा में भाजपा का परचम लहरे ये प्रयास करना है।होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भाजपा में संगठन सर्वोपरि है।सिमडेगा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानन्द ने कहा कि सिमडेगा विधानसभा के 67000 मतदाताओं ने भाजपा को समर्थन दिया है उन का भरोसा नही टूटने दिया जाएगा,हर जन समस्याओं के समाधान के लिए भाजपा तैयार है जिले वासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं।पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा ने कहा कि पिछली सारी बातों को बुलाकर संगठन को मजबूत करना है क्योंकि संगठन सर्वोपरि है।मौके पर दुर्गविजय सिंगदेव अमरनाथ बमलिया दीप नारायण दास तुलसी साहू रवि गुप्ता सोनी पैंकरा संतोष देवी अनूप प्रसाद अनिरुद्ध सिंह राकेश रविकांत हीरा राम संभु भगत नंदिनी दास कृश्णा ठाकर शाहिद सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एमवीआई के नेतृत्व में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**सिमडेगा।** जिला मोटरयान निरीक्षक प्रकाश रंजन के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र के वीर बुधु भगत चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान सभी दो पहिया वाहनों के कागजातों की जांच की गई।इस दौरान बिना हेलमेट के वाहन चलाने वालों पर जुर्माना किया गया।साथ ही जिनके पास वैद्य चालक अनुज्ञप्ति पत्र( ड्राइविंग लाइसेंस) नहीं है उनपर भी जुर्माना किया गया।मोटरयान निरीक्षक ने सभी दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाने की अपील की है।वहीं डीटीओ संजय कुमार बाखला ने सभी चालकों को अपना अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनाकर एवं वाहन के कागजात पूर्ण करने के पश्चात ही सड़कों पर वाहनों का परिचालन करने का निर्देश दिया।

# स्कूल ने मनाया अपना दसवां वार्षिकोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** बानो प्रखंड के सोय सेमरटोली मे चाचा नेहरू चिल्ड्रेन अकादमी स्कूल में दसवां स्कूल वार्षिकत्सोव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बानो थाना के एएसआइ सतीशचंद्र महत, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्यामु सिंह व आयोध्या सोनार उपस्थित थे। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि ने माता सरस्वती व स्कूल के संस्थापक स्व सोमनाथ साहु के तस्वीर पर मल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के दस वर्ष पुर्ण होने पर अतिथियो ने केक काट तथा विद्यालय दिवस मनाया।वहीं मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के बच्चो ने एक बढकर गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के बच्चो ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चो के सर्वागीण विकास के लिए पढाई के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम मे आवश्यक है। बच्चे बेहतर तरीके पढाइ करे तथा आगे बढने के लिए मेहनत करे। संचालक प्रमोद कुमार ने कहा कि जीवन आगे बढने के लिए लगन व मेहनत जरूरी है। विद्यालय के विकास में अभिभावको का योगदान बहुमुल्य होता है। इस अवसर पर रोशनी कुमारी, स्वाति कुमारी, संध्या कुमारी, तरणा परवीन,नूतन तोपनो, प्रिति कुमारी, सुमन मड़की,आशा उपाध्याय, सोनी उपाध्याय,नीलमणि देवी, सोनी कुमारी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षिका स्वाति कुमारी ने किया धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद कुमार ने किया।

## होली पर्व को लेकर कुरडेग थाने में हुई शांति समिति की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुरडेग।** सोमवार को थाना परिषर में होली पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो इसको लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सी ओ श्री किरण डांग तथा संचालन थाना प्रभारी नवीन कुमार ने किया । बैठक में सर्वसम्मति से पर्व शांतिपूर्वक और सोहार्द्धपूर्ण वातावरण में मनाने का लिया गया शांति समिति के सदस्यो ने थाना क्षेत्र में होने वाले त्योहार के दौरान कार्यक्रम की जानकारी दी । इस दौरान सीओ किरण डांग ने सभी समुदाय के लोगो से आपसी प्रेम और भाइचारगी के साथ रंगो का त्योहार हर्षपूर्वक मनाने की अपील की। वहीं सीओ ने कहा कि होली में असमाजिक तत्वों पर प्रशासन अपनी पैनी नजर बनाए रखेगा।वहीं थाना प्रभारी ने होली के दौरान अवैध शराब की बिक्री ,अड्डेबाजी व सोशल मीडिया में भ्रामक पोस्ट करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने की बात कही । बैठक में मौजूद सभी लोगो ने एक दूसरे को रंगोत्सव होली की अग्रीम बधाइयाँ दी । बैठक में मुख्य रूप से जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल , प्रखण्ड बीस सुत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो, विधायक प्रतिनिधि दिपक जयसवाल , प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि देवनीस खलखो , मुखिया जगेश्वर प्रधान , प्रतिमा कुजूर , वार्ड सदस्य अयुब अंसारी , सफार अली , मुखिया सुनीता देवी , शांति समिति के सदस्य एवं थाना के कर्मी उपस्थित रहे।

# होली पर्व को लेकर सदर थाने में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**


● एक दूसरे के चेहरे पर गुलाल लगाकर होली पर्व की दी गई शुभकामनाएं

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना परिसर में सोमवार को होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजन की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव,बीडीओ समीर खलखो,सीओ इम्तियाज अहमद, प्रशासक समीर बोदरा,जीप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद पासवान उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि सिमडेगा में 13 मार्च को होलिका दहन तथा 15 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। इधर त्यौहार को लेकर जिन जगहों पर होलिका दहन की जाएगी उन सभी जगह की शांति समिति के सदस्यों के द्वारा सूची उपलब्ध कराया गया।एसडीपीओ ने बताया कि प्रशासन की ओर से पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। मौके पर उन्होंने लोगों से अनुरोध करते हुए कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी जलाशय में नहाने ना जाकर अपने घरों में नहाए जिससे कि किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना ना हो। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक खबरें फैलती है तो उसे इसकी सूचना प्रशासन को दे ताकि इसे रोका जा सके ।इसके अलावा अवैध शराब पर अभियान चला कर छापेमारी की जाएगी । उन्होंने बताया कि त्योहार के दिन सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा ताकि त्योहार के दौरान राइडिंग करने वाले लोगों के ऊपर कारवाई हो सके। मौका पर शांति समिति के सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि सिमडेगा का इतिहास रहा है कि सभी त्यौहार को वापसी भाईचारे के साथ मिलजुल कर मनाया जाता है तो इस त्यौहार को भी शांतिपूर्ण मनाया जाएगा। वहीं इस दौरान ईद पर को लेकर बताया गया कि शाम के वक्त तीन घंटा बिजली विभाग निर्बाध बिजली दे जिससे कि रोजेदारों को किसी प्रकार से कोई भी न हो।मौके पर जीप सदस्य एवं अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखें वहीं बैठक के अंत में एक दूसरे के चेहरे पर अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी एव बैठक का समापन किया गया।

# होली पर्व मनाने को लेकर विहिप ने की बैठक

### 15 मार्च को होली मनाने का हुआ निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** विश्व हिन्दू परिषद् के तत्वावधान में विहिप जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव की अध्यक्षता में होटल अपर्णा पैलेस में जिले के समस्त सम्मानीय आचार्य एवं पुरोहितगणों की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में विशेषकर सनातन धर्म संस्कृति के विकास को लेकर एवं आनेवाले सनातनी पर्व त्योहारों, विशेषकर होली पर चर्चा की गई।जिसमें सर्व सम्मति से होली मनाने को लेकर दिनांक 10.3.2025 दिन सोमवार एकादशी को भद्रा प्रातः 9:20 बजे तक रहेगी।अतः 9:20 बजे के बाद ढाल थापना शुभ रहेगा।दिनांक 13.3.2025 गुरुवार को भद्रा रात्रि 10:37 बजे तक है, अतः होलिका दहन 10:37 के बाद होगा एवं डंडा पूजन प्रातः 8:00 बजे से प्रारम्भ होगा।दिनांक 14.3.2025 दिन शुक्रवार को 12:37 दिन तक पूर्णिमा तिथि है, अतः 14.3.2025 को रंगोत्सव नहीं होगा। जिले में धूलि मंदन, रंगोत्सव एक जैसे मनाया जायेगा। बैठक में आचार्य पं. हरिश्चन्द्र झा, आचार्य पं. वासुदेव गौतम, आचार्य पं. कल्याण मिश्र, आचार्य पं. श्यामसुंदर मिश्र, आचार्य पं. जयंत मिश्रा, आचार्य पं. सुनील मिश्रा, आचार्य पं. सत्यनारायण दास, आचार्य पं. शशिभूषण पंडा, आचार्य पं. संजय विसी, आचार्य पं. रंजीत पाठक, आचार्य पं. जीतेन्द्र कुमार पाठक, आचार्य पं. पुरुषोत्तम दास, आचार्य पं. मनोज षाड़गी सहित कई आचार्य गण एवं विभिन्न पूजा पंडालो अध्यक्ष, मंदिर समिति के अध्यक्ष और सदस्य उपस्थित थे।

## मछली मारने गए व्यक्ति की हुई मौत

**सिमडेगा।** बांसजोर ओपी अंतर्गत उरते पंचायत के सागबहार गांव में रविवार को मछली मारने के दौरान गांव के रोहित लकड़ा नामक व्यक्ति की डूबने से मौत हो गई। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मृतक रोहित के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया ।जहां पर सोमवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ ।मिली जानकारी के अनुसार रोहित लकड़ा पास के ही नदी में इलेक्ट्रिक शॉट के माध्यम से मछली मारने गया था, इसी दौरान करंट की झटके से वह पानी में डूब गया और अचेत हो गया। बाद में परिजन के द्वारा उसे तुरंत इलाज हेतु उड़ीसा स्थित एक निजी अस्पताल लेकर जहां पर उसकी मौत हो गई। इधर सूचना मिलने के बाद शव को परिजन थाना के पास ले इसके बाद पंचनामा करने के साथ ही शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। बताया गया कि रोहित लकड़ा चेक पोस्ट के पास ढाबा संचालक करता था।

# न्यूज बॉक्स

## 11000 वोल्ट करंट की चपेट में आने से 35 वर्षीय व्यक्ति घायल



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौरू सेमरटोली गांव में सोमवार को छत पर पानी पटाने के दौरान 11000 वोल्ट की करंट की चपेट में आने से विनोद लोहरा नामक 35 वर्षीय व्यक्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सक की निगरानी में उपचार चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार विनोद लोहरा अपने नए मकान के छत पर पानी पटा रहा था इसी दौरान छत के ऊपर से गुजरी 11000 वाल्ट करंट की चपेट में आ गया जिससे कि उसे करंट लगा और करंट की झटका के बाद वह छत से नीचे गिरा जिससे कि उसके चेहरे सहित कई हिस्सों में गंभीर चोट लगी। फिलहाल सिमडेगा सदर अस्पताल में चिकित्सकों के देखरेख में इलाज जारी है।

## कीटनाशक पीकर व्यक्ति ने की आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस



**सिमडेगा।** सिमडेगा के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवई पकरीटोली गांव निवासी 42 वर्षीय सुरेंद्र मांझी नामक व्यक्ति ने रविवार को कीटनाशक पीकर आत्महत्या का प्रयास किया जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया ,जहां से रेफर करने के बाद उसकी मौत हो गई। मामले की जानकारी सिमडेगा थाना की पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मृतक सुरेंद्र के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया । जानकारी देते हुए पत्नी ने बताया कि गांव में शादी समारोह था जहां पर पूरा परिवार भाग लेने के लिए गया था और सुरेंद्र माझी अपने घर में अकेले था और शराब का सेवन करने के बाद किसी बात को लेकर घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया ।परिजन शादी समारोह से लौटे तब वह बेहोशी की हालत में मिला जिसे सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया ,जहां पर चिकित्सक के द्वारा उसकी स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया जिसे परिजनों के द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर उसकी मौत हो गई। इधर शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## बानो प्रखंड में भारी संख्या में लोगों ने थामा झामुमो का दामन : अनिल कंडुलना

**बानो।** झामुमो सिमडेगा जिला संयोजक प्रमुख अनिल कंडुलना के नेतृत्व में बानो प्रखंड का दौरा किया गया और सदस्यता अभियान भी चलाया गया। सदस्यता रशीद काटकर और झामुमो पटा पहना कर सबका पार्टी में स्वागत किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए अनिल कांडुलना ने कहा कि बानो प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता प्रखंड अंतर्गत सभी गांवों में जा कर झारखंड सरकार द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों एवं योजनाओं के बारे बताएं।साथ ही प्रखंड में सदस्यता अभियान तेज करें ताकि प्रखंड में झामुमो को मजबूत किया जा सके।संयोजक सदस्य मो सफीक खान ने कहा की कार्यकर्त्ता गांव गांव जाकर लोगों को पार्टी की नीति व सिद्धांत के बारे में बतायें तथा उन्हें पार्टी से जोड़ें।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कांडुलना,सदस्य मो सफीक खान,बिरजो कंडुलना,केन्द्रीय समिति सदस्य मो शहीद, फिरोज अली,पूर्व जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा,पूर्व जिलाध्यक्ष किशोर डांग,पूर्व युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो,सुधीर डांग, तनवीर हुसैन, अमित बडिंग, अनिल लुगुन, अलोक बारला, तुरतन गुड़िआ, लौरेन्स बागे,जगदीश बागे, समुएल बुढ़, समीर तोपनो, कृपा हेमरोम, सिप्रियान सुरीन के अलावा भारी संख्या में बानो प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता और नये सदस्य गण उपस्थिति थे।

## चार दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव का हुआ समापन



**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित पुराना शिव मंदिर में चार दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव का समापन किया गया। समापन के अवसर पर नगर भ्रमण पूर्णाहुति का आयोजन किया गय।नगर भ्रमण मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न चौक चौराहा से होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण पहुंची जहां दही हांडी मटकी फोड़ खेल करते हुए नृत्य किया गया।भगवान राधा कृष्ण के गानों पर सब झूमते थिरकते हुए नजर आए।पुरोहित सह मुख्य पुजारी प्रदीप पंडा,प्रमोद पंडा,भरतु दुबे,पुजारी रंजित पंडा,मदन पंडा,शामिल थे।यजमान की भूमिका में गजेन्द्र साहू व उनकी धर्मपत्नी रुक्मिणी देवी शामिल हुए।इस अवसर पर संजय साहू,अजय साहू बिजली मिस्त्री,अजय साहू,सुरेश द्विवेदी,संजय द्विवेदी,गोपाल प्रसाद साहू, आशुतोष साहू,अंकित साहू,टोनी अग्रवाल,कमलेश साहू,विजय साहू,अनिल दास,अंकित अग्रवाल,संदीप साहु उर्फ गुड्डु,अनुज कुमार साहू,अनूप साहू,सोनुप साहू,गोवरधन दास,सुदामा साहु,संजु साहू,मनोहर साहू,मनोज साहू,बसंती देवी,पूनम देवी,तन्नु कुमारी,प्राची कुमारी,यशोदा देवी,मालती देवी,कविता देवी,मधु देवी,काजल देवी,स्वाति देवी,यशो देवी,गौरी देवी,कमला देवी,ज्योति देवी,गीता देवी,रुपसी देवी,उदय द्विवेदी,नीलांबर द्विवेदी,अजय साहू,अनिल दास,संदीप साहु,पुष्पा देवी,पूनम देवी,मीरा देवी,ममता देवी,सुनिता नायक,सरिता अग्रवाल,छाया देवी,सपना देवी,रीमा देवी, दुर्योधन सोनार,धनंजय सोनी,सौरव सोनी,पंकजनी देवी,के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## नाखून नहीं काटने पर वार्डन ने छात्रा को स्कूल से निकाला



**बोलबा।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बोलबा में नाख़ून नहीं काटने के कारण एक छात्रा प्रिया प्रेमिका कुमारी को वार्डेन ने निकाला।स्कूल के वार्डेन के अनुसार छात्रा गत शनिवार को सभी छात्राओं का नाख़ून काटा जा रहा था।इस वक्त एक छात्रा ने कहा कि मैं शाम के समय और शनिवार के दिन नाखून नहीं काटती हूं।इसके बाद वह शाम 5 बजे स्कूल के छत पर अकेली बैठी थी।इस तरह अनुशासन में नहीं रहने के कारण वार्डन द्वारा छात्रा को स्कूल से निकाल दिया गया है।वहीं क्लास 9वी की क्लास परीक्षा भी है।छात्रा की माँ ने अपनी पुत्री को स्कूल में रखने कि गुहार लगाई है।

# श्याम परिवार का श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
निःस्वार्थ प्रेम और भक्ति का प्रतीक श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन श्याम भक्त परिवार द्वारा भव्य रूप से किया गया, जिसमें श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। दो दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ भव्य निशान यात्रा से किया गया, जिसके पश्चात पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया। महोत्सव के दूसरे दिन मुनका बगीचा प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसे पूर्व राणी सती मंदिर के प्रधान पुजारी शशिकांत मिश्रा ने बाबा श्याम की पूजा अर्चना कराई यजमान के रूप में निरंजन खंडेलवाल एवं उनकी धर्मपत्नी ने बाबा श्याम की विधि विधान से पूजा अर्चना किया. जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक किशन जी, नेहा गुप्ता, विनय मिश्रा एवं पंकज शर्मा ने अपने मधुर और भावपूर्ण भजनों से उपस्थित भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। खाटू नरेश की महिमा, श्याम तेरी बंसी पुकारे जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नजर आए। आयोजनों में विशेष रूप से सवामणि, इत्र वर्षा, गजरोत्सव, फूलों की होली, बाबा का खजाना, छप्पन भोग, मनमोहन श्रृंगार और भव्य दरबार की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। बाबा श्याम के अलौकिक श्रृंगार और भव्य दरबार का दिव्य दर्शन हर भक्त के मन को भावविभोर कर गया। महोत्सव में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद भी शामिल हुए और ज्योत लेकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। महोत्सव के अवसर पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की बाबा श्याम का यह भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत उदाहरण है। जिस तरह से श्याम भक्त परिवार ने इस महोत्सव का आयोजन किया है, वह सराहनीय है।

## जुगसलाई रेल फाटक के पास पिता-पुत्र पर चाकू से हमला, दोनों एमजीएम में भर्ती

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर शहर के जुगसलाई रेलवे फाटक के पास कुछ युवकों ने पिता-पुत्र को चाकू से हमलाकर घायल कर दिया. घटना देर रात की है. मिली जानकारी के अनुसार, जुगसलाई निवासी परवेज अहमद अपने बेटे रहमत के साथ कहीं जा रहे थे. तभी अज्ञात युवकों ने आवसी विवाद में उन पर चाकू से हमला कर दिया और फरार हो गए. परवेज को हाथ व उनके बेटे रहमत पेट में चाकू का गहरा जख्म है. परवेज किसी राजनीतिक दल से जुड़े बताए जाते हैं. सूचना मिलते ही जुगसलाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एमजीएम अस्पताल भेजा. इधर, स्थानीय लोगों ने हमला कर भाग रहे युवकों में से एक को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की. इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया. पुलिस उसे पकड़कर थाना ले गई.

# मोदी सेवा ट्रस्ट ने मनाया होली मिलन समारोह



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी**
बिरनी प्रखंड के पलौंजिया में मोदी सेवा ट्रस्ट की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में भव्य झांकी और भक्ति संगीत के साथ लोगों ने रंगों का आनंद लिया। महाराजा अहिबरन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक भुनेश्वर मोदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के संरक्षक अरविंद कुमार ने किया, और इस दौरान राधा-कृष्ण व गौरी-शंकर की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। झांकी के कलाकारों ने फूल और गुलाल के साथ भक्ति गीतों पर नृत्य कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली का उत्सव मनाया। इस अवसर पर सचिव अनिल मोदी, जयनारायण मोदी, सचिदानंद बर्णवाल, पप्पू मोदी, संदीप मोदी, सत्यनारायण मोदी, विनोद मोदी, संतोष मोदी, जितेंद्र मोदी, राजेश कुमार, बबलू मोदी, शिवकुमार मोदी, बिट्टू मोदी, रंजीत मोदी, सुरेश मोदी, महरु मोदी, अष्टमा देवी, भवानी देवी, रेखा देवी, पवन कुमार, सुमन कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## न्यूज | बॉक्स

### झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद का मात्र दो पदाधिकारी संचालन कर रहे हैं: जयराम महतो



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने सोमवसर को कहा कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष व डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने झारखंड के शिक्षा व्यवस्था को लेकर विधानसभा में जोरदार तरीके से आवाज उठाया। टाइगर जयराम महतो ने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में बजट 12% हो या 24% हो, इतना बड़ा बजट होने के बाद भी अगर इस राज्य के सरकारी पदाधिकारी, इस राज्य के माननीय विधायक, माननीय सांसद, अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाने में अगर असक्षम है तो मेरे हिसाब से शिक्षा के बजट का कोई औचित्य नहीं है। कहा की बात करें झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की तो इसको संचालन करने के लिए मात्र दो पदाधिकारी है, पहला डायरेक्ट तथा दूसरा एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर है। बाकी सब संविदा पर है और सारे के सारे गैर झारखंडी है। दो विभाग को आपके 50 ऑफिसर संभाल रहे और एक विभाग जहां अढाई हजार करोड़ का वित्तीय बजट होता है एक साल का। कहा की यह एक गंभीर मामला है इसकी जांच की जाय अढाई हजार करोड़ का जहां वित्तीय बजट है वहां पर दो ऑफिसर चला रहे हैं वह भी सब संविदा पर है और सभी दूसरे राज्य के हैं।

### होली पर्व को लेकर जिले में विधि व्यवस्था दुरुस्त रखने का डीडीसी ने दिया निर्देश




**गरिडीह।** होली पर्व के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर सोमवार को जिला के समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों/ पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर पर विधि व्यवस्था संधारण के साथ आपसी सौहार्दपूर्ण माहौल में होली त्यौहार को लेकर संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में एक्टिव रहने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों को पुलिस अधीक्षक ने सख्त निर्देशित किया है कि अपने कर्तव्यों के निर्वहन में कोताही बरतने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देशित किया कि सार्वजनिक स्थानों पर असामाजिक तत्वों द्वारा शराब का सेवन और शराब पीकर तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। वहीं अवैध शराब बिक्री करने वाले लोगों पर कार्रवाई करें। साथ ही उन जगहों पर जहां अवैध शराब बिक्री होती है, वहां छापामारी करना सुनिश्चित करें।

### अवैध खनन पर जिला प्रशासन हुआ सख्त रोक लगाने को लेकर लिए गए कई निर्णय



**गिरिडीह।** समाहरणालय सभाकक्ष गिरिडीह में सोमवार को जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गिरिडीह जिला, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पदाधिकारी समेत संबंधित थाना प्रभारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान अवैध पत्थर उत्खनन, अवैध बालू/कोयला/अभ्रक उत्खनन की रोकथाम के लिए पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बिन्दुवार समीक्षा करते हुए की गयी कार्रवाई का ब्यौरा लिया गया। इस दौरान सीसीएल के पट्टा क्षेत्र, वन क्षेत्रों हो रहे मायका अभ्रक के अवैध उत्खनन व अन्य क्षेत्रों में कोयले के अवैध उत्खनन व प्रेषण की रोकथाम व अन्य पर विचार विमर्श किया गया। बालू घाटों के संचालन एवं बालू के अवैध भंडारण उठाव एवं परिवहन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा जिले में अवैध खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन करने वाले पर प्राथमिकी दर्ज करने तथा वन क्षेत्र में भी खनन करने वाले लोगों पर भी प्राथमिकी दर्ज कर उचित करवाई करने का निर्देश दिया गया।

## कस्तूरबा विद्यालय में बीमार छात्रा को दवा की जगह खिलाई गई चायपत्ती



**गिरिडीह।** जिले के सरिया कस्तूरबा विद्यालय में होली खेलने को लेकर छात्राओं की पिटाई के बाद अब जिले के पीरटांड कस्तूरबा विद्यालय से भी एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। दरअसल विद्यालय में पढ़ने वाली एक छात्रा की तबियत बिगड़ गई। लेकिन विद्यालय प्रबंधन द्वारा उसका इलाज न करवाकर दवाई के जगह कच्ची चायपत्ती खिलाया जा रहा था। जब छात्रा की हालत और बिगड़ने लगी तब उसके परिजनों को सुचना दिया गया। जिसके बाद परिजनों ने एक निजी क्लिनिक में उसका इलाज करवाया। बताया गया कि उक्त छात्रा डायरिया से ग्रसित थी लेकिन इलाज के बजाए उसे कच्ची चायपत्ती खिलाई जा रही थी। उक्त छात्रा के भाई ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर विद्यालय प्रबंधन पर यह आरोप लगाया है। इस संबंध में बीडीओ मनोज कुमार मरांडी ने कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन सम्पर्क नहीं हो सका।

## रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ हुआ दुर्व्यवहार निंदनीय : धनंजय



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में सुरक्षा में लगे जवानों द्वारा श्रद्धालुओं पर किए जा रहे लाठी चार्ज का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस विषय पर सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने सोमवार को प्रतिक्रिया दी है। मामले को लेकर धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में जब भी मुंडन का लगन होता है तो श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है ये कोई नई बात नहीं है। ऐसे में सुरक्षा में लगे जवानों को संयम से काम लेना चाहिए ना कि श्रृद्धालुओं पर लाठी चार्ज करना चाहिए। कहा की मां छिन्नमस्तिका मंदिर विश्वविख्यात मंदिर हैं यहां झारखंड के अलावा दूसरे राज्यों व देशों से भी श्रद्धालु पूजा अर्चना करने आते हैं। ऐसे में इस प्रकार की घटना से जिला का नाम खराब होता है। पुटूस ने कहा की श्रद्धांलुओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले जवानों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## संदेहास्पद स्थिति में हुई मजदूर की मौत, जांच शुरू



**बिरनी।** बिरनी थाना क्षेत्र के जितकुंडी गांव के पास 38 वर्षीय विजय तुरी की मौत से उनके परिवार पर गहरा आघात पहुंचा होगा। जितकुंडी गाँव में संजय साव के कबाड़ गोदाम में प्लास्टिक चुनने का काम करने वाले विजय तुरी की अचानक मौत से उनके सहकर्मी और आसपास के लोग भी स्तब्ध होंगे। घटना के अनुसार, जब वह शौच के लिए खेत गए थे, तभी अचानक गिरने से उनकी मौत हो गई। जब दोपहर के भोजन के समय वे नहीं दिखे, तब साथियों ने उनकी खोजबीन शुरू की, जिसके बाद उन्हें खेत में मृत पाया गया। तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी ले जाने के बावजूद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सिहोडीह निवासी के रूप में हुई है, और वे सिमराढाब के निवासी नारायण तुरी के दामाद थे। परिजनों को सूचना दे दी गई है, और इस घटना से उनके परिवार को गहरा आघात लगा होगा।

## सड़क दुर्घटना में सात घायल, सभी धनबाद रेफर

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के सेवाटांड़ कठजोबरा पुल के पास सोमवार को अवैध बालू लदा ट्रैक्टर ने एक टेम्पू में टक्कर मार दिया जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में टेम्पू सवार जमतारा निवासी शंकर मिस्त्री (55),मुरली प्रसाद मिस्त्री (58) जीतपुर निवासी अशोक हेंब्रम का 2 वर्षीय पुत्र शिवांश कुमार फतेहपुर निवासी इतवारी मुर्मू की पत्नी दशनी देवी (30) फतेहपुर निवासी अमजद अंसारी (32) चेगडो निवासी सहदेव दास की पत्नी तिलेश्वरी देवी (46) नावाडीह लेबोडीह निवासी मुस्तकीम अंसारी की पत्नी असरबीन खातुन (55) घायल हो गयी।घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।बताया जाता है कि टेम्पू (जेएच 10बीजी 7896) डुमरी से उत्तराखण्ड के चालमो बरमसिया जा रहा था वहीं बालू लदा ट्रैक्टर तेज गति से बराकर नदी से डुमरी की ओर आ रहा था कि उक्त स्थान पर ट्रैक्टर ने अनियंत्रित होकर टेम्पू में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह पलट गया। सभी घायलों का प्राथमिक इलाज रेफरल अस्पताल डुमरी में करने बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया।घटना की खबर पाकर आजसू विधानसभा प्रभारी डुमरी यशोदा देवी अस्पताल पहुंच घटना की जानकारी ली। श्रीमती देवी ने पुलिस प्रशासन से अवैध बालू उठाव एवं तेज गति से ट्रैक्टर परिचालन पर रोक लगाने की मांग की है।

## कोल्हान अधीक्षक की स्थायी नियुक्ति की मांग विधायक ने सदन में उठा मामला

**चक्रधरपुर।** मनोहरपुर के विधायक जगत माझी ने सोमवार को विधानसभा में कोल्हान अधीक्षक की स्थायी पदस्थापना का मामला उठाया. अपने तारांकित प्रश्न में विधायक ने सरकार से कहा कि कोल्हान अधीक्षक का पद प्रभार में चलने के कारण आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. जनहित में सरकार को उक्त पद पर स्थायी पदस्थापना करनी चाहिए. इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि पश्चिमी सिंहभूम के डीसी ने अपनी रिपोर्ट (पत्रांक-450 (बी)/रा०, दिनांक-05.03.2025) में कहा है कि कोल्हान अधीक्षक के पद पर सरकार समय-समय पर पदस्थापन करती आ रही है. वर्तमान में सदर एसडीओ, चाईबासा को इस पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. सरकार की ओर से कहा गया कार्मिक विभाग को एसडीओ की पदस्थापना की सूची मिलते ही कोल्हान अधीक्षक की पदस्थापना कर दी जाएगी. मालूम हो कि मानकी-मुंडा स्वशासन व्यवस्था के अंतर्गत कोल्हान अधीक्षक का पद काफी महत्वपूर्ण है.

लोगों की शिकायत पर सड़क निर्माण का जायजा लेने के बाद, कहा

# घटिया सड़क निर्माण की जांच नहीं हुई तो आंदोलन : राजेश

*एक दशक से भी अधिक समय तक जर्जर सड़क पर चलने की विवशता के बाद बन रही सड़क से लोगों को बहुत उम्मीदें थीं*



**नवीन मेल संवाददाता। बेंगाबाद**
बेंगाबाद प्रखंड के बड़कीटांड़-दलगंदो आदि गांवों में बन रही सड़क के घटिया निर्माण की लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने आज स्थानीय ग्रामीणों तथा गणमान्य लोगों के सड़क निर्माण का साथ जायजा लिया। लोगों ने कई खामियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि, निर्माण में जमकर कोताही बरती जा रही है। एक दशक से भी अधिक समय तक जर्जर सड़क पर चलने की विवशता के बाद बन रही सड़क से लोगों को बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन सड़क निर्माण के क्रम में पीसीसी ढलाई होते ही गिट्टी सीमेंट का उखड़ना शुरू हो जाना, सड़क को दोनों किनारे चौड़ा किए जाने के दौरान जमीन में गड्ढा किए बगैर फाउंडेशन तैयार कर देना, कालीकरण के पूर्व सड़क के फाउंडेशन में कभी पानी नहीं देना, कालीकरण में पिच की मोटाई कम करके देना, नाली बनाने में भी अनियमितता बरतना, लोगों को निर्माण संबंधी कोई भी जानकारी नहीं मिले इसके लिए कहीं भी बोर्ड नहीं लगाना आदि देखकर आम लोगों को इसके निर्माण के नाम पर मची लूट का एहसास हो गया है। वहीं लोगों के साथ कई किलोमीटर तक बन चुकी और बन रही सड़क देखने तथा लोगों की शिकायतें सुनने के बाद फॉरवर्ड ब्लॉक नेता श्री यादव ने कहा कि, वे इसकी लिखित शिकायत विभाग के कार्यपालक अभियंता को करने जा रहे हैं। यदि शेष बचा कार्य एस्टीमेट अनुसार नहीं हुआ तथा पूर्व में किए गए घटिया निर्माण की जांच कर उचित कार्रवाई और उसमें सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा। किसी को भी जनता के विकास के नाम पर, सड़क बनाने के नाम पर लूट की छूट नहीं दी जा सकती। उन्होंने लोगों से इसके लिए तैयार रहने को कहा। इस दौरान घटिया सड़क निर्माण का विरोध करने वालों में श्री यादव के साथ मुख्य रूप से राजद नेता रघुनंदन यादव, किजपा नेता गंगाधर यादव, लुटा महतो, दिलीप यादव, मनु यादव, टूपलाल यादव, रामदेव यादव तथा अन्य थे।

## श्याम फाल्गुन महोत्सव को लेकर चक्रधरपुर में निकली भव्य निशान यात्रा

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर की मुनी बाबा धर्मशाला प्रांगण में होने वाले श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव को लेकर शनिवार को भव्य निशान यात्रा निकाली गई. निशान यात्रा में शामिल महिला व पुरुष श्रद्धालु हाथों में भगवा निशान लिए हुए थे. सभी गाजे-बाजे के साथ बाबा श्याम के जयकारे लगाते चल रहे थे. श्रद्धालु भगवा कपड़े व पगड़ी पहने हुए थे. बाबा श्याम के भजन वातावरण में भक्ति का संचार कर रहे थे. महिला श्रद्धालुओं में ज्यादा उत्साह देखा गया. निशान यात्रा शहर के न्यू बस स्टैंड हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुई. यात्रा पुराना रांची रोड, बाटा रोड, रांची-चाईबासा रोड होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से होकर मुनी बाबा धर्मशाला प्रांगण पहुंची. श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव के उपलक्ष्य में मुनी बाबा धर्मशाला प्रांगण में शनिवार की शाम भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया है. धनबाद के भजन गायक अभिषेक सिंघल, कोलकाता की भजन गायिका श्वेता कौशिक, राजनांदगांव के निखिल श्याम व राउरकेला के महेश म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार श्याम बाबा को समर्पित भजनों की प्रस्तुति देंगे.

संथाल क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का शुभारंभ

# 4 दिनों तक चलेगा टूर्नामेंट



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**
तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में संथाल क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरूआत हो गई है। सोमवार को मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के पुत्र सनातन मरांडी ने विधिवत फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। पहला मैच रॉयल क्लब तिसरी और एसटी टाइगर धजवा की टीम के बीच खेला गया। जिसमें रॉयल क्लब की टीम विजयी रही। दूसरा मैच जमुनियाटांड और दुलियाकरम के बीच खेला गया जिसमें जमुनियाटांड की तुम विजयी रही। तीसरा क्वाटर फाइनल मैच रॉयल क्लब और जमुनिया की टीम के बीच खेला गया। जिसमें रॉयल क्लब की टीम 8 विकेट से विजय होकर सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। संथाल युवा क्लब तिसरी द्वारा आयोजित इस 4 दिवसीय नॉकआउट मुकाबले में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया है। जिसमें लोकल टीमों के अलावे बंगाल के आसनसोल, बिहार के बाम्दाह, धनबाद,जमशेदपुर, देवघर, गोड्डा और रामगढ़ की टीमें भी शामिल हैं। वहीं प्रत्येक टीम से 8 संथाल और 3 गैर संथाल खिलाड़ियों ने भाग लिया है। टूर्नामेंट में प्रथम स्थान लाने वाली टीम को 50000 रुपया के साथ कप, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 30000 रुपया के साथ कप, तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 15000 रुपया देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा दूर से आने वाली टीमों के लिए भोजन और रहने की व्यवस्था कमिटी द्वारा की गई है। इसके अलावे सारे मैच एमएमएम लाइव यूट्यूब चैनल पर दिखाया जाएगा। जिसके लिए मैदान में 360 डिग्री के कैमरे भी लगावाये गए हैं। मौके पर सनातन मरांडी ने कहा कि शिक्षा के साथ - साथ खेल भी बहुत जरूरी है। खेल जगत में भी बढ़िया स्कोप है, जिस प्रकार महेंद्र सिंह धोनी ने पुरे विश्व में हमारे देश - हमारे राज्य का नाम रोशन किया है उसी प्रकार खेल में रूचि रखने वाले सभी युवाओं से उम्मीद है कि वे भी अच्छा मुकाम हासिल करें और देश व राज्य का नाम रोशन करें।

रक्तदान शिविर की सफलता पर हजारीबाग यूथ विंग के सदस्य हुए सम्मानित

# यूथ विंग का रक्तदान शिविर समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण है : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा बीते 3 मार्च को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 221 यूनिट रक्त का सफलतापूर्वक संग्रह किया गया। इस शिविर में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रयास से रक्त संग्रह किया गया. यह रक्तदान शिविर समाज सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना था। शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं, समाजसेवियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सफल आयोजन के उपरांत, सोमवार को हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग यूथ विंग को भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी इस सामाजिक पहल के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा की समाज सेवा के क्षेत्र में हजारीबाग यूथ विंग का यह प्रयास सराहनीय है। रक्तदान महादान है और आपके इस योगदान से कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचाया जा सकेगा। समाज के प्रति आपकी यह निष्ठा और समर्पण अनुकरणीय है। उपायुक्त ने आगे कहा कि रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है और हजारीबाग यूथ विंग का यह प्रयास समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करेगा। उन्होंने युवाओं से अपील की वे भी आगे आकर इस प्रकार के मानवीय कार्यों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के अंत में हजारीबाग यूथ विंग के सदस्यों ने उपायुक्त एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार की समाजसेवी गतिविधियों को जारी रखने का संकल्प लिया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 14/2024–25

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि :– दिनांक 17.03.2025 को कार्यालय अवधि में।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 18.03.2025 को 03.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 18.03.2025 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूरा करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हजारीबाग | हजारीबाग | Repair and Painting work of KM Stone, Parapet and railing of culverts under Road Division, Hazaribag for the Year 2024-25 (Under Vivekadhin) | 10,09,000.00 | 20200.00 | 2500.00 | 7 (सात) दिन |

निविदा की शर्ते :– कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
प० नि० वि०, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 348237 Road(24-25)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# निजी अस्पतालों की लूट पर रोक लगे

हर नागरिक को भोजन, आवास, शिक्षा और चिकित्सा उपलब्ध कराना सरकारों का उत्तरदायित्व है जिसका पालन करने में अरबों रुपए हर वर्ष खर्च किए जाते हैं। बहाली में बेईमानी से लेकर काम के प्रति लापरवाही जैसे आरोपों के कारण सरकारी चिकित्सा व्यवस्था आज भी पर्याप्त नहीं है जिस कारण निजी चिकित्सा या अस्पताल समानांतर रूप से विकसित होते होते आज विकराल रूप ले चुके हैं। इन अस्पतालों में बहाली में कोई रियायत या पैरवी नहीं चलती और साफ सफाई से लेकर इलाज में देर नहीं होती जबकि सरकारी संस्थाओं को जानबूझकर भी बर्बाद किया जाता है ताकि निजी अस्पताल फल फूल सकें। रांची सहित देश के विभिन्न भागों से मनमने रेट पर इलाज और मरीजों को डराकर उल्टी सीधी रकम वसूलने की शिकायतें आती रहिती हैं जिसमें कई बार मारपीट तक हुई है। जनस्वास्थ्य से जुड़े चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय को सिर्फ कारोबारी लाभ के नजरिए से नहीं देखा जा सकता है। देश में लागू नई आर्थिक नीतियों से उपजी नैतिक व कानूनी महामारी के दौर में जीवन का हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है। दुर्भाग्य है कि चिकित्सा पेशा भी इससे वंचित नहीं है। चर्चा है कि महज आर्थिक लाभ के उद्देश्य से चिकित्सक महंगी जांच और अनावश्यक दवाइयां लिख रहे हैं। जानलेवा ऑपरेशन करने और अंगों के कारोबार तक से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासनिक भ्रष्टाचार और न्यायिक जटिलताओं से ऐसे बहुत कम मामले हैं जो कोर्ट की दहलीज तक पहुंच पाते हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकारों से यह कहना कि वे प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों के 'शोषण' को रोकने के लिए उचित नीतिगत फैसला लें। जनहित के इस सवाल पर राज्य सरकारों को तुरंत एक्शन में आना चाहिए। एक जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि प्राइवेट अस्पतालों और उनकी फार्मेसी में एमआरपी से ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। लिहाजा, कोर्ट ने इन अस्पतालों पर खुद से प्रतिबंध लगाने से इनकार किया और कहा कि ये संविधान में राज्य सूची का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें ही इस पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर सकती है। वही उचित गाइडलाइंस बना सकती हैं। इसमें संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिससे न तो मरीजों और उनके परिजनों का शोषण हो और न ही प्राइवेट अस्पतालों के कामकाज पर बेवजह प्रतिबंध लगे। यह जनहित याचिका एक कानून के छात्र सिद्धार्थ डालमिया ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि 'उनकी मां को पिछले साल कैंसर हुआ था और वह अब ठीक हो चुकी है। लेकिन उनके इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पतालों में जबरन महंगी दवाएं खरीदनी पड़ीं। लिहाजा, इनकी गुहार है कि मरीजों और परिजनों को यह आजादी मिले कि वे अपनी पसंद की फार्मेसी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट आदि खरीद सकें। हालांकि, केंद्र ने कोर्ट में कहा है कि मरीजों पर विशेष फार्मेसी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट लेने की बाध्यता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देना सरकार की जिम्मेदारी है। भले ही बढ़ती आबादी के कारण सरकार को प्राइवेट अस्पतालों की मदद लेनी पड़ी, लेकिन इसमें मरीजों का शोषण नहीं होना चाहिए।

*देश में लागू नई आर्थिक नीतियों से उपजी नैतिक व कानूनी महामारी के दौर में जीवन का हर क्षेत्र प्रभावित हो रहा है।*

# हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर, बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्रीकृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला लगता है, जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते हैं। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गईं। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी।

श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेद्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुए। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनों लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे।

कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुई। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोड़े पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरूक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुए।

भगवान श्रीकृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिए पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापस तरकश में ही आयेगा। यदि उन्होंने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनों लोकों में हाहाकार मच जाएगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी कि इस पीपल के पेड़ के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तों की और चलाया।

विशेष मेला (11 मार्च) पर विशेष



आज की बात



**रमेश सर्राफ धमोरा**

तीर ने क्षण भर में पेड़ के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होंने अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिए वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिए वचन दोहराते हुए कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की ओर अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा।

ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिए चकरा गया परंतु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया।

उन्होंने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होंने बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्रीकृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली। फाल्गुन माह की द्वादशी को उन्होनें अपने शीश का दान दिया। उनका सिर युद्धभूमि के समीप ही एक पहाड़ी पर सुशोभित किया गया जहां से बर्बरीक सम्पूर्ण युद्ध का जायजा ले सकते थे।

युद्ध की समाप्ति पर पांडवों में ही आपसी खिंचाव हुआ कि युद्ध में विजय का श्रेय किसको जाता है। इस पर कृष्ण ने उन्हें सुझाव दिया कि बर्बरीक का शीश सम्पूर्ण युद्ध का साक्षी है, उससे बेहतर निर्णायक भला कौन हो सकता है। सभी इस बात से सहमत हो गए। बर्बरीक के शीश ने उत्तर दिया कि कृष्ण ही युद्ध में विजय प्राप्त कराने में सबसे महान पात्र हैं। उनकी शिक्षा, उनकी उपस्थिति, उनकी युद्धनीति ही निर्णायक थी। उन्हें युद्धभूमि में सिर्फ उनका सुदर्शन चक्र घूमता हुआ दिखायी दे रहा था जो कि शत्रु सेना को काट रहा था। महाकाली दुर्गा कृष्ण के आदेश पर शत्रु सेना के रक्त से भरे प्यालों का सेवन कर रही थी।

कृष्ण वीर बर्बरीक के महान बलिदान से काफी प्रसन्न हुये और वरदान दिया कि कलियुग में तुम श्याम नाम से जाने जाओगे, क्योंकि कलियुग में हारे हुये का साथ देने वाला ही श्याम नाम धारण करने में समर्थ होगा। ऐसा माना जाता है कि एक बार एक गाय उस स्थान पर आकर अपने स्तनों से दुग्ध की धारा स्वतरू ही बहा रही थी, बाद में खुदायी के बाद वह शीश प्रकट हुआ।

एक बार खाटू के राजा को स्वप्न में मन्दिर निर्माण के लिये और वह शीश मन्दिर में सुशोभित करने के लिये प्रेरित किया गया। तदन्तर उस स्थान पर मन्दिर का निर्माण किया गया और कार्तिक माह की एकादशी को शीश मन्दिर में सुशोभित किया गया, जिसे बाबा श्याम के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। मूल मंदिर 1027 ई. में रूपसिंह चौहान और उनकी पत्नी नर्मदा कंवर द्वारा बनाया गया था। मारवाड़ के शासक ठाकुर के दीवान अभय सिंह ने ठाकुर के निर्देश पर 1720 ई0 में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। मंदिर इस समय अपने वर्तमान आकार ले लिया और मूर्ति गर्भगृह में प्रतिष्ठापित किया गया था। मूर्ति दुर्लभ पत्थर से बनी है। प्रशासन यहां की व्यवस्था को लेकर पूरा सजग है। जिला प्रशासन व मंदिर प्रबंध कमेटी ने मिलकर खाटू श्याम मंदिर परिक्षेत्र में कई नई सुविधाओं को प्रारंभ किया है। यहां के आम रास्तों को 40 फीट तक चौड़ा किया गया है। मंदिर में दर्शन करने की व्यवस्था में भी आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। इससे मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हो रही है। सरकार ने मंदिर परिसर क्षेत्र के विकास की घोषणा की है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## ये त्यौहार संडे को क्यों पड़ते हैं

एक समय की बात है, भारत के एक छोटे से शहर में रामलाल नाम का एक कर्मठ कर्मचारी रहता था। रामलाल सरकारी दफ्तर में काम करता था और उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा सुख त्योहारों पर मिलने वाली छुट्टियाँ थीं। वह पूरे साल इन छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार करता, मानो ये छुट्टियाँ नहीं, बल्कि स्वर्ग से उतरी कोई वरदान हों। एक दिन, जब रामलाल अपने दफ्तर में बैठा चाय की चुस्कियाँ ले रहा था, तभी उसके सहकर्मी श्यामू ने कहा, "रामलाल भाई, सुना है इस साल कई त्योहार संडे को पड़ रहे हैं।" रामलाल के हाथ से चाय का कप लगभग छूट गया। उसने घबराते हुए पूछा, "क्या? कौन-कौन से त्योहार?" श्यामू ने मुस्कुराते हुए कहा, "गणतंत्र दिवस, गुड़ी पड़वा, राम नवमी... और भी कई हैं।" रामलाल का चेहरा ऐसे लटक गया जैसे किसी बच्चे से उसकी पसंदीदा टॉफी छीन ली गई हो। उसने बड़बड़ाते हुए कहा, "ये तो सरासर नाइंसाफी है। त्योहारों का काम ही है हमें अतिरिक्त छुट्टी देना, और ये संडे को पड़कर हमारी छुट्टी खा रहे हैं।" उस शाम, रामलाल घर पहुंचा और कैलेंडर लेकर बैठ गया। उसने देखा कि वाकई इस साल कई प्रमुख त्योहार संडे को पड़ रहे हैं। उसने सोचा, "ये तो वही बात हो गई कि ऊपर से कुर्सी खींच ली जाए।"

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

अगले दिन, दफ्तर में रामलाल ने अपने साथियों के साथ इस "गंभीर समस्या" पर चर्चा की। सबने मिलकर तय किया कि वे बॉस से मिलकर अतिरिक्त छुट्टियों की मांग करेंगे। बॉस, जो खुद भी छुट्टियों के शौकीन थे, ने उनकी बात सुनी और कहा, "देखो भाई, त्योहारों की तारीखें तो हम नहीं बदल सकते। लेकिन हम एक प्रस्ताव सरकार को भेज सकते हैं कि जब भी कोई त्योहार संडे को पड़े, तो सोमवार को छुट्टी दी जाए।" रामलाल और उसके साथियों की आंखों में उम्मीद की किरण जगी। उन्होंने तुरंत एक पत्र तैयार किया और सरकार को भेज दिया। कुछ हफ्तों बाद, सरकार की ओर से जवाब आया। पत्र में लिखा था, "आपका प्रस्ताव प्राप्त हुआ। सरकार ने इस पर गंभीरता से विचार किया और निर्णय लिया है कि भविष्य में कोई भी त्योहार संडे को नहीं पड़ेगा। इसके लिए एक विशेष समिति बनाई जाएगी जो त्योहारों की तारीखें निर्धारित करेगी, ताकि वे हमेशा वीकेंड में ही पड़ें।" रामलाल और उसके साथियों ने राहत की सांस ली। उन्हें लगा कि उनकी मेहनत रंग लाई। लेकिन, जैसा कि होता है, सरकार की विशेष समिति ने काम शुरू किया। उन्होंने पंचांग, खगोल विज्ञान, और न जाने किन-किन विद्वानों से परामर्श किया। अंततः उन्होंने निर्णय लिया कि सभी त्योहारों की तारीखें बदल दी जाएं, ताकि वे कभी भी संडे को न पड़ें। परिणामस्वरूप, अगले साल दिवाली बुधवार को, होली गुरुवार को, और ईद शुक्रवार को पड़ने लगी। रामलाल और उसके साथी खुश थे कि अब उन्हें अतिरिक्त छुट्टियाँ मिलेंगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# सोमवार को ही क्यों होतें हैं हार्ट अटैक के सबसे अधिक मामले

विगत कुछ दशकों से हार्ट अटैक के मामलों में पर्याप्त बढ़ोत्तरी देखने सुनने को मिल रही है। सीने में दर्द, दबाव, जकड़न, जलन और सांस फूलने के साथ साथ यदि बांह, गर्दन, जबड़े, पीठ या पेट में तीखा दर्द जैसा कुछ हो रहा हो तो इनमें से तमाम लक्षणों को अमूमन हार्ट अटैक का लक्षण माना जाता है। जानकारों के अनुसार यह सीने में दर्द के साथ या बगैर दर्द के भी ठंडा पसीना, चक्कर, मतली और थकान के रूप में भी हमें अपनी गिरफ्त में ले सकता है। कई मामलों में मांसपेशियों में खिंचाव या अपच जैसी स्थिति में भी हमें उपरोक्त लक्षण नजर आने लगते हैं। इन लक्षणों में से हदयाघात की पुष्टि के लिए हमें विशेषज्ञ की जरूरत होती है परन्तु हार्ट अटैक को लेकर कुछ ऐसे भी तथ्य सामने आ रहे हैं जिनकी जानकारी के लिए किसी विशेषज्ञ की नहीं बल्कि एक आकलनकर्ता की ओर गंभीरतापूर्वक देखना पड़ रहा है। ऐसा इसलिए कि आ रही रिपोर्टों की मानें तो सबसे ज्यादा हार्ट अटैक के मामले सप्ताह की शुरुआत में ही आते हैं। विश्व के अधिकांश भागों में अमूमन सप्ताह की शुरुआत सोमवार से होती है और यह जानकर आप चौंक जाएंगे कि हार्ट अटैक के सबसे अधिक मामले ऐसे ही किसी सोमवार को दर्ज किए जाते हैं। अभी तक इस खतरनाक से ट्रेंड को लेकर किसी वैज्ञानिक शोध की बातें सार्वजनिक पटल पर लोकप्रिय नहीं है जबकि ब्लैक सोमवार का यह माजरा एक कड़वी हकीकत बनकर सामने आ रही है। प्रचारित वैज्ञानिक शोधों के अभाव के बीच आ रही मीडिया रिपोर्टों की मानें तो इस खतरनाक ट्रेंड की सच्चाई के पीछे यह माना जा रहा है कि हफ्ते का पहला दिन अर्थात "सोमवार" प्रायः तनाव और भागदौड़ से भरा हुआ होता है। यह सर्वविदित है कि दिल का सीधा संबंध हमारी मानसिक स्वास्थ्य के साथ होता है। इस संदर्भ में यह निर्विवाद तथ्य भी है कि मानसिक तनाव को हार्ट अटैक या हार्ट फेल्योर का एक बड़ा कारण माना जाता है। इस संबंध में ब्रिटिश कार्डियोवास्कुलर सोसायटी

आपकी बात



**केदारनाथ दास**
बसिया, गुमला




(बीसीएस) के कॉन्फ्रेंस-2023 में पेश किए गए एक अध्ययन में दिल के दौरे (हार्ट अटैक) को लेकर जो जानकारी अब सामने आ रही है उसके अनुसार भी हफ्ते के किसी अन्य दिन की तुलना में सोमवार को हार्ट अटैक के अधिक मामले दर्ज किए जाते हैं। दावा यह किया जा रहा है कि शोध का यह कार्य "बेलफास्ट हेल्थ एंड सोशल केयर ट्रस्ट" और "रॉयल कॉलेज ऑफ सर्जन्स आयरलैंड" तत्वावधान में डॉक्टरों की एक टीम के द्वारा लगातार पांच वर्षों के सघन प्रयास के माध्यम से किया गया है। इसमें शोधकर्ताओं ने 2013 से 2018 के बीच 10 हजार से अधिक हार्ट अटैक के रिकॉर्ड्स की गहन जाँच की। इस जाँच में सबसे गंभीर प्रकार के हार्ट अटैक और एसटी-सेगमेंट एलिवेशन मायोकार्डियल इन्फार्क्शन (STEMI) के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों के आंकड़ों को शामिल किया गया। इस अध्ययन में यह पाया गया कि हफ्ते की शुरुआत में (खासकर सोमवार को) ऐसे गंभीर हार्ट अटैक की घटनाएं 13% तक बढ़ जाती हैं। इस संबंध में शोध से जुड़े एक डॉक्टर जैक लैफन के द्वारा डेली मेल में प्रकाशित आलेख के हवाले से यह बताया जा रहा है कि पश्चिमी देशों में इस तरह के ट्रेंड पहले भी देखे गए हैं। अब भारत में भी ऐसे किसी प्रयास की जरूरत महसूस की जा रही है क्योंकि मामला भले पाश्चात्य देशों से संबंधित हो परन्तु ऐसे किसी तथ्य को हल्के में नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। ऐसा इसलिए भी जरूरी है क्योंकि पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत में भी हार्ट अटैक के मामलों में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी के मामले सामने आ रहे हैं और विशेषकर सर्दियों में और सुबह के समय हार्ट अटैक की संभावना अधिक होने की बात यहाँ भी हर चिकित्सकीय सलाह में शामिल होने लगी है। इसके अतिरिक्त ऐसे स्ट्रोक्स के मामलों में जब पश्चिम के डॉक्टरों का यह मानना है कि सप्ताह की शुरुआत में हार्ट अटैक की पुनरावृत्ति का एक कारण हमारे सर्कैडियन रिद्म (बायोलॉजिकल क्लॉक) में होने वाले बदलाव हो सकते हैं तो भारतीय मानव शरीर संरचना को भी इससे अलग करके नहीं देखा जा सकता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

जहाँ जहाँ रावण मिलें, चलो आखिरी दांव।
लोग उठाये घूमते, अंगद जैसा पांव।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

# क्रिकेट चैंपियनों के रंग में रंग गया रंगों का त्यौहार होली

विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में जहाँ एक ओर अभी-अभी सदी का महाकुंभ नये विश्व कीर्तिमान स्थापित कर समाप्त हुआ है। वहीं देश की जनता क्रिकेट से इतना लगाव रखती है कि होली के मुहावने पर न्यूजीलैंड के साथ चैपियनशिप के फाइनल मैच में अनेक उतार-चढ़ाव के बाद आखिरकार भारत ने तीसरी बार चैंपियन बनकर एक ओर विश्व रिकार्ड अपने नाम कर दिया है। मैच समाप्त होने के बाद प्रशंसकों की दीवानगी का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि देश के हर गाँव-शहर हर कॉलोनी में इतने पटाखे छोडे जा रहे थे कि मानो दिवाली आ गई हो। दो-तीन दिन बाद होली का त्यौहार है किन्तु देश में यदि एक-दूसरे पर रंग फेंक कर होली मनाई जा रही थी तो दूसरी ओर धड़ाधड़ा बम फोड़कर दिवाली भी मनाई जा रही थी। टीम के कैप्टन ने सचिन की तरह आलोचकों को अपने रन उगलते बल्ले से खरा जवाब दिया तो श्रेयश अय्यर ने लड़खड़ाती पारी को संभालते हुए देश के प्रशंसकों को होली और दीवाली दोनों एक साथ मनाने का अवसर दिया। यद्यपि लोग अभी क्रिकेट की दिवाली मना रहे हैं किन्तु वहीं रंगों से सरोबार होली का त्योहार भी हर घर दस्तक दे रहा है । होली का त्योहार भारतवर्ष में अति प्राचीनकाल से मनाया जाता आ रहा है। यद्यपि यह देश के हर क्षेत्र में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है तथापि त्यौहार के नाम में परिवर्तन हो सकता है। होली बहुत ही प्राचीन परम्परागत त्यौहार है । इतिहास की दृष्टि से देखें तो यह वैदिक काल से मनाया जाता आ रहा है। चैत्र कृष्ण प्रतिप्रदा के दिन धरती पर प्रथम मानव मनु का जन्म हुआ था। इस कारण इसे मन्वादितिथि भी कहते हैं। इसी दिन कामदेव का पुनर्जन्म हुआ था। इन सभी खुशियों को व्यक्त करने के लिए रंगोत्सव मनाया जाता है। नरसिंह रूप में भगवान इसी दिन प्रकट हुए थे जिन्होंने होलिका दहन करके प्रहलाद को बचाया था। यद्यपि दिवाली की भाँति होली पर्व के अवसर पर महीनों पहले सजावट का उत्साह, बाजार व घरों आदि में वैसी तैयारियां दिखाई नहीं देती तथापि होली का महत्व किसी भी अन्य त्यौहार से कम नहीं आँका जा सकता बल्कि इसका महत्व औरों से अधिक ही माना जाता है। बहुत ही कम खर्चीला त्यौहार है होली। न हजारों रुपये के पटाखे लाने पड़ते न बहुत ज्यादा साज-सजावट और फिर भी मस्ती सबसे अधिक।

भारत में होली का उत्सव अलग-अलग प्रदेशों में भिन्न-भिन्न ढंग से मनाया जाता है। उत्तर भारत में तो अपनी स्थानीय परम्पराओं से होली को और भी रंगीन बना दिया जाता है । विविधता में एकता के दर्शन वास्तव में यदि कहीं देखने हो तो होली पर्व पर दिखाई देते हैं। ब्रज की होली आज भी सारे देश के आकर्षण का बिंदु है। बरसाने की लठमार होली काफ़ी प्रसिद्ध है। बरसाने की साँकरी गली से ग्वालों के रूप में जब मर्द निकलते हैं तो गोपियों के रूप में महिलाएं पहले तो रंगों से भरी बाल्टी उड़ेलकर होली को रंगीन बना देती है और फिर लट्ठमार होली प्रारंभ होती है । इसमें पुरुष महिलाओं पर रंग डालते हैं और महिलाएँ उन्हें लाठियों तथा कपड़े के बनाए गए कोड़ों से मारती हैं। न केवल देश से अपितु विदेश से भी लोग यहां होली में शामिल होने को आतुर रहते हैं। इसी प्रकार मथुरा और वृंदावन में भी 15 दिनों तक होली का पर्व मनाया जाता है। हरियाणा की धुलंडी में भाभी द्वारा देवर को सताए जाने की प्रथा देखते ही बनती है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र की रंग पंचमी में सूखा गुलाल खेलने, गोवा के शिमगो में जलूस निकालने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा पंजाब के होला मोहल्ला में सिक्खों द्वारा शक्ति प्रदर्शन की परंपरा है। बैल गाड़ी दौड़, घुड़ दौड़, वजन उठाना, कबड्डी आदि होली के आकर्षण होते हैं। हरियाणा ,पंजाब ,हिमाचल प्रदेश व उत्तरप्रदेश में होली के अवसर पर जगह-जगह कुश्ती के दंगल आयोजित करने की परम्परा है। रंगों से रंगे पहलवान जब अखाड़े में उतरते हैं तो कुश्ती की जोरअजमाइश में पसीनों से लथपथ वे माटी से सने हुये होली के रंगो की तरह दिखाई देते हैं । दक्षिण गुजरात के आदिवासियों के लिए होली सबसे बड़ा पर्व है, छत्तीसगढ़ की होली में लोक गीतों की अद्भुत परंपरा है और मध्यप्रदेश के मालवा अंचल के आदिवासी इलाकों में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है भगोरिया, जो होली का ही एक रूप है। बिहार का फगुआ जम कर मौज मस्ती करने का पर्व है और नेपाल की होली में इस पर धार्मिक व सांस्कृतिक रंग दिखाई देता है। इसी प्रकार विभिन्न देशों में बसे प्रवासियों तथा धार्मिक संस्थाओं जैसे इस्कॉन या वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में अलग अलग प्रकार से होली के श्रृंगार व उत्सव मनाने की परंपरा है जिसमें अनेक समानताएँ और भिन्नताएँ हैं।

देश की बात



**डॉ उमेश प्रताप वत्स**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रंगभरी एकादशी पर काशी विश्वनाथ मंदिर का नजारा, गूंजा 'हर-हर महादेव'



**वाराणसी।** रंगभरी एकादशी पर्व पर सोमवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में उत्सव सरीखा नजारा है। काशीवासियों सहित दरबार में आए देश विदेश के श्रद्धालु बाबा विश्वनाथ का गौना उत्सव पूरी श्रद्धा, उमंग और उल्लास के साथ मना रहे हैं। शिवभक्त परंपराओं का पालन करते हुए श्री काशी विश्वनाथ और माता गौरा के रजत विग्रह पर हल्दी, अबीर-गुलाल और पुष्प अर्पित कर रहे हैं। इस पर्व की अद्भुत ऊर्जा और महिमा महादेव के भक्तों को न केवल उत्साहित कर रही है, बल्कि समस्त धाम में आध्यात्मिक छटा भी बिखेर रही है। धाम परिसर में जब फूलों से सुसज्जित पालकी पर विराजमान श्री काशी विश्वनाथ महादेव और माता गौरा की रजत प्रतिमा ने भ्रमण आरंभ किया, तो हर कोने से "हर हर महादेव" का उद्घोष गूंजने लगा। यह दृश्य आस्था, श्रद्धा और भक्ति के अद्वितीय संगम का प्रतीक बन गया, जिससे सम्पूर्ण धाम में एक अद्भुत दिव्यता और रौनक दिखाई दी। बाबा और गौरा की प्रतिमाओं के भ्रमण के दौरान भक्तों में जोश भर दिया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और प्रेम से बाबा काशी विश्वनाथ और माता गौरा को हल्दी लगाकर गुलाल अर्पित किया। बाबा के गौना उत्सव रंगभरी एकादशी का उल्लास काशी के कोने-कोने में महसूस हो रहा है।

## राधा दामोदर में होली का आगाज, श्रद्धालुओं ने लगाया एक-दूजे को गुलाल

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन स्थित ठाकुर श्री राधा दामोदर मंदिर में रंगीली महोत्सव का आगाज हो गया है। मंदिर परिसर में ब्रज की गोपियों ने होली के गीत गाए। इस दौरान देश-विदेश से आए भक्त होली के रंग में सराबोर दिखाई दिए। मंदिर सेवायत आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि आज से मंदिर में होली का आगाज हो गया है। मंदिर परिसर में ब्रज की महिलाओं द्वारा होली के गीतों का गायन किया गया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण और राधा के स्वरूपों के साथ फूल की होली का भी आयोजन हुआ है। यह उत्सव मंदिर की मां गोसाई आचार्या तरुलता गोस्वामी के सानिध्य में मनाया गया है। उन्होंने कहा, "ब्रज में 40 दिनों तक होली मनाई जाती है, जिसमें बरसाना, नंदगांव समेत कई क्षेत्रों में अलग-अलग तरीके से होली मनाई जाती है। आज रंगभरी एकादशी है और इस दिन बिहारी जी भक्तों के साथ होली खेलना शुरू कर देते हैं। ठाकुर जी अलग-अलग तरीकों से होली खेलते हैं। यहां जैसी होली पूरे विश्व में कहीं भी नहीं मनाई जाती है। यहां की होली में ठाकुर जी का रंग और प्रेम भी झलकता है। बरसाना की होली खेलने आई श्रद्धालु कीर्ति सुदर्शन सेन ने कहा कि मैं राजस्थान से पहली बार यहां आई हूं और यहां की होली खेलकर मुझे स्वर्ग के दर्शन हो गए हैं। मैंने ऐसी होली कभी नहीं खेली है और यहां आने के बाद ऐसा लग रहा है कि हर साल यहां की होली ही मनाई जाए। श्रद्धालु अंतिमा ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि बरसाना की होली का अहसास अलग ही होता है। यहां आकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि खुद ठाकुर जी ही सभी को गुलाल लगा रहे हैं। प्राचीन परंपरा के अनुसार, ठाकुर जी को होली के रसिया अनुरूप पोशाक धारण कराई जाती है और ब्रज के पारंपरिक मिष्ठान जैसे गुजिया, जलेबी, मालपुआ, शकरपारे, रबड़ी, गुड़ निर्मित मिठाइयां, मठरी, कचौरी, पूड़ी का भोग लगाया जाता है। यह भोग ठाकुर जी को होली तक लगाया जाता है।

## बिहार के भोजपुर में अपराधियों ने दिनदहाड़े शोरूम में हथियार के बल पर की लूटपाट

**एजेंसी। आरा**



बिहार के भोजपुर जिला मुख्यालय आरा में अज्ञात अपराधियों ने सोमवार को एक बड़ी घटना को अंजाम देते हुए एक आभूषण शोरूम में धावा बोल दिया और वहां लूटपाट कर आराम से फरार हो गए। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

शोरूम के कर्मचारियों के मुताबिक, जब स्टॉक निकाला ही जा रहा था तभी सात से आठ अपराधी शोरूम पहुंच गए और सभी कर्मचारियों को अपने कब्जे में लिया और लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। अपराधियों की संख्या सात से आठ बताई जा रही है। इनमें एक अपराधी ने मास्क लगाया था, जबकि अन्य सभी अपराधी मुंह खुला रखे थे। बताया गया कि ग्राहक बनकर पहले दो अपराधी घुसे, जिसके बाद हथियार के बल पर लूटपाट की गई। इस दौरान लुटेरों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की। जानकारी के मुताबिक, इस शोरूम में सुरक्षा के नाम पर दो गार्ड भी थे। अपराधियों ने पहले एक सुरक्षा गार्ड से हथियार का भय दिखाकर उसकी बंदूक लूट ली। कर्मचारियों का आरोप है कि पुलिस को घटना की सूचना देने के बाद भी समय पर नहीं पहुंच सकी। भीड़भाड़ वाले इलाके में दिनदहाड़े अपराधियों की लूटपाट की वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि अपराधियों ने कितने पैसों या गहनों की लूटपाट की है। कर्मचारियों का कहना है कि लुटेरे अधिकांश आभूषण ले गए हैं। अभी स्टॉक मिलाया जा रहा है। स्टॉक मिलाने के बाद ही सही जानकारी मिल सकेगी। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों की पहचान की जा रही है। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

नौकरी की मानसिकता बदलें युवा

# रोजगार पाने के बजाय रोजगार उत्पन्न करने वाले बनें : राष्ट्रपति

**एजेंसी। हिसार**



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने विद्यार्थी वर्ग से अग्राह किया है कि वे शिक्षा हासिल करके रोजगार पाने की मानसिकता को बदलें और रोजगार पाने की बजाय रोजगार उत्पन्न करने वाले बनें। यदि हम ऐसा करते हैं तो यह समाज कल्याण व देश की उन्नति में बहुत बड़ा कदम होगा। राष्ट्रपति मुर्मु सोमवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों, डिग्री व गोल्ड मेडल पाने वाले विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि अपने ज्ञान व कौशल के बल पर विद्यार्थी समाज का कल्याण करें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि दीक्षांत समारोह में पीएडी की डिग्री लेने वालों में बेटियों की संख्या 60 प्रतिशत से ज्यादा व पदक लेने वालों में बेटियों की संख्या 75 प्रतिशत से ज्यादा है। इसके लिए उन्होंने उपलब्धि प्राप्त बेटियों, उनके परिजनों व शिक्षकों को बधाई दी और कहा कि यह केवल हरियाणा ही नहीं बल्कि देश के विकास व समाज में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि गुरु जम्भेश्वर जी, जिनके सम्मान में इस विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है, महान संत, दार्शनिक व वैज्ञानिक सोच के धनी थे। उनकी नैतिक जीवन शैली व पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी सोच को नमन करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि प्रकृति की रक्षा, जीवों के प्रति करूणा, दया का भाव रखना व उन्हें संरक्षण प्रदान करना मानव का नैतिक दायित्व है। वर्तमाान में हम जिन पर्यावरण संबंधी समस्याओं का हल खोज रहे हैं, उनमें गुरु जम्भेश्वर जी की शिक्षाएं प्रासंगिक हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी गुरु जम्भेश्वर की शिक्षाओं पर चलकर समाज व देश की तरक्की में अपना योगदान देते रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत को ग्लोबल नॉलेज सुपर पावर के रूप में स्थापित करने में उच्च शिक्षण संस्थाओं में किए गए शोध अहम भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि समय की मांग के अनुसार शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू की गई। इस बात की खुशी है कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के सभी विभागों में नई शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। नई शिक्षा नीति विकास, मौलिक शोध व रचनात्मकता को बढ़ावा देगी और रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह में डिग्री व पदक लेने वाले विद्यार्थियों की नई यात्रा की शुरुआत हो रही है। इस नई यात्रा में चुनौतियां भी हैं और अवसर भी हैं। ऐसे में निरंतर सीखते हुए और अपने कौशल को बेहतर करते हुए चुनौतियों को अवसर में बदल सकते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान व कौशल प्राप्त करने का ही साधन नहीं है। शिक्षा मनुष्य में नैतिक सहिष्णुता व करूणा जैसे जीवन मूल्यों को विकसित करने का माध्यम भी है। शिक्षा आपको रोजगार के योग्य बनाने के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक भी करती है।

### एजुकेशन व टेक्नोलॉजी का लाभ गांव-गांव पहुंचें

राष्ट्रपति भवन में हुए एक कार्यक्रम में उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थाओं में शिक्षण के साथ-साथ शोध कार्यों को बढ़ावा देने का आग्रह किया था। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय की 30 वर्ष की यात्रा में यहां के विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों के विभिन्न शोध व अनुसंधान परियोजनाओं ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। इस बात की भी खुशी है कि शोध व रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय में कई विशेष विभाग बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि बदलती ग्लोबल डिमांड के अनुसार युवा पीढ़ी को तैयार करना उच्च शिक्षण संस्थाओं के समक्ष बड़ी चुनौती है। देश के संतुलित व सतत विकास के लिए ये भी जरूरी है कि एजुकेशन व टेक्नोलॉजी का लाभ गांव-गांव पहुंचें। इस बात की खुशी है कि गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में 60 प्रतिशत बच्चे गांव या छोटे शहरों से हैं। ऐसे में गांवों तक शिक्षा व तकनीक पहुंचाने में यह विश्वविद्यालय सहायक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने गांवों व छोटे शहरों से आने वाले विद्यार्थियों से भी अपील की कि वे शिक्षा के महत्व का प्रचार-प्रसार करें।

## राजद के आरक्षण पर धरना को लेकर जदयू ने दिखाया आईना

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में रविवार को राजद कार्यकर्ताओं ने सरकारी नौकरियों में 65 फीसदी आरक्षण लागू करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस धरने में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी शामिल हुए। अब इसे लेकर जदयू ने राजद पर निशाना साधा है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने सोमवार को कहा, "राजद नेता तेजस्वी यादव राजनीतिक बकैती कर रहे हैं? आरक्षण के ठेकेदार बन गए हैं? खुद की पार्टी में टिकट खानदानी, कुर्सी खानदानी, भ्रष्टाचार खानदानी, आरक्षण पर तेरी बात बेइमानी। चारा चरने वालों, पहले अपनी पार्टी में परिवार नहीं, अति पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक को आरक्षण दो। पटना में राजद कार्यालय के बाहर रविवार को आयोजित धरना कार्यक्रम में शामिल होते हुए विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा था कि आरक्षण के मुद्दे पर यह धरना दिया गया है। दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अति पिछड़ा को बढ़े हुए आरक्षण का फायदा दिया गया था। उन्होंने भाजपा को आरक्षण चोर बताते हुए कहा कि महागठबंधन सरकार में जातीय गणना हुई। उसके बाद आरक्षण का दायरा 16 प्रतिशत बढ़ाकर कुल 65 प्रतिशत किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बढ़े हुए आरक्षण को संविधान की नौंवी अनुसूची में शामिल कीजिए, लेकिन केंद्र सरकार ने ऐसा नहीं किया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## नौकरी के नाम पर विपक्षी पार्टियां 'ख्याली पुलाव' पका रही हैं : जीतन राम मांझी

**एजेंसी। गया**



केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने कहा कि नौकरी के नाम पर विपक्षी पार्टियां ख्याली पुलाव पका रही हैं। उनके पास कुछ नहीं है, जो वह नौकरी देंगे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, "वे समाज के द्वारा परंपरागत तरीके से होली मिलन समारोह करते आ रहे हैं। लोकसभा चुनाव के पहले भी होली मिलन समारोह के कार्यक्रम में हम आए थे, उस समय लोगों ने हमें सांसद बनाने का संकल्प लिया था। आज हम गया के सांसद के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री बन गए। आज हमें लोकतंत्र के सत्र में जाना है। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के बिहार में 'नौकरी दो यात्रा' पर निकलने के संबंध में उन्होंने कहा, "नौकरी कहां से देंगे। उनके पास कौन सी ताकत है कि वह नौकरी देंगे। नौकरी और नियोजन दो बातें होती हैं। आपने देखा होगा कि बिहार सरकार 12 से 13 लाख लोगों को नौकरी दे चुकी है। नीतीश कुमार ने यात्रा कर करोड़ों रुपए की योजनाओं की घोषणा की। सभी योजनाओं को मंत्रिमंडल में स्वीकृति दे दी गई है। सभी विभाग में काम लग रहा है। अगर काम लगेगा तो नियोजन होगा। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि बिहार में सबको नौकरी देना संभव नहीं है। विपक्ष के नेता ख्याली पुलाव पका रहे हैं। उनके पास कुछ नहीं है, जो वह नौकरी देंगे। अगर उन्हें बिहार की जनता सत्ता देती है, फिर भी वे पूरा नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार में नीतीश कुमार का नेतृत्व है।

## होली से परहेज तो क्यों बेचते हैं रंग-गुलाल मुस्लिम : हरिभूषण ठाकुर

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानमंडल के परिसर में बजट सत्र के सातवें दिन आज भाजपा के फायरब्रांड विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने होली में रंग गुलाल और अबीर की बिक्री मुस्लिम समुदाय के लोगों को नहीं करने की नसीहत दी है। भाजपा के विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा है कि होली में रंग-गुलाल और अबीर के बिक्री मुस्लिम समुदाय के लोग ना करें। रंग-गुलाल लगवाने से मुसलमानों को परहेज होता है, तो बिक्री क्यों करते हैं ? होली जुम्मे (शुक्रवार) के दिन है, हिंदुओं को होली मनाने दें, अगर रंग से आपत्ति है तो उसे दिन घर से ना निकलें। वैसे भी साल में 52 जुम्मा (शुक्रवार) होता है। एक दिन नहीं ही निकलें और बड़ा दिल दिखाएं।

### भाजपा विधायक के बयान पर जदयू-राजद ने दी प्रतिक्रिया

भाजपा विधायक के विवादित बयान पर राज्य में सहयोगी पार्टी जदयू ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि उनके व्यक्तिगत बयान से हम लोग सहमति नहीं रखते । सबको, सब तरह की दुकान चलाने का अधिकार है। बिहार में बिहार मॉडल चलता है, अब तो देश में भी बिहार मॉडल चलता है। सभी धर्म-समप्रदाय के लोग आपस में भाई हैं। हरिभषण ठाकुर के बयान पर राजद विधायक फतेह बहादुर सिंह ने कहा है कि यह लोग समाज में वैमनस्यता फैलते हैं, उनके बयान के झांसे में कोई अब आने वाला नहीं है।

## नमाज अदा कर लौट रहे व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रामगढवा थाना क्षेत्र में तरावीह की नमाज अदा कर लौट रहे व्यक्ति के सीने में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। घटना रविवार की रात रामगढ़वा थाना के बैरिया पंचायत के आर्यानगर की है। जहां बदमाशों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। मृतक की पहचान 53 वर्षीय शेख नुरेन के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची रामगढ़वा थाना पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आसपास बदमाशों ने शेख नुरेन के सीने में गोली मारी और घटना को अंजाम देने के बाद पैदल ही भाग निकले। बदमाशों की संख्या दो बताई जा रही है। गोली लगते ही शेख नुरेन जमीन पर गिर गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सोमवार को पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद मीडिया को बताया कि घटना को लेकर रक्सौल डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया है।

## अलीगढ़ में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**अलीगढ़।** देश के अलग-अलग हिस्सों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए हैं। यह सभी लंबे समय से अलीगढ़ जिले में थाना टप्पल क्षेत्र के अंतर्गत जट्टारी कस्बे में अवैध रूप से रह रहे थे। मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना टप्पल पुलिस ने कार्रवाई की और एक महिला समेत चार अवैध बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारी अमित जैन ने बताया कि अलीगढ़ में थाना टप्पल पुलिस ने भारत में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को सोमवार को गिरफ्तार किया। रोपियों में एक महिला भी शामिल है।

## महाराष्ट्र में अजित पवार ने पेश किया अपना 11वां बजट, किए कई महत्वपूर्ण ऐलान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार ने विधानसभा में अपना 11वां बजट पेश किया। उन्होंने बजट पेश करते हुए राज्य को लगातार समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सरकार के सत्ता में आने में लड़की बहिन योजना की सफलता को अहम कारक बताया और लोगों का विश्वास जीतने और नवगठित महायुति सरकार को राज्य में मजबूत पैर जमाने में मदद करने में इसकी अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने वित्त वर्ष 26 के लिए राज्य का बजट पेश करते हुए मुंबई में तीसरे हवाई अड्डे की योजना की घोषणा की। पवार ने राज्य विधानसभा में बोलते हुए कहा कि मुंबई का नया हवाई अड्डा वधवन बंदरगाह के पास प्रस्तावित किया जाएगा और मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन स्टेशन इस बंदरगाह के पास होगा। वर्तमान में, भारत के वित्तीय केंद्र में दो हवाई अड्डे हैं, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, जो मुम्बई महानगर क्षेत्र में स्थित है, और दूसरा नवी मुम्बई में स्थित है, जिसके इस वर्ष मई में चालू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की नयी औद्योगिक नीति 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 50 लाखरोजगार पैदा करने पर केंद्रित होगी।

## भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या 1.1 लाख के हुई पार

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। महिला कर्मचारियों की यह कुल संख्या 1.13 लाख को पार कर गई है, जो कुल वर्कफोर्स का 8.2 प्रतिशत है। यह संख्या 2014 में 6.6 प्रतिशत थी। रेलवे नेटवर्क में प्रमुख परिचालन नौकरियों में महिलाएं बड़ी भूमिका निभा रही हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वर्तमान में 2,162 महिलाएं लोको पायलट के रूप में काम कर रही हैं, जबकि 794 महिलाओं ने ट्रेन मैनेजर (गार्ड) की भूमिका निभाई है। इसके अलावा, पूरे भारत में 1,699 महिला स्टेशन मास्टर तैनात हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला लोको पायलट और स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है। परिचालन भूमिकाओं के अलावा, महिलाएं प्रशासनिक और रखरखाव क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रेलवे में 12,362 महिला कार्यालय कर्मचारी और 2,360 महिला पर्यवेक्षक हैं। ट्रैक रखरखाव में, जो परंपरागत रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र रहा है, अब 7,756 महिलाएं ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं, जिनमें से 4,446 टिकट चेकर के रूप में और 4,430 देश भर के रेलवे स्टेशनों पर 'पॉइंट्समैन' के रूप में काम कर रही हैं। इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने जेंडर इंक्लूसिविटी में विश्वास बढ़ाने के लिए सभी महिला टीमों के साथ कई रेलवे स्टेशनों का संचालन किया है। इनमें माटुंगा, न्यू अमरावती, अजनी और गांधीनगर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय रेलवे, जो दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है, जिसके विशाल नेटवर्क में 12.3 लाख से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में संसद में एक प्रश्न के उत्तर में कहा, "निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्र हैं।"

## हम एक बेहतर टीम से हारे : मिचेल सैंटनर



**दुबई।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत से हारने के बाद कहा कि वह एक बेहतर टीम से हारे। सैंटनर ने मैच के बाद कहा, ''यह हमारे लिए एक अच्छा टूर्नामेंट रहा। हमें पूरे सफर में चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन जिस तरह हमने एक समूह के रूप में खुद को विकसित किया, वह काबिल-ए-तारीफ़ है। आज हमें एक बेहतर टीम ने हराया। पूरे टूर्नामेंट में हर किसी ने योगदान दिया और अलग-अलग मौकों पर आगे बढ़कर जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा,'' हमने अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन पावरप्ले के बाद कुछ विकेट गंवा दिए और फिर उन्होंने हम पर दबाव बना दिया। उनके स्पिनर्स ने जिस तरह गेंदबाजी की, उसका पूरा श्रेय उन्हें जाता है। वे वर्ल्ड-क्लास गेंदबाज हैं। हम अपनी उम्मीद से 20-25 रन कम रह गए।''ग्लेन फिलिप्स के बेहतरीन ढंग से कैच लपकने के बारे में पूछे जाने पर सैंटनर ने कहा,''वह बार-बार ऐसा करते हैं! जिस तरह रोहित और शुभमन ने शुरुआत की, वह शानदार था। इस पिच पर रोहित का लगभग रन-ए-बॉल खेलना बेहतरीन था। हमें पता था कि खेल तेजी से बदल सकता है, और वही हुआ।''

# मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने नहीं जा रहा हूं : रोहित

"मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने नहीं जा रहा हूं। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं ताकि आगे कोई अफवाह नहीं फैलाई जाए। देखते हैं अभी कोई फ्यूचर प्लान नहीं है, जो हो रहा है चलता रहेगा।"



**दुबई(आईएएनएस)।** पिछले करीब एक साल में रोहित शर्मा ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। उन्होंने पिछले साल जून में भारत को टी-20 विश्व कप चैंपियन बनाया था, लेकिन इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में उनका प्रदर्शन काफी खराब रहा। लगातार बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों में फेल होने के कारण उन्हें आलोचकों ने निशाने पर लिया और उन्हें टीम से हटाए जाने तक की मांग होने लगी। अब 9 मार्च, 2025 की तारीख को रोहित ने पूरे भारत को ऐसी खुशी दी है जिसके बाद उनकी आलोचना करने वालों में तगड़ी कमी देखने को मिलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतकर रोहित ने लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में अपनी शानदार कप्तानी को जारी रखा है। रोहित ने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को आतिशी शुरुआत दिलाई और अपनी अर्धशतकीय पारी से शुरुआत में ही उन्हें मैच से बाहर कर दिया था। इस मैच से पहले अटकलों का बाजार काफी गर्म था कि रोहित वनडे से अपने संन्यास का भी ऐलान कर सकते हैं, हालांकि मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया।

### प्लेयर ऑफ द मैच बनने पर रोहित ने कहा

फाइनल में रोहित काफी शानदार बल्लेबाज़ी कर रहे थे और ऐसा लग रहा था कि शतक लगाएंगे, लेकिन वह स्टंपिंग का शिकार हो गए थे। स्पिनर के खिलाफ आगे निकलने के बाद रोहित को बहुत कम ही इस तरह आउट होते देखा गया है। उन्होंने कहा, "पैरों का इस्तेमाल करना कुछ ऐसा है जो मैं अब काफी समय से कर रहा हूं। इससे पहले इसी कोशिश में आउट भी हुआ हूं, लेकिन मैंने कभी इस रणनीति से हटने की नहीं सोची। यह खेल को आसान बनाता है और आपको आजादी देता है। यही कारण है कि मैं बल्लेबाजी में गहराई चाहता था--जडेजा का नंबर 8 पर आना आपको यह आत्मविश्वास देता है कि आप खुलकर खेल सकते हैं। अगर रणनीति काम कर जाती है तो ठीक, नहीं भी तो कोई बात नहीं।

## भवानी देवी ने ओजाकी को हराया



**एथेंस(आईएएनएस)।** भारतीय फेंसर भवानी देवी ने 2025 कूप एक्रोपोलिस में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता सेरी ओजाकी को रोमांचक मुकाबले में हराया। हालांकि, अगले दौर में उनका अभियान छोटा हो गया क्योंकि उन्हें टेबल ऑफ 64 के मैच में चीन की झांग झिन्यी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। टोक्यो 2020 खेलों में भारत की पहली ओलंपिक फेंसर के रूप में इतिहास रचने वाली भवानी का पिछले एक साल में सफर चुनौतीपूर्ण रहा है, वे 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन से चूक गईं। लेकिन एथेंस में, उन्होंने ओजाकी जैसे कठिन प्रतिद्वंद्वी को हराकर अपनी क्षमता दिखाई, प्रारंभिक टेबल ऑफ 64 मैच में 15-14 से रोमांचक जीत हासिल की।

## सीडब्ल्यूजी महासंघ का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर दिया गया

**लंदन(आईएएनएस)।** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने 'मोर इन कॉमन' ब्रांड अभियान के तहत अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर लिया है। यह घोषणा राष्ट्रमंडल दिवस के अवसर पर की गई, जो मार्च के दूसरे सोमवार को राष्ट्रमंडल देशों का वार्षिक उत्सव है। शासी निकाय ने एक बयान में कहा, "राष्ट्रमंडल दिवस वह तिथि भी है जब हम खेल महासंघ से खेल आंदोलन में परिवर्तित होते हैं, राष्ट्रमंडल खेल हमारा सार्वजनिक नाम बन जाता है।" कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की सीईओ कैटी सैडलेयर ने कहा, "कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के रूप में एक आंदोलन के रूप में विकास हमें एक मजबूत, अधिक एकीकृत उद्देश्य प्रदर्शित करने की अनुमति देता है जो हमारे दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर प्रतिध्वनित होता है।" "यह हमें न केवल कॉमनवेल्थ गेम्स के शक्तिशाली मंच को वितरित करने की हमारी भूमिका को और अधिक स्पष्ट रूप से संप्रेषित करने में मदद करेगा - जो हमें सफलता साझा करने और प्रेरणा को प्रभाव में बदलने की अनुमति देता है - बल्कि हमारे 74 देशों और क्षेत्रों में हर दिन होने वाले असाधारण काम को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा।''उन्होंने कहा, "यह परिवर्तन अधिक सहयोग, अधिक प्रभावशाली संदेश और हमारे उद्देश्य से जुड़ने वालों के लिए एक प्रवर्धित भावना को सक्षम बनाता है," उन्होंने कहा। "कॉमनवेल्थ स्पोर्ट लोगो अपने उत्सव चिह्न के साथ कुछ समय से उपयोग में है।

## पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर बहुत गर्व है: पीसीबी अध्यक्ष नकवी

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सोमवार को देश में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी के लिए अपनी टीम को धन्यवाद दिया और इसे "दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए ऐतिहासिक घटना" करार दिया। रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हरा दिया, जिसके साथ ही आठ टीमों की प्रतियोगिता, जिसकी आधिकारिक मेजबानी पाकिस्तान ने की थी, समाप्त हो गई। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया और अपने सभी मैच दुबई में खेले। यह पाकिस्तान का पहला बड़ा आईसीसी टूर्नामेंट था, इससे पहले उसने 1996 में भारत और श्रीलंका के साथ वनडे विश्व कप की सह-मेजबानी की थी। नकवी ने सोमवार को एक्स पर लिखा, "मैं समर्पित पीसीबी टीम, सतर्क कानून प्रवर्तन एजेंसियों, सहायक प्रांतीय सरकारों, सम्मानित आईसीसी अधिकारियों और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने वाली शानदार क्रिकेट टीमों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं। आपकी प्रतिबद्धता और सामूहिक प्रयासों ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित किया, जिससे यह एक शानदार सफलता बन गई।"

## रोहित की फिटनेस से ज्यादा टीम इंडिया को उनके नेतृत्व की जरूरत है: प्रवीण आमरे

**मुंबई।** कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर चल रहे विवाद के बीच, भारत के पूर्व बल्लेबाज प्रवीण आमरे का मानना है कि सलामी बल्लेबाज की फिटनेस से ज्यादा टीम इंडिया को उनके नेतृत्व कौशल की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने देश को तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दिलाया है। भारत ने न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर लगातार दूसरा आईसीसी खिताब जीता। 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित ने 76 रनों की पारी खेली, जिसके बाद श्रेयस अय्यर (48) और केएल राहुल (नाबाद 34) ने दुबई की धीमी और मुश्किल पिच पर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आमरे ने 'आईएएनएस' से कहा, "यह हम सभी के लिए खुशी का पल था। जब टीम इंडिया आईसीसी ट्रॉफी जीतती है तो हम सभी खुश होते हैं। वे एक टीम के रूप में खेले और हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा क्रिकेट खेला।

## चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में नहीं दिखा पीसीबी का कोई भी प्रतिनिधि

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी का 20 दिनों तक चला क्रिकेट महाकुंभ दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को भारत के चैंपियन बनने के साथ समाप्त हुआ। भारत की ऐतिहासिक जीत के बाद पाकिस्तान की ओर से एक नया विवाद खड़ा हो गया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का कोई भी प्रतिनिधि ट्रॉफी वितरण समारोह में मौजूद नहीं था। पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने इस मुद्दे को सोशल मीडिया पर उठाते हुए कहा, "भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली, लेकिन मुझे एक अजीब बात नजर आई।



## भारतीय टीम अगले आठ साल तक दुनिया भर की टीमों का सामना करने के लिए तैयार : कोहली

**दुबई(आईएएनएस)।** पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का मानना है कि भारत के पास अगले आठ सालों के लिए "दुनिया भर की टीमों का सामना करने" के लिए एक मजबूत टीम है। उन्होंने यह बयान रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद दिया।

कोहली ने कहा, "जब आप संन्यास लेते हैं, तो आप चाहते हैं कि टीम बेहतर स्थिति में हो, मुझे लगता है कि हमारे पास एक ऐसी टीम है जो अगले आठ सालों के लिए दुनिया भर की टीमों का सामना करने के लिए तैयार है। शुभमन गिल ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। श्रेयस अय्यर अद्भुत हैं और उन्होंने कई मैचों में अच्छा खेल दिखाया है, केएल राहुल ने मैच फिनिश किए हैं, और हार्दिक पांड्या बल्ले से बेहतरीन रहे हैं।"

कोहली ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की जीत कुछ हद तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में मिली हार से टीम को उबारने में मदद करेगी। कोहली ने कहा, " हम ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद वापसी करना चाहते थे और एक बड़ा टूर्नामेंट जीतना चाहते थे, और हम अंततः यह कर पाए, तो यह शानदार अहसास है।" जीत के बाद गिल के पास खड़े होते हुए, कोहली से पूछा गया कि जब वह इस प्रारूप से संन्यास लेंगे तो ड्रेसिंग रूम को बेहतर स्थान पर छोड़ने के बारे में उनके क्या विचार हैं? उन्होंने कहा, "हमारे ड्रेसिंग रूम में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। वे अपना खेल और बेहतर बनाना चाहते हैं और हम (सीनियर खिलाड़ी) बस उनकी मदद करने में खुश हैं, अपना अनुभव साझा कर रहे हैं और यही भारतीय टीम को इतना मजबूत बनाता है।" "यह वही चीजें हैं जिनके लिए आप खेलते हैं--खिताब जीतने के लिए, दबाव में खेलने के लिए और जिम्मेदारी उठाने के लिए। पूरे टूर्नामेंट के दौरान हर खिलाड़ी ने कभी न कभी आगे बढ़कर जिम्मेदारी ली और प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

## मुंबई सिटी को शीर्ष छह में जगह बनाने के लिए बेंगलुरु एफसी के खिलाफ ड्रा की जरूरत

**बेंगलुरु(आईएएनएस)।** बेंगलुरु एफसी मंगलवार को यहां श्री कांतीरवा स्टेडियम में इंडियन सुपर लीग 2024-25 में मुंबई सिटी एफसी की मेजबानी करेगा। 33 अंकों के साथ सातवें स्थान पर काबिज आइलैंडर्स को छठे स्थान पर काबिज ओडिशा एफसी से आगे निकलने और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लिए सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत है। हालांकि, आइलैंडर्स अपने पिछले चार मैचों में जीत दर्ज नहीं कर पाए हैं, दो-दो बार ड्रॉ और हार का सामना करना पड़ा है। ब्लूज ने शीर्ष छह में जगह बना ली है और वर्तमान में 23 मुकाबलों में 38 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। ब्लूज को आइलैंडर्स के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है।



## एलन मस्क का 'एक्स' हुआ डाउन, प्लेटफॉर्म एक्सेस करने में यूजर्स को आई परेशानी



**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स सोमवार को भारत समेत दुनियाभर में ग्लोबल आउटेज के चलते डाउन हो गया। एक्स के डाउन रहने से कई यूजर्स माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म को एक्सेस नहीं कर पा रहे थे। एक्स, जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था, डाउन होने की वजह से लाखों यूजर्स के लिए काम नहीं कर रहा था। कंपनी की ओर से अभी तक इस मेगा आउटेज को लेकर किसी भी तरह की आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। एक्स दिन में कम से कम 30-40 मिनट तक डाउन रहा, जिसके बाद प्लेटफॉर्म कुछ यूजर्स के लिए काम करने लगा। प्लेटफॉर्म आउटेज ट्रैकिंग प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर के अनुसार, एक्स आउटेज दोपहर करीब 3 बजे अपने पीक पर था। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, "क्या एक्स डाउन है? क्या किसी और को भी इस तरह की परेशानी आ रही है? मैं एक्स पर कमेंट सेक्शन को ओपन नहीं कर पा रहा हूं।" डाउनडिटेक्टर ने एक्स डाउन होने को लेकर यूजर्स की शिकायतों में उछाल की रिपोर्ट की है। एक्स डाउन होने के चलते यूजर्स फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे दूसरे प्लेटफॉर्म पर सोशल मीडिया साइट के बारे में अपनी शिकायतें दर्ज करवाने के लिए पहुंचे। डाउनटाइम के दौरान एक्स पूरी तरह से काम करना बंद कर देता है, जबकि यूजर्स ट्वीट पोस्ट करने या प्लेटफॉर्म पर पेज खोलने में असमर्थ होते हैं। एक्स को 2022 में मस्क ने 44 बिलियन डॉलर में खरीदा था। हाल ही में टेक अरबपति ने अपने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए टॉप-टायर सब्सक्रिप्शन सर्विस (प्रीमियम प्लस) की कीमतों में 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की। कंपनी ने भारत में नए और मौजूदा दोनों यूजर्स के लिए कीमतों में वृद्धि की। इसमें ग्लोबल मार्केट भी शामिल हैं। भारत में प्रीमियम यूजर्स अब 1,750 रुपये प्रति माह का भुगतान करते हैं, जो कि वर्तमान में 1,300 रुपये से बढ़कर लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि है। इसी तरह, सालाना आधार पर, देश में प्रीमियम यूजर्स 18,300 रुपये का भुगतान करते हैं।

# बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन का योगदान 45 प्रतिशत पहुंचा : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** केंद्रीय रेल, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल से एक पोस्ट शेयर कर कहा कि एनर्जी जनरेटेड और पावर जनरेशन कैपेसिटी दोनों अलग-अलग हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि 100 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट समान क्षमता वाले सोलर प्लांट की तुलना में ज्यादा एनर्जी जनरेट कर सकता है। उन्होंने कुल स्थापित क्षमता को लेकर भी जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, कुल स्थापित क्षमता में सोलर एनर्जी 21.52 प्रतिशत, विंड एनर्जी 10.37 प्रतिशत, कोल 47.29 प्रतिशत, हाइड्रो 10.07, न्यूक्लियर 1.75 प्रतिशत, ऑयल एंड गैस 5.45 प्रतिशत, स्मॉल हाइड्रो 1.09 प्रतिशत, बायो 2.45 प्रतिशत का योगदान देते हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने कहा देश में कुछ अलग बेहतर हो रहा है



"प्रति व्यक्ति आय 3,000 डॉलर वाले देश में गैर जीवाश्म ईंधन से बिजली उत्पादन क्षमता का कितना प्रतिशत आता है, इस सवाल का जवाब 5 प्रतिशत या 7 प्रतिशत मिलता है। लेकिन, जब मैंने वास्तविक आंकड़ा साझा किया कि यह बिजली उत्पादन क्षमता का कुल 45 प्रतिशत है तो हर किसी को लगा, हां, देश में कुछ अलग, कुछ बेहतर हो रहा है।" उन्होंने आगे कहा कि हमारे प्रधानमंत्री प्लेनेट सेविंग, क्लाइमेट चेंज, सस्टेनेबल डेवलपमेंट को लेकर कमिटेड हैं, जो कि हर क्षेत्र में दिखाई देता है। रेलवे की ही बात करें तो इस साल हम 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिफाइड नेटवर्क स्थापित करने जा रहे हैं। इसके अलावा हम नेट जीरो लक्ष्य पर भी काम कर रहे हैं।



भारत क्लीन एनर्जी में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है।

## वित्त वर्ष 2026 में भारतीय फार्मा बाजार में 8-9 प्रतिशत की वृद्धि होगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** वित्त वर्ष 2026 में भारतीय फार्मा बाजार में सालाना आधार पर 8-9 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। सोमवार को जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (आईएनडी-आरए) की रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025 में इस सेक्टर की वृद्धि सालाना आधार पर 7.5-8.0 प्रतिशत रहेगी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के एसोसिएट डायरेक्टर कृष्णनाथ मुंडे ने कहा कि "भारतीय फार्मा बाजार में वित्त वर्ष 2024 में सालाना आधार पर 6.5 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2023 में सालाना आधार पर 9.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी।" इस साल फरवरी में फार्मा बाजार ने सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत का राजस्व दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह कीमत और नए लॉन्च में आई वृद्धि की वजह से देखी गई। कीमत में वृद्धि सालाना आधार पर 5.2 प्रतिशत और नए लॉन्च में सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कार्डियक थेरेपी ने फार्मा बाजार में एमएटी में 10.8 प्रतिशत की वृद्धि और मासिक बाजार हिस्सेदारी में 13.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। इसके बाद गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी/सेंट्रल नर्वस सिस्टम और डर्मेटोलॉजी का स्थान रहा।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 217 अंक फिसला




**मुंबई(आईएएनएस)।** भारतीय शेयर बाजार के लिए सोमवार का कारोबारी सत्र नुकसान वाला रहा। बाजार के करीब सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 217.41 अंक या 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,115.17 और निफ्टी 92.20 अंक या 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,460.30 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में बड़ी गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 750.50 अंक या 1.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 48,440.10 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 306.15 अंक या 1.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,198.15 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, रियल्टी, एनर्जी, इन्फ्रा,कमोडिटी और मीडिया इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। केवल एफएमसीजी इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुआ है। सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, एचयूएल, इन्फोसिस, नेस्ले, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मा और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे। इंडसइंड बैंक, जोमैटो, एलएंडटी, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा टॉप लूजर्स थे। व्यापक स्तर पर शेयर बाजार में गिरावट का रुझान था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,204 शेयर हरे निशान में, 2,879 शेयर लाल निशान में और 146 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।

## भारत में पूंजीगत व्यय में उछाल, राज्य स्तर पर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स में आएगी तेजी : जेफरीज

**मुंबई(आईएएनएस)।** वैश्विक ब्रोकरेज जेफरीज की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार भारत में पूंजीगत व्यय में शानदार वृद्धि हुई है और आने वाले महीनों में भी वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है, क्योंकि कई क्षेत्रों में मजबूत निवेश देखने को मिल रहा है। जेफरीज के शोध प्रमुख और प्रबंध निदेशक महेश नंदुरकर को उम्मीद है कि फरवरी और मार्च में पूंजीगत व्यय में वृद्धि मजबूत रहेगी। यह सरकार के संशोधित बजट अनुमानों के अनुरूप है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्रियल विकास के लिए निरंतर प्रयास का संकेत देता है। नंदुरकर ने कहा, "ये अपेक्षित स्तर पर है, लेकिन यह तथ्य कि यह हो रहा है आत्मविश्वास को बनाए रखता है।

# 13 को होलिका दहन व 14 को मनेगी, दो दिनों पर्व से बनी असमंजस की स्थिति

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** वर्ष 2025 में होली पर्व दो दिनों मनाए जाने से लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी है। बावजूद हैदरनगर के कुकही में आयोजित होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का सोमवार को समापन में स्पष्ट किया गया कि होलिका दहन 13 मार्च जबकि 14 मार्च को अधिकांश इलाके में होली मनाए जाने की जानकारी है। मौके पर मौजूद भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि इस साल इस पर्व को मनाने में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। गुरुवार 13 मार्च को होलिका दहन होने से 14 मार्च शुक्रवार को होली होना चाहिए। किन्तु इस बार ऐसा नहीं मानकर होली शनिवार को खेले जाने की भी चर्चा है। उन्होंने कहा कि इस दुविधा को दूर करते हुए ज्योतिष जिज्ञासु पंडित कुंडल तिवारी ने बताया है कि विक्रम संवत 2081 के अंतिम वर्ष की फाल्गुनी पूर्णिमा 13 मार्च गुरुवार को दिन 10. 02 बजे से आरंभ होकर 14 मार्च शुक्रवार को दिन 11. 11 बजे तक रहेगी। होलिका दहन पर इन बातों का ही ध्यान रखा जाता है।



उन्होंने बताया कि होलिका दहन के संबंध में तीन बातों पर विचार किया जाता है। प्रथम यह कि रात्रि में पूर्णिमा होनी चाहिए। द्वितीय भद्रा नहीं हो और तृतीय रात्रि का समय हो। इस वर्ष संपूर्ण रात्रि पूर्णिमा गुरुवार को है। भद्रा नक्षत्र इसी दिन 10. 02 बजे रात्रि से शुरू होकर अगले दिन 10. 37 बजे तक रहेगा। इसी दिन संध्या में सत्य नारायण व्रत की कथा का श्रवण भी करना चाहिए।

## शांति समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय

### अश्लिल हरकत नहीं होगी बर्दाश्त, होली व माहे रमजान को लेकर रहेगा अलर्ट



**मोहम्मदगंज।** होली पर्व को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ रणवीर कुमार ने की। बैठक में अश्लील हरकत, तेज रफ्तार से वाहन, सोशल मीडिया में गलत मैसेज और राहगीरों के साथ अभद्र व्यवहार समेत अन्य मुद्दे पर चर्चा की गई। ऐसी हरकत को गंभीरता से लेते हुए दोषी के विरुद्ध कठोर कदम उठाने की बात पुलिस और प्रशासन की ओर से कही गई। कहा गया कि पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसके साथ ही रमजान माह को लेकर हर नमाज स्थलों पर विशेष चौकसी बरतने की बात कही गई। लोगों से किसी भी अप्रिय घटना और हरकत की सूचना तत्काल देने की अपील करते हुए इस दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में प्रभारी थाना प्रभारी पुअनि शेख अमानुल्लाह, एसआई सुबीर किस्कू, सुरेंद्र तिवारी के अलावा सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह,20-सूत्री समिति अध्यक्ष ज्याउद्दीन खान सहित परशुराम सिंह,इशरार खान, क्यामुद्दीन खां, मुकेश कुमार मेहता, नरेश पाल,जावेद खान, संदेश कुमार,सत्येंद्र राम, मनीष प्रसाद, योगेंद्र सिंह और अनुप कुमार व अन्य कई लोग शामिल थे।

# खिलपर में पुलिस ने की 3 क्विंटल जावा महुआ नष्ट



नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सरहु टोला खिलपर पर पुलिस की टीम अवैध देशी शराब उत्पादन और बिक्री के ठिकानों पर छापेमारी अभियान चलाया है। इस अभियान में दलबल के साथ शामिल प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल और पुअनि अफजल अंसारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर इस गांव में की गई छापेमारी में तीन क्विंटल कई बर्तनों में फुलाए गए जावा महुआ को विनष्ट कर दिया गया है। साथ ही इसके उत्पादन में प्रयोग की जाने वाली बर्तन सहित अन्य सामग्री को भी ध्वस्त किया गया। उन्होंने थाना क्षेत्र में इस कारोबार से जुड़े लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि उनके समक्ष कई रोजगार के अवसर खुले हैं। इस व्यवसाय को कतई नहीं चलने दिया जायेगा। चेतावनी के बाद भी किसी भी गांव में अवैध देशी शराब बनाने और बेचने की सूचना मिली तो उनके विरुद्ध कानून सम्मत पुलिस कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अवैध देशी शराब बनाने को लेकर आगे भी अभियान जारी रहेगा। उन्हें सभी पंचायत प्रतिनिधियों से इस व्यवसाय को समूल नियंत्रण के लिए सहयोग और ससमय सूचना देने की अपील की है।

# पुलिस ने 14 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट किया



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** पुलिस ने सोमवार को थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार की नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाकर थाना क्षेत्र के बालूभांग पंचायत अंतर्गत ग्राम जवाबार टोला रानीदह के अमानत नदी के किनारे लावालौग थाना क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र मे करीब 14 एकड़ में लगे अवैध पोस्ता अफीम की फसल को बारियातू पुलिस ने लाठी डंडो व ट्रैक्टर एवं ग्रास कटर से काटकर कर विनस्ट किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया की पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी की मिली गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी दल का गठन कर दल ने बालूभांग पंचायत क्षेत्र के जवाबार टोला रानीदह जंगल जंगलो मे लगे अवैध पोस्ता की फसल को नस्ट किया गया। थाना प्रभारी ने बातया की इस धंधे मे जुड़े एवं करोबार करने वाले व्यक्तियों को किसी हाल से नहीं बख्शे जायेंगे और दोषियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाती रहेगी। इसके पूर्व भी लगातार कार्रवाई कर पोस्ता खेती को नष्ट किया गया। इस अभियान में बारियातू थाना के सशास्त्र बल के जवान शामिल थे।

## रांची आसपास की खबरें

### आठवीं बोर्ड की परीक्षा में 1142 में से 1115 परिक्षार्थियों ने दी परीक्षा



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में जैक बोर्ड द्वारा आयोजित आठवीं बोर्ड की परीक्षा छह अलग-अलग परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की गई। लापुंग प्रखंड के छह परीक्षा केंद्रों में 1142 परीक्षार्थियों में से कुल 1115 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया जबकि परीक्षा के दौरान कुल 27 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया परीक्षा केंद्र में 271 में से 267 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी यहां चार छात्र छात्राएं अनुपस्थित मिले, जबकि राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय ककरिया परीक्षा केंद्र में 167 में से 159 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। यहां आठ बच्चे अनुपस्थित मिले। राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग के परीक्षा केंद्र में 121 में से 119 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में हिस्सा लिया। जबकि दो बच्चे अनुपस्थित पाए गए। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में 338 में से 330 बच्चों ने परीक्षा दिया जबकि आठ बच्चे अनुपस्थित रहे। राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा में 75 में से 72 बच्चों ने परीक्षा में हिस्सा लिया जबकि यहां तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित मिले। वहीं राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जातालोया परीक्षा केंद्र में 170 में से 168 विद्यार्थी परीक्षा के दौरान उपस्थित मिले। यहां दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सफल बनाने में केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय, डीडीओ सह प्रधानाध्यापक शिव प्रसाद महतो, प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव, प्रभारी प्रधानाध्यापक बहादुर उरांव, प्रभारी प्रधानाध्यापक रेखा आरती कुजूर एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक सुचिता लकड़ा सहित सहायक शिक्षक उत्तम कुमार मंडल, अगुस्टीन लकड़ा, मो समीउल्लाह हक सहित कई वीक्षको ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### ट्रेन से कटकर हाथी की मौत, हटिया-टाटा रूट पर ट्रेन सेवा बाधित



**रांची।** हटिया-टाटा रूट पर ट्रेन से कटकर एक हाथी की मौत हो गयी है। इसकी वजह से इस रूट पर ट्रेन सेवा बाधित हो गयी है। दुर्घटना सोमवार की शाम करीब 7:15 बजे जोना-किता स्टेशन के बीच हुई। इसके बाद से इस रूट पर ट्रेनों का आवागमन रोक दिया गया है। ट्रेन से कटकर हाथी की मौत के बाद वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक से हाथी के शव को हटाने का प्रयास किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक पशु चिकित्सक और हाथी को हटाने के लिए क्रेन नहीं पहुंचा है। डीआरएम से क्रेन की मांग की गयी है। सिल्ली के वनपाल जय प्रकाश साहू ने इस घटना के लिए रेलवे को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने बताया कि हाथी को मंगलवार को दफन किया जाएगा।

### लापुंग थाना परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन

लापुंग। लापुंग थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक के साथ साथ होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। एक ओर शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता बेड़ों के पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम ने किया जबकि बैठक का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने किया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम ने कहा कि होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार का अश्लील गाने बजाने पर प्रतिबंध है उन्होंने कहा कि गलत नियत से जबरन रंग गुलाल डालने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस और आम जनता मिलकर अपराधियो पर लगाम लगा सकते है। उषा मिंज ने स्पष्ट शब्दों में रात दस बजे रात के बाद डीजे बजाने से मना किया। शांति समिति की बैठक के बाद थाना परिसर में ही थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर गिले शिकवे भूलकर एक दूसरे के गाल में अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। देवगांव और नवाटोली की श्याम लाल शेखर सिंह ग्रुप के द्वारा नगाड़ा, मांदर और ढोलक के साथ लोगों को होली गीतों पर झूमने को मजबूर कर दिया । पूरा लापुंग थाना परिसर में होली के गीतों के बीच क्या पदाधिकारी और क्या जनप्रतिनिधि सभी ढोल मंजीरे की थाप पर झूम उठे। थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव के नेतृत्व में लापुंग थाना परिसर मे पहली बार होली पर्व में होली मिलन समारोह के दौरान नागपुरी फगुआ गीतों का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, देवेंद्र वर्मा, एसआई राजेंद्र कुमार महतो, अरुण कुमार साहु, सोनू पंडित, मुखिया सविता उरांव, मालती रानी केरकेट्टा, सरोज मुंडा, मेरी होरो, अलका तिर्की, धुचला मुंडा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य नसीम आलम, समाजसेवी मंगल साहु, इमरान खान, असमुदीन मियां, गंगाधर साहू, अनिल साहु, कंचन साहु सहित सभी दर्जनों ग्रामीण व गणमान्य लोग फगुआ गीतों पर झूम उठे। हायरे पवन सूत हनुमाने, दूईयो काने कुंडल झूलत ... जैसे फगुआ गीतों एवं ढोल मंजीरे की थाप पर देर शाम तक लोग झूमते रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध लोक कलाकार देवगांव निवासी नारायण शेखर सिंह, नंदलाल शेखर सिंह, कलेश्वर दास, संजय कुमार, उदित नारायण महतो, सुदर्शन महतो, रामु उरांव, रविंद्र ठाकुर, रंजीत महतो, विपिन सिंह तथा राहुल महतो ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## जिला ग्रामीण विकास शाखा ने संचालित विभिन्न योजनाओं कि समीक्षा बैठक, बोले उपायुक्त

# योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं

- *लंबित योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने को लेकर किया निर्देशित*



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला ग्रामीण विकास शाखा एवं 15 वे वित द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की गति व धरातल पे हो रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में अबुआ आवास, मिट्टी मोरम रोड, पोटो हो खेल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा कूप संवर्धन योजना, मानव दिवस, बिरसा हरित ग्राम योजना, जॉब कार्ड वेरीफिकेशन, एरिया ऑफिसर एप, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, एनआरएम एक्सपेंडिचर, सोशल ऑडिट, जिओ टैगिंग एवं मनरेगा की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (2016-2022 से 2024-25) एवं बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवास योजना 2016-2017, 2023-2024 तक के पूर्ण-अपूर्ण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित करते हुए कहा कि शेष बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। इस क्रम में सभी बीडीओ को लंबित योजनाओं में अगले 20 दिनों में प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना अंतर्गत लंबित आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के अलावा प्रथम एवं द्वितीय किस्त के भुगतान के कार्य में गति लाने का निदेश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके अलावे बिरसा हरित ग्राम योजना, तालाब एवं कुआं निर्माण आदि से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही योजनाओं के लंबित जिओ टैगिंग को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वैसे सभी योजनाओं जो वर्षों से पेंडिंग पड़े हुए हैं उन्हें अविलंब पूर्ण कराने, मानव दिवस सृजन में प्रगति लाने तथा संबंधित पंचायत अंतर्गत एवं लंबित पोटो हो खेल मैदान सहित अन्य योजना को निर्धारित समय तक पूर्ण करने हेतु सख्त निर्देश दिया।

समीक्षा के क्रम में 15 वीं वित्त आयोग की राशि से संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई। बैठक में विस्तृत रूप से प्रखंडवार संचालित योजनाओं की जानकारी ली गई एवं अविलंब अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक के क्रम में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि समस्त विकास कार्यों को निर्धारित समय अवधी के भीतर पूरा करें। उन्होंने लंबित कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिए।

### बीडीओ ने अधिकारियों व कर्मियों के साथ की बैठक, योजनाओं की समीक्षा

**धुरकी।** धुरकी प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को बीडीओ जुलफिकार अंसारी ने अपने नरेगा कर्मी के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत में नरेगा से चल रहे योजनाओं को ससमय पुर्ण व अन्य विकास कार्य योजनाओं सहित कई मुदों पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में बीडीओ ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजना विभिन्न योजनाओं का पेंशन सहित सभी सरकारी विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को समय से सभी योजनाओं को पूर्ण करने एवं कार्यान्वित योजनाओं में पारदर्शिता पूर्ण संपन्न कराने का निर्देश दिया।

### स्वर्णप्रशन की दवा बच्चों को दी गई

**तेतुलमारी।** सोमवार को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर तेतुलमारी के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रांगण में सुवर्णप्राशन औषधीय पिलाने का आयोजन किया गया।इस अवसर पर भारतीय सभ्यता संस्कृति के अनुरूप विधिवत हवन पूजन के साथ बच्चों को स्वर्णप्रशन की खुराक दी गई। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चितरंजन कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह अशोक कुमार सिंह,अशोक कुमार मालाकार, अशोक गुप्ता, विशाल कुमार सिन्हा, राजकुमार महतो, दशरथ निषाद,राहुल कुमार सिंह, रेणू कुमारी,अपर्णा चटर्जी, मनोरमा कुमारी,रंजना सिंह परमेश्वर झा, मुकुल कुमारी,अजीत सिंह, गौतम प्रमाणिक सहित अभिभावक बंधु भगनी की उपस्थिति में 0 -12 वर्ष तक के लगभग 100 छात्र छात्राओं को स्वर्णप्राशन की प्रथम खुराक दी गई।इस प्रकार के आयोजन से अभिभावकों में काफी उत्साह देखने को मिला। सुवर्ण प्राशन दो शब्दों से बना है सुवर्ण और प्राशन जिसमें स्वर्ण का अर्थ है सोना और प्राशनका अर्थ है चटाना।

# पीएलएफआई उग्रवादी विनोद परहिया गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार पुलिस को उग्रवादियों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने उग्रवादी संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) का सक्रिय सदस्य विनोद परहिया उर्फ अर्जुन परहिया को मनिका थाना क्षेत्र के बरवैया गांव से गिरफ्तार कर लिया है। वह कई वर्षों से फरार था और लातेहार समेत कई जिलों में आतंक और भय का माहौल बना रखा था। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने एक प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि लगातार सूचना मिल रही थी कि विनोद परहिया मनिका क्षेत्र में सक्रिय है। सूचना मिलने पर मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने बरवैया गांव में गुप्त रूप से रेकी कर उसे चारों तरफ से घेर लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार उग्रवादी विनोद परहिया पर हत्या के प्रयास, रंगदारी, हथियार कानून और उग्रवादी गतिविधियों से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। वह व्यापारियों और कंपनियों से लेवी वसूलने, धमकी देने और गोलीबारी करने में माहिर था। एसपी ने बताया कि लातेहार, पलामू और गढ़वा जिलों में उसके खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं। छापामारी टीम में शशि कुमार थाना प्रभारी मनिका, सत्येंद्र कुमार पुअनि, मनिका थाना,रणधीर कुमार सिंह सअनि, मनिका थाना, तकनीकी शाखा/साइबर सेल, लातेहार समेत सशस्त्र बल, मनिका थाना शामिल था।

### जेएमएम के प्रखंड स्तरीय सम्मेलन में कमेटी का हुआ पुर्णगठन

**इटखोरी (चतरा)।** जिले के इटखोरी प्रखंड मुख्यालय स्थित मां तारा होटल में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा सोमवार को प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति, सिमरिया विधानसभा के पूर्व विधायक उमीदवार मनोज चंद्रा, पूर्व जिला सचिव अमरदीप साव, केंद्रीय समिति सदस्य सरोज देवी समेत अन्य उपस्थित थे। प्रखंड स्तरीय सम्मेलन में सर्व प्रथम संगठन के मजबुती पर चर्चा करते हुए प्रखंड कमेटी का पुर्णगठन कर विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से बबलू कुमार केसरी को प्रखंड अध्यक्ष, मकसूद आलम को सचिव, बंटी आलम को उपाध्यक्ष, मोहम्मद खलिद को कोषाध्यक्ष, राजदेव यादव को उपाध्यक्ष चुना गया है। इससे पूर्व सम्मेलन में पहुंचे वरिष्ठ नेता व कार्यकताओं को पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। वहीं नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष ने कहा है कि झारखंड सरकार की हर योजना जनता के बीच पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है।

## भीमचूल्हा में नहीं बिछाई पाइपलाइन, सोलर पैनल से भी भरपूर जल आपूर्ति नहीं

# गर्मी में घास, फूल व पौधों को मुरझाने से बचाने का प्रयास करें : सत्येंद्र चंद्रवंशी

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** पर्यटक स्थल ऐतिहासिक महत्व के भीमचूल्हा में सौर ऊर्जा चालित नई जलापूर्ति व्यस्था से पीने के पानी की सुविधा उपलब्ध हो गई है। मगर, इस योजना के तहत ही घास, फुल व पौधों को सिंचित करने के लिए पाइपलाइन नहीं बिछाया जा सका है। अव्वल, तो सौर ऊर्जा चालित जलापूर्ति में आई खराबी को भी ठीक करने के बाद भी लंबे समय तक टंकियों में पानी का भंडारण संभव नहीं हो पा रहा है। ऐसे में पूरे पार्क एरिया में पाइपलाइन नहीं बिछाने की स्थिति में पुजारी गंगा तिवारी और सहयोगी सत्येंद्र कुमार चंद्रवंशी खुद की व्यस्था से प्लास्टिक पाइप के माध्यम से मुरझा रहे फुल-पौधों और मखमली घास को हराभरा रखने की कवायद कर रहे हैं।



### स्थापना के 5वें वर्ष में भी पटवन की सुविधा पूरी नहीं

ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल का उद्घाटन 16 अगस्त 2021 में तत्कालीन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने किया था।मगर, इसकी स्थापना के चौथे साल में सौर ऊर्जा चालित जलापूर्ति व्यवस्था बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने आई है। बावजूद इसके इससे इस पर्यटक स्थल को हराभरा बनाए रखने के लिए अबतक पाइपलाइन का काम पूरा नहीं किया जाना सवाल खड़े कर रहा है। ऐसे में ऐसी मनमानी और लापरवाही बरतने वाले संबंधित एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की जाने लगी है। बताया गया कि इस स्थल के विवाह मंडप पर स्थापित सोलर पैनल के साथ एक-एक हजार लीटर की क्षमता के दो पानी टंकियों से उसकी दीवार के सहारे नीचे तक चार नल कनेक्शन देने के बाद पूरे पार्क एरिया में पाइपलाइन बिछाने का काम किया जाना है। नल कनेक्शन से पीने पानी की जरूरत तो पूरी होने लगी है। मगर, घास, फूल व पौधों और को मुरझाने से बचाने के लिए अभी भी पुजारी व सहयोगी को मशक्कत करनी पड़ती है। पुजारी गंगा तिवारी पुजारी का इस संबंध में कहना है कि उन्होंने स्थिति से संबंधित एजेंसी को अवगत करा दिया है। एजेंसी ने पाइपलाइन बिछाने के काम को जल्द ही पूरा करने की बात कही है। फिर भी सीमित संसाधन व क्षमता से सिंचित कर इसे हराभरा रखने की कोशिश की जाती है।

## पेज एक के शेष

### पटाखे की दुकान...

घटनास्थल पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। इस घटना से बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं, घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी जिला प्रशासन को जांच का निर्देश दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, गोदरमाना बाजार में कुश कुमार गुप्ता किराना और पटाखे की दुकान चलाते थे। इस दुकान के पीछे गोदाम भी हैं। बताया गया कि पटाखा व्यवसायी कुश कुमार गुप्ता को पटाखा जलाकर दिखाना भारी पड़ गया। वे पड़ोस के दो बच्चे नमन कुमार केसरी और भोला केसरी को पटाखा जलाकर दिखा रहे थे। इसी दौरान पटाखे की दुकान में आग लग गई। चारों तरफ पटाखे फूटने लगे। दुकानदार अपने साथ दो बच्चे, एक कर्मी एवं एक ग्राहक अजीत कुमार केसरी को लेकर अपने पास के बगल वाले गोदाम की दुकान में चले गए और शटर बंद कर दिया, ताकि आग की लपटें दुकान के अंदर तक नहीं जा सके। लेकिन, दुर्भाग्यवश शटर का कुछ भाग खुला रह गया। धुंआ भरने लगा। लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। इसी बीच, पूर्व मुखिया मिथिलेश कुमार यादव, मुखिया प्रतिनिधि शंभु प्रसाद गुप्ता, अशोक गुप्ता, कुछ युवक तथा अन्य लोगों ने आग पर काबू पाने के लिए आसपास के लोगों को मोटिवेट किया तथा बुझाने के लिए भरपूर प्रयास किया। लोगों को यह पता नहीं था कि जिस दुकान में आग लगी है, उसके अंदर में कुछ लोग छुपे हुए हैं। जब जानकारी हुई, तो जेसीबी के सहयोग से दीवार तोड़कर सभी पांचों को बाहर निकाला गया। उम्मीद लगाए लोगों ने पास के छत्तीसगढ़ राज्य के अस्पताल में सभी को भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार के क्रम में चिकित्सकों ने पांचों को दम घुटने से मौत हो जाने की जानकारी दी। घटना के संबंध में पूर्व मुखिया मिथलेश यादव ने बताया कि पटाखा लगातार फूटने की आवाज से जब दौड़कर वहां पहुंचा, तो आग विकराल रूप धारण कर चुका था। दुकान संचालक एवं ग्राहक कहां हैं, कोई नहीं समझ पाया। जबकि, वे लोग बगल के ही पटखा गोदाम में छुप गए थे। जानकारी होती तो शायद उन्हें बचाया जा सकता था। लेकिन, जब तक जानकारी हुई, देर हो चुकी थी। इस हादसे में दुकान के सामने लगी हुई एक मोटरसाइकिल सीजी 15 डीजे 5467 आग में जलकर खाक हो गया है। बाइक रंका थाना क्षेत्र के बेलवादामर ग्राम निवासी अनिल कुमार ठाकुर की बताई जाती है।

### छिन्नमस्तिका मंदिर में...

और असम के कामाख्या मंदिर के बाद दूसरा सबसे बड़ा शक्तिपीठ है। कहा जाता है कि मंदिर 6000 वर्ष पुराना है। यहां मां छिन्नमस्तिका की पूजा होती है। जानकारी के अनुसार, सोमवार को एकादशी होने के साथ-साथ मुंडन का भी मुहूर्त था। इस कारण झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन पूजन और मुंडन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। भीड़ के कारण पूजा में हो रही देरी के कारण श्रद्धालु जल्दी आगे जाना चाह रहे थे, जिससे लाइन टूटने लगी थी। भगदड़ नहीं मचे, इसलिए सुरक्षाकर्मियों को बल प्रयोग करना पड़ा। वहीं, रजरप्पा मंदिर प्रांगण में हुई इस वारदात को लेकर राजनीति भी गर्म हो गई है। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने इस घटना की निंदा की है।

### बोकारो में फंदे...

पुलिस ने सुसाइड नोट के अलावा डॉक्टर का लैपटॉप, मोबाइल सहित अन्य सामान को जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है। घटना की सूचना पाकर मृत डॉक्टर के पिता संजीव कुमार झा और परिवार के अन्य लोग सोमवार को बिहार से बोकारो पहुंचे और पुलिस के समक्ष कागजी कार्रवाई पूरी की। उन्होंने पुलिस के समक्ष दर्ज कराए गए बयान में किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद उन्हें डॉ आर्या का शव सौंप दिया गया। इस घटना से हॉस्पिटल के डॉक्टर और कर्मी स्तब्ध हैं। उन्होंने दिवंगत डॉक्टर की आत्मा की शांति के लिए सोमवार को दो मिनट का मौन रखा और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 'लापता लेडीज' ने मारी बाजी

## कार्तिक और नितांशी बने बेस्ट एक्टर




**जयपुर (हि.स.)**

इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) अवॉर्ड्स का भव्य आयोजन रविवार को जयपुर के जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में हुआ। इस साल का आईफा अवॉर्ड्स फिल्म 'लापता लेडीज' के नाम रहा, जिसने कुल दस अवॉर्ड अपने नाम किए। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला, जिसे किरण राव और आमिर खान ने प्राप्त किया। बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड फिल्म 'भूल भुलैया-3' के लिए कार्तिक आर्यन को मिला, जबकि नितांशी गोयल ने बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब जीता।

समारोह में बॉलीवुड सितारों ने अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस से समां बांध दिया। शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित ने 'घोड़े जैसी चाल... हाथी जैसी दुम' गाने पर डांस कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कटरीना कैफ, रेखा और कीर्ति सेनन ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की भव्यता बढ़ा दी। रेखा ने डायरेक्टर राकेश रोशन के साथ फिल्म 'खून भरी मांग' के गाने 'हंसते-हंसते कट जाए रास्ते' पर परफॉर्म किया, जिसे दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। शाहिद कपूर ने स्कूटर पर स्टेज पर एंट्री लेकर अपनी फिल्मों के सुपरहिट गानों पर शानदार प्रस्तुति दी।

**आईफा अवॉर्ड्स 2025**

इस अवॉर्ड समारोह में किरण राव को फिल्म 'लापता लेडीज' के लिए बेस्ट डायरेक्टर का अवॉर्ड दिया गया, जबकि राम संपत को इसी फिल्म के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का सम्मान मिला। बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल) का अवॉर्ड जुबिन नौटियाल को फिल्म 'आर्टिकल 370' के गाने 'दुआ' के लिए मिला, वहीं बेस्ट प्लेबैक सिंगर (फीमेल) का अवॉर्ड श्रेया घोषाल को फिल्म 'भूल भुलैया-3' के गाने 'अमी जे तोमार 3.0' के लिए मिला। समारोह में रेखा ने राकेश रोशन को 'आउटस्टैंडिंग अचीवमेंट इन इंडियन सिनेमा' अवॉर्ड से सम्मानित किया।

माधुरी दीक्षित ने 'खलनायक' के प्रसिद्ध गाने पर डांस कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया, जबकि करीना कपूर खान ने रेट्रो स्टाइल में 'जीना यहां, मरना यहां' और 'रमैय्या वस्तावैय्या' जैसे गानों पर बेहतरीन प्रस्तुति दी। शाहिद कपूर ने 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' और 'साड़ी के फाल सा' पर धमाकेदार डांस किया। इस रंगारंग आयोजन ने बॉलीवुड की चमक-धमक को एक नई ऊंचाई दी और दर्शकों को यादगार पल प्रदान किए।

### राज्य की धरती भारतीय और वैश्विक सिनेमा के लिए शूटिंग का पसंदीदा स्थान : सीएम भजनलाल शर्मा



इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आईफा अवॉर्ड्स समारोह के सिल्वर जुबली आयोजन के साथ ही जयपुर न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई, और अबुधाबी जैसे उन चुनिंदा शहरों में शामिल हो गया है, जहां आईफा का आयोजन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हमारे राज्य की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को दुनिया भर में एक नई पहचान देगा।

### आईफा के माध्यम से दुनियाभर के लोग राजस्थान की कला एवं संस्कृति से होंगे रुबरु : दीया कुमारी



उपमुख्यमंत्री मंत्री दीया कुमारी ने कहा कि लोगों में बहुत उत्साह है। आईफा आयोजन होने के बाद भी हमारा प्रयास रहेगा कि राजस्थान में इस तरह के ज्यादा से ज्यादा आयोजन किए जाएं। उन्होंने कहा कि आज कई बड़े कलाकार यहां मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं, वे राजस्थान की ओर आकर्षित हो रहे हैं। फिल्म कलाकार राजस्थान में कई जगह जाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहें हैं।

## कनाडा के नए पीएम के तीखे तेवर, ट्रंप को दी चुनौती, कहा

# हॉकी की तरह, व्यापार में भी जीतेंगे

- कार्नी आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे और अगले आम चुनाव में लिबरल पार्टी का नेतृत्व करेंगे
- कार्नी ने अपने विजय भाषण में कहा कि ट्रंप 'कनाडाई श्रमिकों, परिवारों और व्यवसायों पर हमला कर रहे हैं

**ओटावा (आईएएनएस)**

मार्क कार्नी कनाडा के प्रधानमंत्री पद की दौड़ जीत ली है। वह जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे। कार्नी ऐसे समय में देश की कमान संभालेंगे जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ओटावा के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ा हुआ है। कनाडा के केन्द्रीय बैंक और बैंक ऑफ इंग्लैण्ड के पूर्व गवर्नर ने रविवार को लिबरल पार्टी के नेतृत्व की प्रतियोगिता में तीन प्रतिद्वंद्वियों को भारी मतों से हराया। कार्नी ने अब तक किसी भी निर्वाचित पद पर कार्य नहीं किया है।



कार्नी आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे और अगले आम चुनाव में लिबरल पार्टी का नेतृत्व करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 59 वर्षीय कार्नी ने अपने विजय भाषण के दौरान ज्यादातर समय ट्रंप पर हमला बोला। उन्होंने कहा, "अमेरिकियों को कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। हॉकी की तरह, व्यापार में भी, कनाडा जीतेगा। बता दें यूएस प्रेसिडेंट लंबे समय से कनाडा को लेकर हमलावर रहे हैं। वह कई बार कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बता चुके हैं और इसके प्रधानमंत्री को राज्य का गर्वनर। ट्रंप ने ओटावा को अपनी इच्छा के अनुरूप झुकाने के लिए कनाडा से आयातित उत्पादों पर 25 टैरिफ लगाए, हालांकि फिर उन्होंने इनमें से कुछ पर रोक भी लगा दी। कनाडा ने भी जवाबी टैरिफ लगाए। ट्रूडो ने अपने अमेरिकी समकक्ष पर देश की अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। कार्नी ने अपने विजय भाषण में कहा कि ट्रंप 'कनाडाई श्रमिकों, परिवारों और व्यवसायों पर हमला कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "हम उन्हें सफल नहीं होने दे सकते। कार्नी के मुताबिक उनकी सरकार अमेरिकी आयातों पर टैरिफ तब तक जारी रखेगी 'जब तक अमेरिकी हमें सम्मान नहीं देते। कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के ट्रंप के दावे के जवाब में, कार्नी ने कहा, "कनाडा कभी भी किसी भी तरह से, अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा।" उन्होंने कहा, "अमेरिकी हमारे संसाधन, हमारा पानी, हमारी ज़मीन, हमारा देश चाहते हैं।" उन्होंने कहा। "ये काले दिन हैं, एक ऐसे देश की ओर से थोपे गए काले दिन जिस पर हम अब भरोसा नहीं कर सकते। लिबरल नेतृत्व की दौड़ जनवरी में शुरू हुई थी जब ट्रूडो ने लगभग एक दशक तक पद पर रहने के बाद इस्तीफा दे दिया था। मतदाताओं के बीच गहरी अलोकप्रियता के कारण उन पर पद छोड़ने का बेहद दबाव था। लोग आवास संकट और बढ़ती कॉस्ट ऑफ लीविंग से निराश थे।

ट्रूडो ने रविवार को अपनी लिबरल पार्टी को विदाई संबोधन के दौरान चेतावनी दी कि कनाडा को संयुक्त राज्य अमेरिका से "अस्तित्व संबंधी चुनौती" और "आर्थिक संकट" का सामना करना पड़ रहा है।

### नेता प्रतिपक्ष सहित विपक्ष के सदस्यों को फ्रेशर कोर्स कराया जाए : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली** । सोमवार को संसद सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत हुई। इस दौरान कांग्रेस सहित कई विपक्षी दल विभिन्न मुद्दों पर नियम 267 के अंतर्गत सदन में चर्चा चाहते थे। चर्चा की मांग को लेकर सदन में हंगामा हुआ। अनुमति न मिलने पर विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। विपक्ष के इस रवैये पर नेता सदन और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों को फ्रेशर कोर्स कराया जाना चाहिए। जेपी नड्डा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष सहित विपक्ष के सदस्यों को एक रिफ्रेश कोर्स कराया जाए, ताकि इनको संसद के नियम कायदों का पता लग सके। उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। नड्डा ने कहा कि मैं इनके वॉकआउट की निंदा करता हूं और इसे गैर-जिम्मेदार रवैया मानता हूं। जेपी नड्डा ने कहा कि कुछ दिनों से हम देख रहे हैं कि सदन में नियम 267 के तहत कुछ सदस्य सुबह-सुबह नोटिस दे देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नियम 267 के तहत एक बार नहीं बल्कि अनेक बार रूलिंग दी जा चुकी है।



### सोल और वाशिंगटन के संयुक्त सैन्य अभ्यास से नाराज उत्तर कोरिया ने दागी बैलिस्टिक मिसाइलें

**सोल**। उत्तर कोरिया ने सोमवार को पीले सागर की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरियाई सेना ने यह दावा किया। यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में लौटने के बाद प्योंगयांग का पहला ज्ञात बैलिस्टिक मिसाइल टेस्ट है। संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि उन्होंने उत्तरी ह्वांगहे प्रांत के पश्चिमी काउंटी ह्वांगजू के निकट एक क्षेत्र से इस प्रक्षेपण का पता लगाया। जेसीएस ने कहा कि इसमें निकट दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें (सीआरबीएम) या 300 किलोमीटर से कम रेंज की बैलिस्टिक मिसाइलें शामिल हो सकती हैं।

### गाजावासियों के पुनर्वास के लिए 'प्रवासन प्रशासन' स्थापित की योजना बना रहा है इजरायल : मंत्री

**यरूसलम**। इजरायल गाजा पट्टी के फिलिस्तीनी निवासियों को दूसरी जगह बसाने के लिए एक 'प्रवासन प्रशासन' बनाने की योजना पर काम कर रहा है। यह जानकारी इजरायल के वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच ने दी। स्मोट्रिच कट्टर दक्षिणपंथी नेता हैं और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह बयान संसद में एक सम्मेलन के दौरान दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन "लैंड ऑफ इजरायल कॉकस" नामक एक संगठन ने किया था। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, इस सम्मेलन में स्मोट्रिच ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 'गाजा रिवेरा' योजना का जिक्र किया।



### अपने ही नागरिक क्षेत्रों पर बमबारी का मुख्य कारण पायलट की गलती : द. कोरियाई वायुसेना

**सोल** । दक्षिण कोरियाई वायु सेना ने कहा कि देश के नागरिक क्षेत्रों पर बमबारी का मुख्य कारण पायलट की गलती थी। सोमवार को लड़ाकू विमान दुर्घटना की अंतरिम जांच के परिणाम जारी करते वायु सेना ने यह खुलासा किया। गुरुवार को, दो केएफ-16 लड़ाकू विमानों ने लाइव-फायर अभ्यास के दौरान, सोल से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में पोचेन में एक प्रशिक्षण रेंज के बाहर नागरिक क्षेत्रों पर बमबारी की। दोनों विमानों ने आठ 500 पाउंड के एमके-82 बम गिराए गए। बमबारी में 19 नागरिकों सहित 31 लोग घायल हो गए। अंतरिम निष्कर्षों को जारी करते हुए, वायु सेना ने कहा कि लक्ष्य के अक्षांश निर्देशांक गलत तरीके से दर्ज किए गए थे।

### नागरिक स्वतंत्रता रिपोर्ट में पाक के हालात पर जताई गई चिंता

**इस्लामाबाद**। एक नवीनतम वैश्विक रिपोर्ट में पाकिस्तान में नागरिक स्वतंत्रता के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त की गई। यह रिपोर्ट दुनिया भर में सिविल सोसाइटी को मजबूत करने के लिए काम कर रहे नागरिक समाज संगठनों और कार्यकर्ताओं के एक ग्लोबल गठबंधन ने सोमवार को जारी की। पाकिस्तान को अपनी निगरानी सूची में शामिल करने का कारण बताते हुए सिविकस ने कहा कि देश में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, पत्रकारों को निशाना बनाए जाना, मानवाधिकार आंदोलनों, विरोध प्रदर्शनों पर कार्रवाई और डिजिटल प्रतिबंध इसकी वजह है। सिविकस मॉनिटर की 'मानवाधिकार निगरानी सूची 2025' के अनुसार, पाकिस्तान की स्थिति अब 'दमित' के रूप में वर्गीकृत है, जिसका अर्थ है कि देश में सिविक स्पेस काफी सीमित है।

### हिजबुल्लाह ने कहा लेबनान में इजरायली मौजूदगी मंजूर नहीं

**बेरूत**। हिजबुल्लाह के महासचिव नईम कासिम ने दोहराया कि उनका ग्रुप दक्षिणी लेबनान में किसी भी इजरायली मौजूदगी की अनुमति नहीं देगा। अल-मनार टीवी के साथ एक टेलीविजन इंटरव्यू में, कासिम ने कहा कि युद्ध विराम समझौते के दौरान, हिजबुल्लाह ने ऑपरेशन बंद कर दिए लेकिन पूरी तरह से अलर्ट रहा। हिजबुल्लाह महासचिव ने कहा, "पिछले 60 दिनों में, इजरायल ने कई उल्लंघन किए हैं। समझौते में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इजरायल को लिटानी नदी से आगे पीछे हटना होगा।

## ईरान ने कभी परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं की : राष्ट्रपति पेजेशकियन

**तेहरान (आईएएनएस)**

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने दोहराया कि ईरान ने कभी भी परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं की है। उन्होंने सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के धार्मिक आदेश का हवाला दिया, जिसमें ऐसे हथियारों पर प्रतिबंध लगाया गया है। पेजेशकियन ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम की शांतिपूर्ण प्रकृति की पुष्टि के लिए अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ चल रहे सहयोग का जिक्र किया। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, पेजेशकियन ने यह टिप्पणी नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे के साथ फोन पर बातचीत के दौरान की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

ईरानी राष्ट्रपति ने इजरायल पर क्षेत्रीय तनाव की मुख्य वजह होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तेल अवीव ईरान की परमाणु गतिविधियों को सुरक्षा के लिए खतरा बताने के लिए मनगढ़ंत दावे करता है। पेजेशकियन ने यह भी कहा कि ईरान तनाव और संघर्ष को नुकसानदेह मानता है, लेकिन वह अपनी सुरक्षा और हितों के खिलाफ किसी भी खतरे का मजबूती से जवाब देगा। उन्होंने ईरान और नॉर्वे के बीच सकारात्मक संबंधों की प्रशंसा की। ईरानी बयान के अनुसार, नॉर्वे के प्रधानमंत्री



ने ईरान के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने की ओस्लो की इच्छा व्यक्त की और पश्चिम एशिया क्षेत्र में मुद्दों के शांतिपूर्ण समाधान का स्वागत किया और इस संबंध में समर्थन की पेशकश की। बता दें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि वह ईरान के साथ उसके परमाणु मुद्दे पर बातचीत करना चाहते हैं और उन्होंने गुरुवार को ईरानी नेतृत्व को एक पत्र भेजा है। वहीं ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई ने शनिवार को कहा कि कुछ 'धमकाने वाली' शक्तियों की तरफ से बातचीत पर जोर देने का मकसद मुद्दों को हल करना नहीं, बल्कि इस्लामी गणराज्य पर अपनी मांगें थोपना है। खामेनेई के कार्यालय की ओर से जारी फुटेज के अनुसार, खामेनेई ने यह टिप्पणी शनिवार को तेहरान में सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान की। उनका यह बयान ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत के लिए विशेष रूप से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अपील का जवाब था।

## जम्मू-कश्मीर : विपक्ष ने गुलमर्ग फैशन शो पर उठाए सवाल, कहा-

# रमजान में ऐसा कार्यक्रम ठीक नहीं

**जम्मू/नई दिल्ली (आईएएनएस)**

गुलमर्ग फैशन शो को लेकर जम्मू-कश्मीर की सियासत गरमा गई है। जम्मू-कश्मीर के कई दलों के नेताओं ने नाराजगी जाहिर की है कि रमजान के महीने में इस तरह का फैशन शो कैसे आयोजित किया गया। गुलमर्ग फैशन शो को लेकर अब कांग्रेस विधायक निजामुद्दीन भट ने कहा कि अगर मीरवाइज उमर फारूक ने आपत्ति जताई है तो उनकी चिंता जायज है। कांग्रेस विधायक निजामुद्दीन भट ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "रमजान के महीने में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया जाना चाहिए



था। अगर मीरवाइज उमर फारूक ने इस फैशन शो को लेकर आपत्ति जताई है तो वह जायज है। इस मामले में सीएम उमर अब्दुल्ला ने रिपोर्ट मांगी है और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई जरूर होगी।

उन्होंने कठुआ हत्याकांड को लेकर कहा, "मैं सदन में स्थगन प्रस्ताव लाने जा रहा हूं। इस मामले पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच गंभीर चर्चा होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा सांसद गुलाम अली खटाना ने गुलमर्ग फैशन शो को लेकर कहा, "हमारा देश काफी बड़ा है और यहां हर वर्ग के लोग रहते हैं। मुझे लगता है कि राजनीति नहीं होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर की स्वास्थ्य मंत्री सकीना इटू ने गुलमर्ग फैशन शो पर कहा, "रमजान का महीना चल रहा है और गुलमर्ग में ऐसा फैशन शो नहीं होना चाहिए था। मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिए हैं। इसके अलावा पीडीपी विधायक वहीद पारा ने कहा, "मुझे लगता है कि हमें अपमानित करने की कोशिश की जा रही है। बता दें कि गुलमर्ग में इस फैशन शो का आयोजन 7 मार्च को किया गया था। फैशन शो से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें कुछ मॉडल्स सेमी न्यूड कपड़ों में वॉक करते हुए दिखाई दिए।

इसके वीडियो वायरल होने के बाद जम्मू-कश्मीर में सियासत तेज हो गई। इस शो को लेकर मीरवाइज उमर फारूक ने आपत्ति जताई। वहीं, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस मामले में जांच का आदेश दिया है और पूरी रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर मांगी है।


